वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला का पुष्प नं. 125

मुनिचर्या

(यतिक्रियाकलाप)

—संकलन एवं पद्यानुवाद—

चारित्रचक्रवर्ती आचार्यश्री शांतिसागर जी महाराज के प्रथम पट्टशिष्य
आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज की सुशिष्या
गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि

श्री ज्ञानमती माताजी

पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के पावन सानिध्य में
भारत की राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील के करकमलों
द्वारा उद्‌घाटित ''भगवान पार्श्वनाथ 2885वाँ जन्मकल्याणक महोत्सव''
एवं ''विश्वशांति अहिंसा सम्मेलन'' के अवसर पर प्रकाशित

-प्रकाशक-

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान

जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.

फोन नं.- (01233) 280184, 292943

Website : www.jambudweep.org

E-mail : ravindrajain@jambudweep.org

तृतीय संस्करण	पौष कृ. दशमी	मूल्य
500 प्रतियाँ	वीर नि. सं. 2535	160 /-रु.
	21 दिसम्बर 2008	

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान द्वारा संचालित

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला में दिगम्बर जैन आर्षमार्ग का पोषण करने वाले हिन्दी, संस्कृत, प्राकृत, कन्नड़, अंग्रेजी, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के न्याय, सिद्धान्त, अध्यात्म, भूगोल-खगोल, व्याकरण आदि विषयों पर लघु एवं वृहद् ग्रंथों का मूल एवं अनुवाद सहित प्रकाशन होता है। समय-समय पर धार्मिक लोकोपयोगी लघु पुस्तिकाएं भी प्रकाशित होती रहती हैं।

-: संस्थापिका एवं प्रेरणास्रोत :-

परमपूज्य गणिनीप्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी

-: मार्गदर्शन :-

प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी

-: निर्देशन :-

धर्मदिवाकर पीठाधीश क्षुल्लकरत्न श्री मोतीसागर जी महाराज

-: सम्पादक :-

कर्मयोगी ब्र. रवीन्द्र कुमार जैन

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

प्रथम संस्करण, सन् 1991—1100 प्रतियाँ प्रकाशित
द्वितीय संस्करण, सन् 1995—1100 प्रतियाँ प्रकाशित

कम्पोजिंग - ज्ञानमती नेटवर्क

जम्बूद्वीप-हस्तिनापुर (मेरठ) उ.प्र.

सम्पादकीय

–कर्मयोगी ब्र.रवीन्द्र कुमार जैन

भगवान महावीर स्वामी के पश्चात् गौतम गणधर के द्वारा कथित एवं आचार्यों द्वारा लिपिबद्ध किये गये ग्रंथों में मुनियों के आचार संबंधी अनेक ग्रंथ उपलब्ध हैं जिनमें मूलाचार, आचारसार, भगवती आराधना, अनगार धर्मामृत आदि ग्रंथ प्रमुख हैं। इन समस्त ग्रंथों में मुनियों के २८ मूलगुण माने गये हैं तथा इन मूलगुणों के संबंध में इन ग्रंथों में विस्तार से लिखा गया है।

प्रतिक्रमण, सामायिक, स्वाध्याय, देववंदना, गुरुवंदना, नंदीश्वर आदि पर्वों में प्रातः से सायं तक किन-किन भक्तियों के पाठ कहाँ करना है? सामायिक में किस पाठ का उच्चारण करना है, प्रतिक्रमण में कौन सा पाठ करना है? स्वाध्याय किस विधि से किया जाता है? आदि अनेक ऐसी बातें हैं जिनके बारे में साधुवर्ग को जानकारी होना आवश्यक है।

यह मुनिचर्या ग्रंथ पूर्वाचार्यों के द्वारा लिखित परम्परा के अनुसार क्रियाओं को करने के लिए संकलित किया गया है। अन्य स्थानों से भी ऐसे ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं लेकिन कहीं से तो प्रकाशित ग्रंथ में पूर्वाचार्यों के पाठ में संशोधन की प्रक्रिया अपनाई गई है तथा किसी ग्रंथ में पूर्वाचार्यों की आगम विधि का अनुसरण नहीं भी किया जा सका है।

पूज्य गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी की बार-बार यह इच्छा थी कि एक ग्रंथ सम्पूर्ण विधिपूर्वक सर्वांगीण और पद्यानुवाद सहित ऐसा प्रकाशित हो जिसमें इन कमियों को दूर किया जा सके।

इस शताब्दी के प्रथम प्रभावक जैनाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्यश्री शांतिसागर जी महाराज और उनके पश्चात् इस परम्परा के समस्त आचार्यों का सानिध्य पूज्य माताजी ने प्राप्त किया है तथा उनकी क्रियाओं को भी देखा और समझा है। इसके अलावा अपने लगभग ५६ वर्ष के दीक्षित जीवन में अनेक ग्रंथों का बारीकी से पूज्य माताजी ने अध्ययन और अध्यापन भी किया है। इसीलिए आगम की विधिपूर्वक इस ग्रंथ को निबद्ध करने में पूज्य माताजी ने स्वयं अथक परिश्रम किया है।

आशा है साधुवर्ग में यह ग्रंथ समादृत होगा तथा आगम के परिप्रेक्ष्य में अहर्निश की क्रियाओं में यह ग्रंथ साधुओं के लिए सहायक सिद्ध होगा।

भगवान महावीर की परम्परा के दिगम्बर जैनाचार्य श्री कुन्दकुन्द एवं परवर्ती समस्त आचार्यों की तरह आगम प्रणीत क्रियाओं को करते हुए वर्तमान के साधुगण क्रम-क्रम से कर्मों का क्षय करते हुए शीघ्र ही मोक्ष को प्राप्त करें, ऐसी मंगलकामना है।

प्रस्तावना

–गणिनी आर्यिका ज्ञानमती

मुनि-आर्यिका और श्रावक-श्राविका इन सबकी सभी क्रियायें प्रातःकाल से अर्थात् सोकर उठने से ही शुरू होती हैं। उन सबमें सर्वप्रथम णमोकार मंत्र ही पढ़ा जाता है। इस "मुनिचर्या" ग्रंथ में भी सर्वप्रथम मंगलाचरण में इस णमोकार मंत्र को ही रखा है। इसे महामंत्र और अपराजित मंत्र भी कहते हैं। षट्खंडागम के मंगलाचरण में यह मंत्र निम्न प्रकार है—

णमोकार मंत्र —

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।

टीकाकार श्रीवीरसेनाचार्य ने "अतिशयपूजार्हत्वात् वा अर्हंत[1]" इस वाक्य से "अरहंताणं" पद की व्याख्या करके इसे भी शुद्ध माना है। वर्तमान में दिगम्बर जैन संप्रदाय में "अरिहंताणं" और "अरहंताणं" दोनों पाठ प्रचलित हैं।

संस्कृत, प्राकृत भक्तियाँ एवं दैवसिक (रात्रिक), पाक्षिक प्रतिक्रमण आदि सभी पाठ इस ग्रंथ में "क्रियाकलाप[2]" ग्रंथ के आधार से ही लिये गये हैं। अतः इस "मुनिचर्या" में अरिहंताणं और अरहंताणं ऐसे दोनों प्रकार के पदों का प्रयोग आता है, मैंने उसे सुधारा नहीं है चूँकि दोनों पाठ शुद्ध माने गये हैं।

चत्तारिमंगलपाठ—वर्तमान में "अरहंता मंगलं, अरहंता लोगुत्तमा, अरहंते सरणं पव्वज्जामि" इत्यादि, ऐसा विभक्ति सहित पाठ अधिक प्रचलित हो रहा है किंतु इस ग्रंथ में मैंने अरहंत मंगलं, अरहंत लोगुत्तमा, अरहंत सरणं पव्वज्जामि" ऐसा विभक्तिरहित प्राचीन पाठ ही रखा है।

क्रियाकलाप में यही प्राचीन पाठ है। ज्ञानार्णव के ३८ वें अध्याय में पदस्थ ध्यान के अंतर्गत विभक्ति रहित यही प्राचीन पाठ है। प्रतिष्ठातिलक ग्रंथ में भी यही प्राचीन पाठ है अतः यही प्रमाणीक है। सन् १९८३ में मैंने ब्र.माधुरी (वर्तमान आर्यिका चन्दनामती) द्वारा अनेक साधुओं एवं विद्वानों से इस विषय में पत्राचार कराया था। उसमें से पं. पन्नालाल जी साहित्याचार्य के पत्र से विदित हुआ था कि "यह विभक्ति लगाकर संशोधित पाठ श्वेताम्बर परम्परा से आया है।" तथा क्षुल्लक श्री सिद्धसागरजी मौजमाबाद (दीक्षित आ. श्री वीरसागर जी महाराज) के पत्र में था कि "प्राकृत व्याकरण के अनुसार इस पाठ में विभक्तियाँ प्रयुक्त

---

१. षट्खण्डागम पु. १, पृ. ४५। २. "क्रियाकलापः" सम्पादक पं. पन्नालाल सोनी, ब्यावर, मुद्रक-कपूरचंद जैन, महावीर प्रेस, आगरा।

है और "एदे छ च समाणा" सूत्र के अनुसार "आ" और "अ" को समान मानकर अरहंता के "आ" स्थान में "अ" हो गया है। अत: यह विभक्ति सहित पाठ होकर भी विभक्ति रहित दिखता है एवं लाघव की दृष्टि से भी यही पाठ शुद्ध है।" इत्यादि समाधानों से भी हमें यह प्राचीन पाठ ही इष्ट है। अत: इस ग्रंथ में सर्वत्र यही प्राचीन पाठ लिया है।

सामायिकदंडक और थोस्सामिस्तव—कृतिकर्म की विधि मूलाचार ग्रंथ के आधार से इस ग्रंथ में दी गई है उसमें सामायिक दंडक और थोस्सामिस्तव को ही पढ़ना होता है।

इस ग्रंथ में पृ. ५, ६१, १८१ पर ऐसे तीन बार सामायिक दंडक पाठ आया है और पृ. ६, ६३, १८२ पेज पर तीन बार थोस्सामिस्तव पाठ आया है।

"जीवियमरणे लाहालाहे.........." यह टीकाकार का श्लोक है अत: इसे सामायिक दंडक के मूलपाठ में नहीं जोड़ना चाहिए।

थोस्सामिस्तव में "वंदामि रिट्ठणेमिं" पाठ गलत नहीं है। रिट्ठणेमिं का अरिष्टनेमि अर्थ ही निकलेगा।

लघु कृतिकर्म विधि—प्रत्येक भक्तिपाठ की प्रतिज्ञा से सामायिक दंडक व थोस्सामि पढ़ना आवश्यक है। लघुभक्तिपाठ में या कभी समयाभाव में इनको पढ़ने में प्रमाद आ सकता है अत: विधि की पूर्ति के लिए इस पुस्तक में लघु सामायिक दंडक और लघु थोस्सामि पाठ भी पृ. ८-९ पर दिया है। यह लघु पाठ मैंने प्रतिष्ठातिलक ग्रंथ से लिया है अत: प्रमाणीक है।

करोम्यहं—आजकल कुछ साधु-साध्वियां "कुर्वेऽहं" क्रिया को पढ़ने लगे हैं किंतु मुझे यह संशोधन नहीं जँचा है अत: मैंने यहाँ "करोम्यहं" ऐसा आचार्य प्रणीत प्राचीनपाठ ही सर्वत्र रखा है।

सिद्धांतचक्रवर्ती श्रीवीरनंदि आचार्य ने आचारसार ग्रंथ में "करोम्यहं" पाठ ही लिया है। यथा-"क्रियायामस्यां व्युत्सर्गं भक्तेरस्या: करोम्यहं[1]।"

अनगार धर्मामृत में पाक्षिक प्रतिक्रमण के लक्षण की स्वोपज्ञटीका में "करोम्यहं" क्रिया का प्रयोग पंद्रह बार आया है। उदाहरण के लिये देखिये-

"सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं पाक्षिकप्रतिक्रमणक्रियायां......... सिद्धभक्तिकायोत्सर्गंकरोम्यहं[2]।" इत्यादि।

क्रियाकलाप में देववंदना, दैवसिक प्रतिक्रमण, पाक्षिकप्रतिक्रमण एवं अन्य क्रियाओं की प्रयोगविधि में "करोम्यहं" पाठ ही उपलब्ध है।

चारित्रसार ग्रंथ में भी-"चैत्यभक्तिकायोत्सर्गं करोमीति विज्ञाप्य ......इत्यादि पाठों में "करोमि" क्रिया ही है। ऐसा ही सामायिक भाष्य ग्रंथ एवं प्रतिष्ठातिलक ग्रंथ में भी "करोमि,

१. आचारसार पृ. १९१। २. अनगार धर्मामृत मूल संस्कृत अ. ९, पृ. ६५७।

करोम्यहं" पाठ ही उपलब्ध हो रहे हैं। कुल मिलाकर सभी ग्रंथों में इस परस्मैपदी "करोमि" क्रिया ही उपलब्ध हो रही है पुन: इसे बदलकर "कुर्वेऽहं" पाठ क्यों रखा गया? यह विचारणीय है।

भक्तियों एवं प्रतिक्रमण सूत्रों के कर्ता—चैत्यभक्ति, वीरभक्ति तथा दैवसिक-रात्रिक प्रतिक्रमण एवं पाक्षिकादिप्रतिक्रमण इन दोनों प्रतिक्रमणों में प्रतिक्रमणभक्ति और प्रतिक्रमण दंडक सूत्र इनके रचयिता श्री गौतमगणधर देव हैं ऐसा इनके टीकाकार श्री प्रभाचंद्राचार्य ने माना है। यथा-"श्री गौतमस्वामी मुनीनां दुष्षमकाले दुष्परिणामादिभि: प्रतिदिनमुपार्जितस्य कर्मणो विशुद्ध्यर्थं प्रतिक्रमणलक्षणमुपायं विदधानस्तदादौ मंगलार्थमिष्ट-देवताविशेषं नमस्करोति श्रीमते वर्धमानाय नमो नमितविद्विषे[1]" इत्यादि।

सहस्रनाम के टीकाकार श्री अमर मुनिराज ने वीरभक्ति को भी गौतमस्वामी कृत कहा है।

सिद्धभक्ति आदि सभी संस्कृत और प्राकृत भक्तियों के टीकाकार श्री प्रभाचंद्राचार्य ने लिखा है कि-"संस्कृता: सर्वा भक्तय: पादपूज्यस्वामीकृता: प्राकृतास्तु कुंदकुंदाचार्यकृता:[2]।"

संस्कृत की-१. सिद्धभक्ति, २. श्रुतभक्ति, ३. चारित्रभक्ति, ४. योगिभक्ति, ५. आचार्यभक्ति, ६. निर्वाणभक्ति, ७. नंदीश्वरभक्ति, ८. शांतिभक्ति ये आठ भक्तियाँ आचार्य श्री पादपूज्य-पूज्यपाद स्वामी द्वारा रचित हैं।

संस्कृत की चतुर्विंशतितीर्थंकरभक्ति एवं समाधिभक्ति भी श्रीपूज्यपादस्वामीकृत एवं "नि:संगोऽहं जिनानां.........." इत्यादि ईर्यापथ शुद्धि (भक्ति) को भी कुछ विद्वान् श्री पूज्यपाद स्वामी कृत ही मानते हैं।

१. प्राकृतसिद्धभक्ति २. श्रुतभक्ति ३. चारित्रभक्ति ४. योगिभक्ति ५. आचार्यभक्ति ये पाँच प्राकृत भक्तियाँ ही श्री कुंदकुंददेव रचित हैं ऐसा पं. पन्नालाल सोनी ने लिखा है। वे प्राकृत निर्वाणभक्ति के बारे में संदिग्ध थे। किन्तु कुंदकुंद भारती ग्रंथ में पं. पन्नालाल साहित्याचार्य ने पाँचों भक्तियों के साथ ६. प्राकृत निर्वाणभक्ति ७. प्राकृत पंचमहागुरुभक्ति ८. प्राकृत चतुर्विंशतितीर्थंकरभक्ति (थोस्सामि हं जिणवरे.......में अंचलिका जोड़कर) ९. नंदीश्वर भक्ति (अंचलिका मात्र) और १०. शांतिभक्ति (अंचलिका मात्र) को लेकर ऐसी दश भक्तियों को श्रीकुंदकुंददेव कृत माना है।

इन भक्तियों का पद्यानुवाद-भावानुवाद मेरे द्वारा किया हुआ है।

लघु भक्तियाँ—बृहद् भक्तियों के किन्हीं खास श्लोकों को लेकर अंचलिका दे देने से भी लघु भक्तियाँ बन जाती हैं। जैसे चारित्रभक्ति में-

व्रतसमुदयमूल: संयमस्कंधबंधो[3]। इत्यादि अथवा

१. प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी पृ. १ (चारित्र च.आ. श्री शांतिसागर दि. जैन जिनवाणी जीर्णोद्धारक संस्था से प्रकाशित)। २. क्रियाकलाप प्रस्तावना पृ. १०। ३. क्रियाकलाप पृ. ३०२।

तिस्रः सत्तमगुप्तयस्तनुमनो[1].......इत्यादि एक श्लोक पढ़कर अंचलिका बोलना, लघु चारित्र भक्ति बन गई है। श्रुतभक्ति में भी——

"श्रुतमपि जिनवरविहितं.....।" मात्र एक श्लोक बृहद्भक्ति से लेकर अंचलिका जोड़कर लघु श्रुतभक्ति[2] हो गई है।

अन्य कई लघु भक्तियाँ प्रायः क्षेपक श्लोकों को पढ़कर अंचलिका पढ़ लेने से हो जाती हैं। जैसे—"प्रावृट्काले......" इत्यादि से लघु योगिभक्ति बन गई है।

इस ग्रंथ में क्रियाकलाप और प्रतिष्ठातिलक के आधार से लघु भक्तियों को दिया गया है।

निर्वाणभक्ति, नंदीश्वरभक्ति, चैत्यभक्ति, आचार्यभक्ति, शांतिभक्ति और समाधिभक्ति के क्षेपक श्लोक "भक्त्यादिक्रियासंग्रह" पुस्तक से लिए गये हैं। श्रुतभक्ति के क्षेपक श्लोक मेरे द्वारा संकलित हैं।

वर्षायोगप्रतिष्ठापनक्रिया में "स्वयंभुवा भूतहितेन" इत्यादि रूप से श्रीवृषभदेव से लेकर श्रीचंद्रप्रभ भगवान तक जो आठ स्तुतियाँ हैं वे श्रीसंमतभद्रस्वामी विरचित हैं।

आहार प्रत्याख्यान कब करना?——मुनि-आर्यिकायें आहार के लिए निकलते समय आचार्य के पास लघु सिद्धभक्ति और लघु योगिभक्ति पढ़कर प्रत्याख्यान निष्ठापन कर आहार को जावें ऐसा कथन न तो क्रियाकलाप, मूलाचार, अनगारधर्मामृत आदि में ही है और न चा.च. आचार्यश्री शांतिसागर जी की परम्परा में ही रहा है। मैंने सन् १९५६-५७ में आचार्य श्री वीरसागर जी का चरणसानिध्य पाया है। सन् १९५७ से १९६२ तक और १९६८ से १९६९ में समाधि होने तक पूज्य शिवसागर जी के संघ में रही हूँ। अनंतर आचार्य श्री धर्मसागर जी के आचार्यत्व काल में सन् १९७५ तक उनके संघ का लाभ प्राप्त किया है। न तो इन आचार्यों ने कभी ऐसा आदेश दिया था और न कभी ऐसी क्रिया उनके सानिध्य में हुई थी फिर भी यह परम्परा कैसे चल पड़ी और "श्रमणचर्या" में कैसे लिखी गई कौन जाने?

इस "मुनिचर्या" में पृ. ९१ से पृ. ९६ तक आगम के आधार से यह प्रत्याख्यान विधि स्पष्ट की गई है।

दैवसिक प्रतिक्रमण——दैवसिक-रात्रिक प्रतिक्रमण क्रियाकलाप से लिया है। भावरूप पद्यानुवाद मेरे द्वारा रचित है। इस प्रतिक्रमण में जो कुछ संशोधन पाठ हैं उन्हें प्रायः कोष्ठक में रखा गया है या टिप्पण में दे दिया है, मूल में कहीं एक दो जगह परिवर्तन है सो यह परिवर्तन प्रतिक्रमण ग्रंथत्रयी के आधार से ही है। मन से मैंने कहीं भी परिवर्तन या संशोधन नहीं किया है।

"इच्छामि भंते! चरित्तायारो[3]........पाँचों दंडकों में से चार दंडकों में "तेसिं उद्दावणं" पाठ है पाँचवें में "एदेसिं उद्दावणं" पाठ है। तेसिं का अर्थ तेषां और एदेसिं का अर्थ एतेषां है। दोनों में अर्थभेद नहीं है फिर भी प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी में इन दोनों पाठों का ही अर्थ किया है[4]।

१-२. प्रतिष्ठातिलक। ३. प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी पृ. १६६ से १७०। ४. प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी पृ. ८०।

अतः मैंने कई एक साधुओं के कहने पर भी एकरूपता रखने के लिए पाठ नहीं बदला है यथास्थान दोनों पाठ हैं।

आजकल "श्रमणचर्या", श्रमणाचार, विमलभक्ति संग्रह आदि आधुनिक कई एक पुस्तकों में बहुत से पाठ बदले गये हैं। जैसे कि वीरभक्ति के अंतिम श्लोक का तृतीय चरण बदल दिया गया है। जो कि ऐसा है——

क्रियाकलाप	**पृ.**	**श्रमणचर्या**	**पृ.**
देवा वि तस्स पणमंति	६६	देवा वि तं णमंसंति	४०

प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी में टीकाकार ने यही क्रियाकलाप वाला पाठ रखकर इसी की टीका की है। जैसे—

"देवा वि तस्स पणमंति-देवा अपि तस्य प्रणमंति[1]।" इस प्रकार अनेक संशोधन वर्तमान में किये जा रहे हैं किन्तु विचार करने की बात है कि इन टीकाकार प्रभाचंद्राचार्य तक तो यह प्राचीन पाठ ही प्रमाणभूत माना गया है और श्रीटीकाकार भी प्राकृत-संस्कृत व्याकरण व छंद शास्त्रादि के ज्ञाता अवश्य थे फिर भी उन्होंने यह पाठ नहीं बदला है। आजकल ऐसे ही अनेक संशोधन हुये हैं जो कि हमें इष्ट नहीं हैं।

पूर्वाचार्यों ने भी जहाँ कहीं पाठभेद देखे या जहाँ कहीं किसी विषय में मतभेद देखा तो उसमें से एक को हटाकर दूसरे को प्रामाणिक कहने का साहस नहीं किया, बल्कि दोनों को ही मानने का उपदेश दिया है। षट्खंडागम की धवला टीका में श्रीवीरसेनाचार्य ने तो एक जगह यहाँ तक कह दिया कि "श्री एलाचार्य के वत्स-शिष्य को इस विषय में-यह प्रामाणिक है और यह अप्रामाणिक, ऐसी जबान नहीं चलाना चाहिए....।" इत्यादि।

आज भी विद्वान या "साधु-साध्वियों" को पाठ परिवर्तन आदि कार्य नहीं करना चाहिए। प्रत्युत् पापभीरुता रखते हुए प्राचीन पाठ को ही प्रमाण मानना चाहिए।

क्रियाकलाप——इस ग्रंथ का संपादन और प्रकाशन पं. पन्नालाल सोनी ने चा.च.आचार्य श्री शांतिसागर जी की एवं संघस्थ मुनियों की प्रेरणा से वीर नि.सं. २४६२ में किया था। उन्होंने प्राप्त हस्तलिखित गुटका के आधार से और अनगारधर्मामृत के आधार से ही इसे संकलित किया था ऐसा वे स्वयं कहा करते थे अतः यह क्रियाकलाप एक प्रामाणिक ग्रंथ है। आज यह उपलब्ध नहीं है फिर भी साधुओं को इसे प्राप्त कर अवश्य देखना चाहिए व पुनः प्रकाशित कराना चाहिए।

प्रतिक्रमण ग्रंथत्रयी——इसे श्री जिनसेनभट्टारक ने वीर नि. सं. २४७३ में चा.च.आचार्य श्री शांतिसागर दि. जैन जिनवाणी जीर्णोद्धारक संस्था से प्रकाशित किया है। पं. मोतीचंद्र गौतमचंद कोठारी, एम. ए. इसके संपादक थे। इसमें दैवसिक-रात्रिक, पाक्षिक और अष्टमी इन तीन प्रतिक्रमण सूत्रों पर श्रीप्रभाचंद्राचार्य विरचित टीका है। श्रीप्रभाचंद्राचार्य ने इन

१. प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी।

प्रतिक्रमण दंडक सूत्रों को श्रीगौतम स्वामी विरचित कहा है इसमें तीन प्रतिक्रमण होने से ही इसका ''प्रतिक्रमण ग्रंथत्रयी'' यह सार्थक नाम है। विद्वान साधुओं को इसका स्वाध्याय अवश्य करना चाहिए इसका पुनर्मुद्रण भी अति आवश्यक प्रतीत होता है।

अष्टमी का प्रतिक्रमण—यह पाठ पाक्षिक प्रतिक्रमण से लिया गया है। अनगारधर्मामृत में सालोचना चारित्रभक्ति-चारित्रालोचना सहित चारित्रभक्ति पढ़ने का विधान है। प्रतिक्रमण ग्रंथत्रयी में भी अष्टमी के प्रतिक्रमण को पृथक् लिया है। इन्हीं आधारों से अष्टमी की क्रिया में यह प्रतिक्रमण जोड़ा गया है। पद्यानुवाद मेरे द्वारा रचित है। अष्टमी और पाक्षिक प्रतिक्रमण में चारित्रभक्ति के पश्चात् चारित्रालोचना के अंत में दंडक सूत्र हैं—

णवसु बंभचेरगुत्तीसु, चउसु सण्णासु, चउसु पच्चएसु, दोसु अट्टरुद्दसंकिलेस-परिणामेसु, तीसु अप्पसत्थसंकिलेसपरिणामेसु, मिच्छाणाणमिच्छादंसणमिच्छाचरित्तेसु, चउसु उवसग्गेसु, पंचसु चरित्तेसु, छसु जीवणिकाएसु, छसु आवासएसु, सत्तसु भएसु, अट्ठसु सुद्धीसु (णवसु बंभचेरगुत्तीसु) दससु समणधम्मेसु, दससु धम्मज्झाणेसु, दससु मुंडेसु,बारसेसु संजमेसु, बावीसाए परीसहेसु, पणवीसाए भावणासु, पणवीसाए किरियासु, अट्ठारससीलसहस्सेसु, चउरासीदिगुणसयसहस्सेसु, मूलगुणेसु, उत्तरगुणेसु, अट्ठमियम्मि पक्खियम्मि (चउमासियम्मि संवच्छरियम्मि) अइक्कमो वदिक्कमो अइचारो अणाचारो आभोगो अणाभोगो जे तं पडिक्कमामि मए पडिक्कंतं, तस्स मे सम्मत्तमरणं समाहिमरणं पंडियमरणं वीरियमरणं दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ती होउ मज्झं।।१४।।

श्रमणचर्या आदि नई पुस्तकों में इसमें भी परिवर्तन कर दिया है। यथा—

दोसु अट्ट-रूद्द-संकिलेसु-परिणामेसु, तीसु अप्पसत्थ-संकिलेसुपरिणामेसु, मिच्छाणाण-मिच्छादंसण-मिच्छाचरित्तेसु, चउसु उवसग्गेसु, चउसु सण्णासु, चउसु पच्चएसु, पंचसु चरित्तेसु, छसु जीव-णिकाएसु, छसु आवासएसु, सत्तसु भयेसु, अट्ठसु सुद्धीसु, णवसु बंभचेर-गुत्तीसु, दससु समण-धम्मेसु, दससु धम्मज्झाणेसु, दससु मुंडेसु, बारसेसु संजमेसु, बावीसाए परीसहेसु, पणवीसाए भावणासु, पणवीसाए किरियासु, अट्ठारससील-सहस्सेसु, चउरासीदि-गुण-सय-सहस्सेसु, मूलगुणेसु, उत्तरगुणेसु (अट्ठमियम्मि) (पक्खियम्मि), (चउमासियम्मि), (संवच्छरियम्मि)-अदिक्कमो, वदिक्कमो, अइचारो, अणाचारो, आभोगो, अणाभोगो जो तं पडिक्कमामि। मए पडिक्कंतं तस्स मे सम्मत्त-मरणं, समाहिमरणं, पंडियमरणं, वीरिय-मरणं, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइ-गमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसम्पत्ति होउ मज्झं।।

क्रियाकलाप आदि सभी पुस्तकों में 'णवसु' से ही पाठ प्रारंभ है। प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी टीका ग्रंथ में भी पृ. १८६ से १९४ तक 'णवसु' से ही प्रारंभ हुआ है। अत: प्राचीन पाठ ही प्रामाणीक है। अत: पाठ परिवर्तन करके पढ़ना कथमपि उचित नहीं है।

पाक्षिक प्रतिक्रमण—पाक्षिक प्रतिक्रमण में भी पच्चीसों स्थान पर पाठ परिवर्तित हैं।

वे प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी टीका ग्रंथ से भी असंगत हैं। कुछ प्रकरण टीका ग्रंथ में नहीं हैं उन्हें क्रियाकलाप के आधार से ज्यों की त्यों पढ़ना ही मुझे उचित प्रतीत होता है। पाठ बदलने से उसका मूलरूप ही समाप्त हो जायेगा। उदाहरण के लिए देखिये—

विचारणीय-पाठ परिवर्तन—इसी प्रतिक्रमण में वीरभक्ति के पहले श्रावकों के व्रतों का वर्णन करके उनके फल को कहते हुये दंडक सूत्र है–

'जो एदाइं वदाइं धरेइ सावया सावियाओ वा खुड्डय खुड्डियाओ वा अट्ठदहभवण-वासियवाणविंतरजोइसियसोहम्मीसाणदेवीओ वदिक्कमित्तउवरिम-अण्णदरमहड्ढियासु देवेसु उववज्जंति।'

जो श्रावक या श्राविका अथवा क्षुल्लक या क्षुल्लिका इन उपर्युक्त बारह व्रतों को या ग्यारह प्रतिमाओं को धारण करते हैं वे अठारह स्थान को भवनवासी, वान व्यंतर, ज्योतिषी और सौधर्म ईशान स्वर्ग की देवियों को छोड़कर ऊपर के स्वर्गों में से किसी भी स्वर्ग में महर्द्धिक देवों में उत्पन्न होते हैं।

सन् १९५८ में ब्यावर में एक बार ब्र. श्रीलालजी ने कहा कि 'अट्ठदह' पाठ का अर्थ समझ में नहीं आता है अत: इसके स्थान में 'णट्ठदेहा' पाठ हो सकता है।'

कुछ पुस्तकों में उन्होंने ऐसा संशोधन करा दिया किन्तु मैंने कहा–पंडित जी! श्रावक-श्राविका और क्षुल्लक-क्षुल्लिका 'नष्टदेहा:'–देहरहित तो होते नहीं हैं। अत: यह संशोधन मुझे संगत नहीं लगता है। चर्चा के प्रसंग में ऐसी बात आई—

'अठारह स्थान ऐसे ढूंढने चाहिये जहाँ व्रती नहीं जाता हो तथा उन अठारह स्थानों में ये भवनत्रिक और सौधर्म-ईशान की देवियाँ नहीं आनी चाहिए चूँकि इन्हें पृथक् से लिया है। तभी उमास्वामी श्रावकाचार के दो श्लोक स्मृतिपथ में आ गये, वे ये हैं—

सम्यक्त्वसंयुत: प्राणी, मिथ्यावासेन जायते।
द्वादशेषु च तिर्यक्षु, नारकेषु नपुँसके।।८८।।
स्त्रीत्वे च दुष्कृताल्पायु-दारिद्र्यादिकवर्जित:।
भवनत्रिषु षट्भूषु, तद्देवीषु न जायते।।८९।।

सम्यक्त्व से सहित जीव मिथ्यात्व के निम्नस्थानों में नहीं जाता है।

१. पृथ्वीकायिक २. जलकायिक ३. अग्निकायिक ४. वायुकायिक ५. वनस्पतिकायिक ६. दो इंद्रिय ७. तीन इंद्रिय ८. चारइंद्रिय ९. निगोद १०. असंज्ञीपंचेन्द्रिय ११. कुभोगभूमि और १२. म्लेच्छखंड, मिथ्यात्व के इन बारह स्थानों में उत्पन्न नहीं होता है। तथा १३. तिर्यंचों में १४. नरकों में १५. नपुंसक में और १६. स्त्रीवेद में उत्पन्न नहीं होता है।

पुन: पापी, अल्पायु, दारिद्रादि से वर्जित रहता है। यह सम्यग्दृष्टी भवनत्रिकों में, प्रथम नरक से अतिरिक्त छह नरकभूमियों में व स्वर्ग की देवियों में भी नहीं जाता है।

चर्चा में यह बात और आई कि यहाँ प्रतिक्रमण में तो व्रतिक श्रावकों के लिए कथन है अत: व्रतीजन तो सुभोगभूमि और मनुष्य पर्याय में भी नहीं जाते हैं क्योंकि गाथा है कि—

अणुवदमहव्वदाइं ण लहइ देवाउगं मोत्तुं। (गोम्मटसार कर्मकांड)

अणुव्रती और महाव्रती तो देवायु के सिवाय अन्य किसी आयु का बंध ही नहीं कर सकता है। इसलिये उपर्युक्त १६ स्थानों में, १७. सुभोगभूमि और १८. मनुष्य इन दो स्थानों को मिला देने से अठारह स्थान हो जाते हैं। व्रतिक व क्षुल्लक-क्षुल्लिका इनमें नहीं जाते हैं।

ये अठारह स्थान आ. श्रीशिवसागरजी महाराज को भी बहुत ही संगत प्रतीत हुये थे। तब ब्र.श्रीलालजी द्वारा संशोधित पाठ 'णट्ठदेहा' हटा दिया गया था।

उसके बाद वह चर्चा वहीं समाप्त हो गई थी।

कुछ दिन पूर्व श्रमणचर्या में 'अट्ठदह' पाठ को उलट कर 'दहअट्ठ' पाठ लिया गया जिसका अर्थ यह निकाला गया-'दश प्रकार के भवनवासी और आठ प्रकार के वानव्यंतर। पुन: 'श्रमणचर्या' में छपा है-'दह-अट्ठ-पंच' जिसे भवनवासी, वानव्यंतर और ज्योतिषी देवों के भेदरूप से माना गया।

जो भी हो मेरी विचारधारा तो यही है कि यदि कुछ पाठ संशोधित भी करना है तो पुराने विद्वानों के समान उस मूलपाठ को न हटाकर कोष्ठक में उसे देना चाहिए। जैसे कि—

अट्ठदह (दह अट्ठ पंच)

इससे मूल पाठ सुरक्षित रहेगा और अन्य ग्रंथों के आधार से भी साधुओं को व विद्वानों को सोचने का अवसर मिलेगा।

ऐसे ही एक पाठ परिवर्तन और है जो कि अतीव विचारणीय है—मूल पाठ है—'से अभिमदजीवाजीवउवलद्धपुण्णपाव-आसवसंवरणिज्जर बंध मोक्खमहिकुसले।'

अब इसे बदल कर ऐसा पाठ रखा गया है—'से अभिमदजीवाजीवउवलद्ध-पुण्णपावआसवबंधसंवरणिज्जरमोक्खमहिकुसले।'

मूलपाठ में नवतत्त्वों का क्रम यह था-जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष।

परिवर्तित पाठ का क्रम ऐसा हो गया है जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष।

विचार करने से यह समझ में आता है कि-इस मूलपाठ के क्रम के अनुसार ही कुंदकुंददेव ने समयसार में गाथा रखी है—

भूयत्थेणाभिगदा जीवाजीवा य पुण्णपावं च।
आसवसंवरणिज्जरबंधो मोक्खो य सम्मत्तं।।१३।।

और इसी गाथा के क्रम के अनुसार ही श्रीकुंदकुंददेव ने समयसार में अधिकार विभक्त

किये हैं। जीवाजीवाधिकार के बाद पुण्य-पापाधिकार है पुन: आस्रव अधिकार, संवर अधिकार, निर्जरा अधिकार लेकर तब बंध अधिकार है इसके बाद मोक्ष अधिकार है।

क्या इस गाथा को और समयसार के इन अधिकारों के क्रम को भी बदला जा सकता है? नहीं, पुन: यहाँ भी श्रीगौतमस्वामी के मुखकमल से निकले हुए दंडकसूत्रों को बदलना भी उचित नहीं लगता है। षट्खण्डागम—धवलाटीका में कई जगह ऐसे ही नवपदार्थों का क्रम है।

अभी तक हम लोग श्रीकुंदकुंददेव की गाथाओं में कहे गये क्रम को श्री गौतमस्वामी द्वारा कथित प्रतिक्रमण सूत्रों के क्रम से तुलना किया करते थे। ऐसे और भी पाठ हैं। जैसे—

''तवायारो वारसविहो''—में बहिरंग तप में ''सरीरपरिच्चाओ विवित्तसयणासणं चेदि।'' अभ्यंतर तप में भी 'झाणं' विउसग्गो चेदि।' पाठ है।

मूलाचार में भी—''कायस्स विपरितावो विवित्तसयणासणं छट्ठं[1]।।३४६।। और आगे इसी क्रम से इनके स्वरूप का वर्णन किया है। ऐसे ही अभ्यंतर तप में-''झाणं च विउसग्गो अब्भंतरओ तवो एसो[2]।।३६०।।

आगे इसी प्रकार से पाँचवें तप में ध्यान का विस्तृत वर्णन करके छठे तप में व्युत्सर्ग का वर्णन किया है[3]।

''श्रमणचर्या'' में पाठ बदलकर 'विउसग्गो झाणं चेदि।'' ऐसा पाठ रखा है सो कहाँ तक उचित है?

ऐसे ही-इस पाक्षिक प्रतिक्रमण में श्रावकों के बारह व्रतों में शिक्षाव्रतों के नाम इस प्रकार हैं—''तत्थ पढमे सामाइयं, विदिये पोसहोवासयं, तदिए अतिथिसंविभागो, चउत्थे सिक्खावदे पच्छिमसल्लेहणामरणं।''

चारित्तपाहुड ग्रंथ में श्रीकुंदकुंददेव ने भी इसी क्रम से शिक्षाव्रत लिये हैं। ''पाँच अणुव्रत। तीन गुणव्रत-दिशिविदिशिपरिमाण, अनर्थदंडत्याग, भोगोपभोगपरिमाण। चार शिक्षाव्रत-सामायिक, प्रोषधोपवास, अतिथिपूजा और सल्लेखनामरण। ये बारह व्रत हैं। पाँच अणुव्रत तो सर्वत्र सभी ग्रंथों में एक सदृश हैं, गुणव्रत और शिक्षाव्रतों में ही अंतर है। इस प्रतिक्रमण में और चारित्रपाहुड़ ग्रंथ में सल्लेखना मरण को अंतिम शिक्षाव्रत में ही ले लिया है। यथा—

दिसविदिसिपमाणं पढमं अणत्थदंडस्स वज्जणं विदियं।
भोगोपभोगपरिमाणं, इयमेवगुणव्वया तिण्णि।।२५।।
सामाइयं च पढमं विदियं च तहेव पोसहं भणियं।
तइयं अतिहि पुज्जं चउत्थ सल्लेहणा अंते[4]।।२६।।

आदिपुराण ग्रंथ में भी सल्लेखना को चौथे शिक्षाव्रत में लिया है।

पद्यानुवाद—संस्कृत भक्तियों का एवं प्राकृत भक्तियों का पद्यानुवाद मैंने संघस्थ

१. गाथा ३४६ से ३५७ तक। २. गाथा ३६०। ३. गाथा ३६० से ४०८ तक। ४. चारित्रपाहुड़।

आर्यिका श्री रत्नमती माताजी की विशेष प्रेरणा से किया था। वे कहा करती थीं–"माताजी ! आप जैसे संस्कृत के विद्वान साधु-साध्वियां नित्य-नैमित्तिक क्रियाओं की भक्तियों को पढ़ते समय अर्थ समझ लेते हैं किंतु हम जैसे संस्कृत-प्राकृत व्याकरण के ज्ञान से शून्य साधु-साध्वियां अर्थ नहीं समझ पाते हैं अत: आप इन भक्तियों का और प्रतिक्रमण का हिंदी पद्यानुवाद अवश्य कर दीजिए। उनके आग्रह से मैंने सन् १९७२ में ही संस्कृत भक्तियों का पद्यानुवाद किया था बाद में सन् १९७९ में प्राकृत भक्तियों का भी अनुवाद कर दिया था।

"कुंदकुंद का भक्तिराग" नाम से पुस्तक में ये सभी भक्तियाँ पद्यानुवाद सहित छपी हैं किन्तु यह पुस्तक आर्यिका रत्नमतीजी[1] के सामने छपकर नहीं आ पाई थी।

यद्यपि उन्होंने प्रतिक्रमण के पद्यानुवाद के लिए भी बहुत ही प्रेरणा दी थी। इच्छा तो मेरी भी थी किन्तु योग नहीं आया था। किन्तु वर्ष १९९० में क्षु. चितसागर जी के भी कई पत्र प्रतिक्रमण के पद्यानुवाद के लिए आये। उस समय यह मुनिचर्या पुस्तक छप रही थी बल्कि दैवसिक प्रतिक्रमण छप रहा था। तभी[2] कार्तिक कृ. ११ को प्रात: सामायिक के बाद लेखनी उठाई और अनुवाद प्रारम्भ कर दिया। यद्यपि गद्य सूत्रों को पद्य में संक्षिप्त करना कठिन था फिर भी मेरी समझ में अर्थ के जिज्ञासुओं को यह अनुवाद रुचिकर ही होगा।

दैवसिक प्रतिक्रमण व पाक्षिक प्रतिक्रमण के पद्यानुवाद की प्रशस्ति निम्न प्रकार है——

(१) प्रशस्ति——

दोहा——**वीर अब्द पच्चीस सौ-सत्रह कार्तिक सुद्य।**
चौथ तिथि के दैवसिक-प्रतिक्रमण का पद्य।।१।।
गणिनी आर्या ज्ञानमति, किया पूर्ण धर तोष।
पढ़ें अर्थ को समझकर, पावें सुख संतोष।।२।।

(२) प्रशस्ति——

दोहा——**वीर अब्द पच्चीस सौ-सत्रह मगसिर शुद्ध।**
दूज दिवस यतिप्रतिक्रमण-पाक्षिक को कर पद्य।।१।।
गणिनी आर्या ज्ञानमति, पूर्ण किया अनुवाद।
अर्थ समझकर जो पढ़ें, पावें परमाल्हाद।।२।।

त्रिविध स्वाध्याय प्रतिष्ठापन विधि——लघु भक्तियों के अनेक प्रकार होने से इस ग्रंथ में स्वाध्याय प्रारंभ व समापन विधि तीन प्रकार से दी गई है। समय और रुचि के अनुसार इन्हें करना चाहिए।

चतुर्विध आचार्य वंदना——ऐसे ही लघु भक्तियों के अनेक प्रकार की अपेक्षा से

---

१. आर्यिका रत्नमती जी हमारी गृहस्थाश्रम की माँ थीं। इनकी समाधि हस्तिनापुर में १५ जनवरी, १९८५ को हुई है। २. दिनाँक १४-१०-१९९०।

आचार्य वंदना की विधि भी इस ग्रंथ में चार प्रकार की दी गई है। समय और रुचि के अनुसार इन विधियों का प्रयोग करना चाहिए।

मुनिचर्या——दिगम्बर मुनि और आर्यिका एवं ऐलक-क्षुल्लक व क्षुल्लिका इन मयूर पिच्छीधारी चतुर्विध संघ की नित्य-नैमित्तिक क्रियायें ही इस ग्रंथ में ली गई हैं। अनगार धर्मामृत के नवमें अध्याय के आधार से और छपे हुये क्रियाकलाप के अनुसार ही इसमें संपूर्ण क्रियाओं का सप्रमाण वर्णन है।

इस ग्रंथ में तीन खण्ड हैं। प्रथम खण्ड में साधुओं की अहोरात्र की क्रियायें हैं। इसमें वैरात्रिक-पश्चिम रात्रिक स्वाध्याय में पृ. १५ पर जो गणधरवलय मंत्र दिये गये हैं, उनके पढ़ने का आगम में कहीं नियम नहीं है। उन्हें मैंने स्वरुचि से दिये हैं। सामायिक समापन के समय पृ. ७५ पर जो गुर्वावली दी गई है उसके लिए भी कहीं विधान नहीं है जो मैंने गुरु परम्परा से सुना था सो पढ़ते रहने से ही यहाँ मैंने कोष्ठक में दे दिया है।

द्वितीय खण्ड में चतुर्दशी, अष्टमी आदि सम्बन्धी सभी नैमित्तिक क्रियाओं का वर्णन है।

तृतीय खण्ड में सर्वदोषप्रायश्चित विधि व कल्याणालोचना पाठ हैं।

अनंतर सोलह कारण भक्ति, दशलक्षण भक्ति, पंचमेरु भक्ति, जम्बूद्वीप भक्ति, सुदर्शनमेरु भक्ति एवं तीर्थंकर जन्मभूमि भक्ति ये छह भक्तियाँ जो कि मेरे द्वारा रचित हैं, इन्हें भी अंत में दे दिया है। इनके पढ़ने का कोई बंधन न होने से ही मैंने नैमित्तिक क्रियाओं से अलग ही इन्हें दिया है। पुन: दीक्षा नक्षत्र, दीक्षा विधि दी गई है। अंत में एक सरस्वती स्तोत्र दिया है जो कि प्रतिष्ठातिलक ग्रंथ से उद्धृत है इसमें बारह अंगों की तुलना सरस्वती माता के बारह अंगों से की है।

गणधरवलय मंत्र——क्रियाकलाप पृ. ९१ पर गणधरवलय स्तोत्र छपा है——

''जिनान् जितारातिगणान् गरिष्ठान्..........।
श्रीसिद्धिदा: सदृषीन्द्रान्।।१०१।।

इसी पृष्ठ पर टिप्पण दिया है, यथा——

संसूचितो गणधरवलयपाठ: प्रतिक्रमणपुस्तके नोपलब्धोऽत: सकलकीर्तिकृत-गणधरवलयपूजातो निष्कास्य संयोजित:।

इसका अर्थ यह है-सूचित किया गया गणधरवलय पाठ प्रतिक्रमण पुस्तक में उपलब्ध नहीं हुआ अत: मैंने सकलकीर्तिकृत गणधरवलय पूजा से निकालकर इस गणधरवलय स्तोत्र को यहाँ जोड़ दिया है।

मैंने मूलग्रंथ अनगार धर्मामृत पृ. ६५८ पर देखा-

"ततो-यथोक्तपरिकर्मानन्तरं गणी-आचार्य: "थोस्सामि" इत्यादि दंडकं गणधरवलयं च पठित्वा प्रतिक्रामेत्-प्रतिक्रमणदंडकान्-पठेत्।"

मैंने प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी पुस्तक भी पढ़ी थी। उसमें पाक्षिक प्रतिक्रमण के दंडक सूत्रों को संस्कृत टीका में इसी प्रतिक्रमण में कहे गये ''णमो जिणाणं'' आदि ४८ गणधरवलय मंत्रों की टीका है। इन मंत्रों की टीका के बाद पृ. ९६ पर-इति गणधरवलयाख्य प्रतिक्रमणमंगलदंडक:।। ऐसा पाठ आया है।

ब्यावर के सन् १९५८ के चातुर्मास में मैंने ''क्रियाकलाप'' ग्रंथ के संपादक पं. पन्नालाल सोनी को यह पंक्ति दिखायी। तब उन्होंने कहा-''पहले मैंने ''णमो जिणाणं'' आदि ४८ मंत्रों को ''गणधरवलय'' पाठ नहीं समझा था अत: मैंने श्रीसकलकीर्ति विरचित ''गणधरवलयपूजा विधान'' पुस्तक से गणधरवलय स्तोत्र को निकालकर यहाँ जोड़ा था। यह मेरे से गलती हुई है यह स्तोत्र अनावश्यक-अधिक यहाँ जुड़ गया है। अगले संस्करण में इस स्तोत्र को मैं निकाल दूँगा। उन्होंने यह भी कहा-

''माताजी ! आपकी तरफ से दूसरे ग्रंथ से निकालकर यहाँ पाठ बढ़ाने से ''कहीं मेरे से गलत कार्य तो नहीं हो रहा है?'' इसी डर से ही मैंने टिप्पण दे दिया था। आपने प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी दिखा दी सो बहुत ही अच्छा हुआ...... इत्यादि।

अस्तु ! वास्तव में इस टिप्पण से पं. पन्नालाल सोनी आदि पुराने विद्वानों की पापभीरुता व सत्यता स्पष्ट दिखती है। आज के विद्वानों को यह गुण नहीं छोड़ना चाहिए।

सन् १९६२ में ब्र. श्रीलालजी काव्यतीर्थ ने ''शांतिसागर जैन सिद्धांत प्रकाशिनी संस्था'' से मेरे द्वारा लिखित ''यतिक्रियामंजरी'' पुस्तक छपाई थी। उसमें पाक्षिकप्रतिक्रमण में मैंने पं. पन्नालाल सोनी से परामर्श लेकर ही यह ''जिनान् जितारातिगणान्'' इत्यादि स्तोत्र निकाल दिया था[१]।

अभी भी मैंने इस ''मुनिचर्या'' में पाक्षिक प्रतिक्रमण में यह स्तोत्र पाठ मूल में नहीं रखा है किन्तु इस प्रतिक्रमण में इन ४८ गणधरवलय मंत्रों से संबंधित इस स्तोत्र को पृ. १८४ पर दे दिया है।

पाठांतर व पाठ अधिक—'क्रियाकलाप' और 'प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी' में हमें पाठांतर-पाठभेद मिले हैं। उनमें से कतिपय पाठांतरों को मैंने इस ''मुनिचर्या'' में लिया है। कहीं-कहीं पाठांतर को टिप्पण में दिया है तो कहीं मूल में कोष्ठक में दे दिया है। जैसे इस मुनिचर्या में पृ. ४१ पर मूल में 'वीर' पाठ है, प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी के आधार से 'घोर' यह पाठांतर टिप्पण में दे दिया है। ऐसे ही अष्टमी के प्रतिक्रमण में इसमें पृ. १२९ पर 'आहावरे' और 'दुव्वे' पाठ हैं। प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी के आधार से वहीं कोष्ठक में (अहावरे) पाठ दिया है और 'दुव्वे' का पाठभेद 'दोच्चे' टिप्पण में दे दिया है, इत्यादि।

यतिक्रियामंजरी—सन् १९५८ का चातुर्मास ब्यावर (राजस्थान) में हुआ था।

१. यतिक्रियामंजरी पृ. १४३।

आचार्य श्री शिवसागर जी के विशाल संघ में मैं भी थी। मैं कई एक आर्यिकाओं के साथ ऐलक पन्नालाल सरस्वती भवन में ऊपर कमरे में ठहरी थी। उन दिनों मैं दिन में संघस्थ साधु-साध्वी, ब्रह्मचारी-ब्रह्मचारिणी, श्राविकाओं आदि को अध्यापन कराती थी और रात्रि में सामायिक के बाद सरस्वती भवन के अनेक हस्तलिखित ग्रंथों का अवलोकन करती रहती थी और 'यतिक्रियामंजरी'' नाम से मुनि-आर्यिकाओं की नित्य-नैमित्तिक क्रियाओं का लेखन व संकलन भी कर रही थी।

मुनियों की त्रिकाल सामायिक व त्रिकाल देववंदना क्रिया एक ही है। उसकी विधि क्रियाकलाप, अनगार धर्मामृत, चारित्रसार, आचारसार, भावसंग्रह आदि ग्रन्थों में वर्णित है, कहीं संक्षिप्त संकेत हैं तो कहीं विस्तृत वर्णन है। हस्तलिखित संहिताग्रंथ-एकसंधिसंहिता, इंद्रनंदिसंहिता आदि और अकलंक प्रतिष्ठा पाठ आदि अनेक ग्रंथों का अवलोकन कर उनसे देववंदना-सामायिक संबंधी प्रकरण के उद्धरण निकालती रहती थी। इसी प्रकार मुनियों-आर्यिकाओं को रात्रिक प्रतिक्रमण पूर्वाण्ह सामायिक के पहले करना चाहिये इस संबंधी प्रमाण भी निकाले थे।

इस कार्य में पं. पन्नालाल जी सोनी भी रुचि रखते थे और कभी-कभी अनेक उद्धृत प्रमाणों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त किया करते थे।

कुल मिलाकर मैंने सम्पूर्ण नित्य-नैमित्तिक क्रियाओं के बहुत से प्रमाण अनेक ग्रंथों के आधार से संकलित किये थे। तथा प्रत्येक क्रियाओं के प्रमाण के साथ विधिवत् उन-उन भक्तियों का पाठ भी यथास्थान ही दे दिया था। इसी का नाम 'यतिक्रियामंजरी' रखा था।

यह पुस्तक ब्र. श्रीलालजी को छापने के लिये दी गई तब उन्होंने क्रियाओं के प्रमाण सम्बन्धी उद्धृत श्लोक आदि नाममात्र के रहने दिये बाकी सभी प्रमाण के पाठ उसमें से निकाल कर मुझे वापस दे दिये और बोले-

''माताजी ! इस क्रिया की पुस्तक में ज्यादा विषय मत बढ़ाओ। इन प्रमाणों की पुस्तक अलग से छप जायेगी।'' तभी उस ''यतिक्रियामंजरी'' में प्रारंभ में स्तोत्र पाठ आदि जोड़कर यह पुस्तक छपने दे दी गई। इसमें मैंने अनेक साधु व विद्वानों के आग्रह पर भी अपना नाम नहीं दिया था। उसके संपादक के रूप में ब्र.सूरजमल जी का नाम दिया है। यह पुस्तक सन् १९६२ में छप चुकी है। उस समय के जो प्रमाणों का मेरा संकलन था उसमें मैंने बहुत ही परिश्रम किया था। सन् १९६२ में दिसम्बर में सम्मेद शिखर यात्रा के लिए विहार करते समय मैंने वह बस्ता कुचामन में एक श्रावक को सुरक्षित रखने के लिए दे दिया था। खेद है कि उनसे मुझे आज तक वह बस्ता उपलब्ध नहीं हो पाया। अस्तु !

इस ''यतिक्रियामंजरी'' में संकलन कर्त्री में अपना नाम न देने में मेरी नि:स्पृहता ही मूल कारण थी। यद्यपि सन् १९५५ में सर्वप्रथम रचना में ''सहस्रनाम के मन्त्र'' की पुस्तक

"श्रीजिनसहस्रनाम व्रतविधि व पूजा" को क्षुल्लिका श्रीविशालमती जी ने छपाया था उसमें क्षुल्लिकावस्था में मेरा नाम (क्षु.वीरमती माताजी) डाला था। फिर भी सन् १९६०-६१ में मैंने पुस्तक संकलन में अपना नाम देना सर्वथा मना कर दिया था। इसके बाद सन् १९६६ में सोलापुर चातुर्मास में मेरे द्वारा लिखित "श्री बाहुबली चरित, "भक्तिसुमनावली", "व्रतविधिसुमनावली" आदि पुस्तकें छपीं तब ब्र.सुमतीबाई आदि अनेक विदुषी व विद्वानों ने मेरे से निवेदन किया-

"माताजी! अपनी किसी भी कृति में अपना नाम न डालने से पहली बात तो उनकी प्रमाणिकता नहीं रहती है और दूसरी बात यह है कि कोई मायाचारी विद्वान उस कृति में अपना नाम डालकर अपनी कृति घोषित कर देते हैं। उन्होंने "पंचाध्यायी" "अमरकोष" आदि अनेक पुरातन ग्रंथों के व आज के भी कई पुस्तक आदि के नाम बताये। तब मैंने पुस्तकों में अपना नाम देना स्वीकृत किया था।

इस मुनिचर्या ग्रंथ में मैंने प्रत्येक क्रियाओं की प्रामाणिकता के लिए मूलाचार, अनगारधर्मामृत आदि ग्रंथों के उद्धरण भी यथास्थान दे दिये हैं। इस ग्रंथ के लेखन में- १. क्रियाकलाप, २. मूलाचार, ३. आचारसार, ४. अनगारधर्मामृत, ५. चारित्रसार, ६. प्रतिक्रमणग्रंथत्रयी, ७. सामायिक भाष्य, ८. दशभक्त्यादिसंग्रह, ९. धवला पुस्तक-९, १०. कुंदकुंद भारती और ११. कुंदकुंद का भक्तिराग इन ग्रंथों का उपयोग किया गया है। इसमें मेरा अपना कुछ भी नहीं है, जो कुछ भी है वह सब पूर्वाचार्यों का ही है फिर भी पद्यानुवाद आदि में कहीं भी कोई कमी रह गई हो या कुछ असंगत हो तो विद्वान् साधुवर्ग मुझे अवश्य ही सूचित करें कि जिससे आगे उस पर विचार कर उसे संशोधित किया जा सके।

भगवान महावीर स्वामी के प्रथम गणधर श्री गौतमस्वामी, श्री कुंदकुंददेव, श्री पूज्यपादस्वामी और श्रीसमंतभद्रस्वामी के श्रीचरणों में मेरा कोटि-कोटि वंदन है कि जिन्होंने पंचमकाल के साधु-साध्वियों के लिए प्रतिक्रमण, देववंदना, भक्तिपाठ की रचना करके सभी साधुवर्ग पर अनंत उपकार किये हैं। इस युग के सभी साधुवर्ग इस "मुनिचर्या" ग्रंथ को पूर्वाचार्यों की कृति मानकर ही इसका समादर करेंगे और अपनी नित्य-नैमित्तिक क्रियाओं के करने में सावधान रहेंगे ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है।

प्रतिक्रमण आदि के मूलकर्ता

श्री गौतम गणधर स्वामी

-आर्यिका चन्दनामती

भगवान महावीर की दिव्यध्वनि को सुनकर अंतर्मुहूर्तमात्र में द्वादशांग रूप में निबद्ध करने वाले श्री गौतम स्वामी का नाम तीर्थंकर महावीर के साथ जुड़ा हुआ है। उनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है विशेष जानकारी हेतु अन्य ग्रंथों का अवलोकन करना चाहिए।

मगध देश में ब्राह्मण नामक नगर में शांडिल्य ब्राह्मण एवं उसकी स्थंडिला नामक पत्नी के इंद्रभूति गौतम नाम का पुत्र था। वह गौतम ब्राह्मण एक बार अपने पाँच सौ शिष्यों को अध्ययन करा रहा था उसी समय सौधर्म इंद्र एक वृद्ध पुरुष का रूप धारण कर सभा में पधारते हैं और गौतम से कतिपय प्रश्नों का उत्तर पूछते हैं। तब गौतम ने कहा कि चल, मैं तेरे गुरु के पास ही वाद-विवाद करूँगा, क्योंकि उसे तो अपने ज्ञानीपने का बड़ा अहंकार था। महावीर स्वामी के समवसरण में पहुँच कर मानस्तम्भ को देखते ही उसका मान गलित हो गया और उन्हें सम्यक्त्व प्रगट हो गया। तभी "जयति भगवान......" इत्यादि वचन रूप स्तुति बोलते हुए समवसरण में प्रवेश कर जैनेश्वरी दीक्षा धारण कर ली। उसी समय उन्हें अवधि और मन:पर्यय ज्ञान प्रगट हो गया और भगवान की दिव्यध्वनि खिरने लगी।

गौतम स्वामी द्वारा रचित दो अमूल्य रचनाएँ दिगम्बर जैन समाज में अतिशय मान्यता को प्राप्त हैं।

१. चैत्यभक्ति, २. प्रतिक्रमण पाठ।

चैत्यभक्ति ३५ श्लोकों में विविध छन्दों के द्वारा तीनों लोकों के कृत्रिमाकृत्रिम चैत्यालयों का सरस, सुन्दर वर्णन है तथा मुनि आर्यिका आदि जिस प्रतिक्रमण को प्रतिदिन प्रात: और सायंकाल में करते हैं वह दैवसिक-रात्रिक प्रतिक्रमण तथा पंद्रह दिन में होने वाला या चार महिना या एक वर्ष में होने वाला बड़ा प्रतिक्रमण तथा अष्टमी आदि में होने वाली आलोचना-ये तीनों प्रतिक्रमण श्री गौतमस्वामी द्वारा रचित हैं।

इस "मुनिचर्या" ग्रंथ में ये सभी प्रतिक्रमण दिए गए हैं साक्षात् गौतम स्वामी के मुख से विनिर्गत इन प्रतिक्रमण सूत्रों को जितनी श्रद्धा भक्ति के साथ पठन-पाठन किया जाएगा उतनी ही कर्मों की निर्जरा विशेष होगी।

तीर्थंकर महावीर को जिस दिन निर्वाण की प्राप्ति हुई थी उसी दिन सायंकाल में गौतमस्वामी को केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी इसीलिए क्रम परम्परा में महावीर स्वामी के पश्चात् गौतम गणधर को नमस्कार किया गया है।

वे श्री गणधर गौतम स्वामी हम सभी को सम्यग्ज्ञान की प्राप्ति करावें। इसी भावना के साथ उनके श्री चरणों में शतश: नमोऽस्तु।

भक्तियों के रचयिता
आचार्यद्वय का परिचय

–आर्यिका चन्दनामती

आचार्य कुंदकुंददेव—दिगम्बर जैन आम्नाय में कौन ऐसा व्यक्ति है जो श्री कुंदकुंद स्वामी का नाम नहीं जानता क्योंकि मंगलाचरण में ही गौतम स्वामी के पश्चात् कुंदकुंदाचार्य का स्मरण किया जाता है।

श्री कुंदकुंद मुनिराज का जन्म दक्षिण भारत के ''कौण्डकुन्दपुर'' नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम कर्मण्डु और माता का नाम श्रीमती था।

आचार्य कुंदकुंद स्वामी के समय में कुछ मतभेद हैं फिर भी ग्रंथों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि ये आचार्य श्री भद्रबाहु श्रुतकेवली के अनंतर ही हुए हैं। नन्दिसंघ की पट्टावली में लिखा है कि कुंदकुंद वि.सं. ४९ में आचार्यपद पर प्रतिष्ठित हुए। ४४ वर्ष की अवस्था में उन्हें आचार्य पद मिला। ५१ वर्ष १० महीने तक वे उस पद पर रहे। ९५ वर्ष १० महीने और १५ दिन की आयु में उनकी समाधि हुई।

आचार्य श्री ने अपने दीक्षित जीवन में ८४ पाहुड़ ग्रंथ लिखे तथा मूलाचार, कुरलकाव्य, दशभक्ति आदि रचनाएँ भी उल्लिखित हैं। इनके नामों में कुंदकुंद, पद्मनंदि, गृद्धपिच्छ, वट्टकेर, एलाचार्य आदि नाम भी प्रसिद्ध हैं।

आज इनकी कृतियों में से समयसार, प्रवचनसार, नियमसार, दशभक्ति आदि ९ ग्रंथ उपलब्ध हैं। प्रस्तुत मुनिचर्या ग्रंथ में आचार्य श्री द्वारा रचित प्राकृत भक्तियाँ भी दी गई हैं।

इनके आदर्श जीवन से आज के आत्म हितैषियों को अपना श्रद्धान व जीवन समुज्ज्वल बनाना चाहिए।

आचार्य श्री पूज्यपाद स्वामी—दक्षिण भारत के कर्नाटक प्रांत के कोले नामक ग्राम में एक ब्राह्मण परिवार में श्री पूज्यपाद स्वामी ने जन्म लिया था। इनके पिता का नाम माधवभट्ट और माता का नाम श्रीदेवी था। इनका घर का नाम देवनंदि था।

ये एक दिन अपनी वाटिका में विचरण कर रहे थे कि इनकी दृष्टि सांप के मुख में फँसे हुए मेंढक पर पड़ी इससे उन्हें विरक्ति हो गई और दीक्षा लेकर महामुनि बन गए। कथा में ऐसा वर्णन आता है कि ये अपने पैरों में गगनगामी लेप लगाकर विदेह क्षेत्र जाया करते थे।

आचार्यश्री पूज्यपाद स्वामी वि.सं. ३०० के पश्चात् हुए हैं। आपके द्वारा रचित निम्न कृतियाँ आज भी उपलब्ध हैं—

१. दशभक्ति, २. पंचामृताभिषेक, ३. सर्वार्थसिद्धि, ४. समाधितन्त्र, ५. इष्टोपदेश, ६. जैनेन्द्र व्याकरण, ७.सिद्धिप्रियस्तोत्र।

प्राय: इन सभी ग्रंथों का अध्ययन और स्वाध्याय वर्तमान में खूब चल रहा है। पूज्यपाद स्वामी की संस्कृत भक्तियाँ तो साधुओं की प्रत्येक क्रियाओं में प्रचलित हैं। प्रस्तुत ग्रंथ में भी इनकी समस्त संस्कृत भक्तियाँ और पूज्य श्री ज्ञानमती माताजी द्वारा किया गया उनका पद्यानुवाद भी दिया गया है।

श्री पूज्यपाद का प्रथम नाम ''देवनंदि'' था। पुन: बुद्धि की महत्ता से ये ''जिनेन्द्रबुद्धि'' कहलाए। देवताओं द्वारा उनके चरणकमल पूजे गए थे अत: ये ''पूज्यपाद'' नाम से प्रसिद्ध हुए हैं। किसी समय एक देव ने इन्हें विमान में बैठाकर अनेक तीर्थों की यात्रा कराई। मार्ग में एक जगह इनकी नेत्र ज्योति नष्ट हो गई अत: शान्त्यष्टक (शांतिभक्ति) की रचना कर भक्ति के प्रसाद से पुन: ज्यों की त्यों दृष्टि प्राप्त की।

ऐसे महामुनिराज के चरणों में शत शत वंदन।

आभार

श्री कैलाशचंद्र जैन एवं श्रीमती सरलेश जैन की पुत्रवधू
श्रीमती नंदिनी जैन ध.प. श्री नीरज जैन
एवं सुपुत्र दिव्यांशु जैन,
धर्मपुरा, दिल्ली
की ओर से इस ग्रंथ के प्रकाशन में ज्ञानदानस्वरूप
आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ,
एतदर्थ संस्थान की ओर से उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद।
आगे भी वे अपनी चंचला लक्ष्मी का सदुपयोग
इसी प्रकार धर्मकार्य में करते रहें, यही मंगल भावना है।
–सम्पादक ग्रंथमाला

परमपूज्य गणिनीप्रमुख

श्री ज्ञानमती माताजी का संक्षिप्त-परिचय

-प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका चन्दनामती

जन्मस्थान—टिकैतनगर (बाराबंकी) उ.प्र.

जन्मतिथि—आसोज सुदी १५ (शरदपूर्णिमा) वि. सं. १९९१(सन् १९३४)

गृहस्थ का नाम—कु. मैना

माता-पिता—श्रीमती मोहिनी देवी एवं श्री छोटेलाल जैन

आजन्म ब्रह्मचर्य व्रत—ई. सन् १९५२ में बाराबंकी में शरदपूर्णिमा के दिन आचार्यरत्न श्री देशभूषण जी महाराज से।

क्षुल्लिका दीक्षा—चैत्र कृ. १, ई. सन् १९५३ को महावीरजी अतिशय क्षेत्र (राज.) में।

आर्यिका दीक्षा—वैशाख कृ. २, ई. सन् १९५६ को माधोराजपुरा (राज.) में चारित्रचक्रवर्ती १०८ आचार्य श्री शांतिसागर जी की परम्परा के प्रथम पट्टाधीश आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज के करकमलों से।

साहित्यिक कृतित्व—अष्टसहस्री, समयसार, नियमसार, मूलाचार, कातंत्र-व्याकरण, षट्खण्डागम आदि ग्रंथों के अनुवाद/टीकाएं एवं २५० विशिष्ट ग्रंथों की लेखिका। सन् १९९५ में अवध वि.वि. (फैजाबाद) द्वारा "डी.लिट्." की मानद उपाधि से विभूषित।

तीर्थ निर्माण प्रेरणा—हस्तिनापुर में जंबूद्वीप तीर्थ का निर्माण, शाश्वत तीर्थ अयोध्या का विकास एवं जीर्णोद्धार, प्रयाग-इलाहाबाद (उ.प्र.) में तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ का निर्माण, तीर्थंकर जन्मभूमियों का विकास यथा—भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा-बिहार) में 'नंद्यावर्त महल' नामक तीर्थ निर्माण, भगवान पुष्पदंतनाथ की जन्मभूमि काकन्दी तीर्थ (निकट गोरखपुर-उ.प्र.) का विकास, भगवान पार्श्वनाथ केवलज्ञानभूमि अहिच्छत्र तीर्थ पर तीस चौबीसी मंदिर, हस्तिनापुर में जम्बूद्वीप स्थल पर भगवान शांतिनाथ-कुंथुनाथ-अरहनाथ की ३१ फुट उत्तुंग खड्गासन प्रतिमा निर्माण की प्रेरणा, मांगीतुंगी में निर्माणाधीन १०८ फुट उत्तुंग भगवान ऋषभदेव की विशाल प्रतिमा इत्यादि।

महोत्सव प्रेरणा—पंचवर्षीय जम्बूद्वीप महामहोत्सव, भगवान ऋषभदेव अंतर्राष्ट्रीय निर्वाण महामहोत्सव, अयोध्या में भगवान ऋषभदेव महाकुंभ मस्तकाभिषेक, कुण्डलपुर महोत्सव, भगवान पार्श्वनाथ जन्मकल्याणक तृतीय सहस्राब्दि महोत्सव इत्यादि। **विशेषरूप से २१ दिसम्बर २००८ को जम्बूद्वीप स्थल पर विश्वशांति अहिंसा सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन भारत की राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील द्वारा किया गया।**

शैक्षणिक प्रेरणा—'जैन गणित और त्रिलोक विज्ञान' पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, राष्ट्रीय कुलपति सम्मेलन, इतिहासकार सम्मेलन, न्यायाधीश सम्मेलन एवं अन्य अनेक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार आदि।

रथ प्रवर्तन प्रेरणा—जम्बूद्वीप ज्ञानज्योति (१९८२ से १९८५), समवसरण श्रीविहार (१९९८ से २००२), महावीर ज्योति (२००३-२००४) का भारत भ्रमण।

इस प्रकार नित्य नूतन भावनाओं की जननी पूज्य माताजी चिरकाल तक इस वसुधा को सुशोभित करती रहें, यही मंगल कामना है।

मेरे उद्गार

-पीठाधीश क्षुल्लक मोतीसागर

विगत ५० वर्षों के अन्तर्गत मुनि-आर्यिका, क्षुल्लक-क्षुल्लिकाओं की संख्या में १०० गुनी वृद्धि हुई है। जबकि विगत ५० वर्षों से ही इस जनकल्याणी संयम की सलिल वाहिनी को तिरोहित करने का भागीरथ प्रयत्न किया गया किन्तु उन महानुभावों को असफलता ही हाथ लगी।

गुरूणांगुरु चारित्रचक्रवर्ती आचार्यश्री शांतिसागर जी महाराज के जन्मकाल से ही उनका भी जन्म हो गया था। जिन्होंने वीतरागी संतों के विषय में विगत ५० वर्षों से बहुत कुछ यद्वा-तद्वा लिखा व कहा तथा आज भी वही राग अलाप रहे हैं किन्तु उनकी आगम विरुद्ध वाणी व लेखनी दिगम्बर साधु संस्था का बाल भी बांका नहीं कर सकी। प्रत्युत एक से बढ़कर एक ज्ञान व ध्यान में लवलीन रहने वाले साधु व साध्वियाँ भारत-भू पर अवतरित होकर संयम मार्ग की शृँखला को मजबूत व दीर्घकाय बना रहे हैं।

उन्हीं में से एक हैं पूज्य गणिनी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती माताजी, जिन्होंने सन् १९५३ में संयम मार्ग में प्रविष्ट होते ही चुनौतियों का सामना करना प्रारंभ कर दिया। आगम के परिप्रेक्ष्य में अविरल लेखनी चलाकर देश के कोने-कोने में ज्ञान गंगा का शीतल एवं सुमधुर जल पहुँचा दिया। बालक, वृद्ध, जवान, विद्वान, संगीतज्ञ सबके लिए दिया। चारों अनुयोगों में से किसी को भी कम या अधिक महत्व नहीं दिया। पूजन के क्षेत्र में तो माताजी ने क्रांति उत्पन्न कर दी। यही कारण है कि विगत १०-१५ वर्षों से विधान कराने वाले विद्वानों व संगीतकारों की समाज में भारी कमी प्रतीत हो रही है।

कार्य बताने वालों को देरी हो सकती है किन्तु उसकी पूर्ति करने में माताजी ने देरी नहीं की। यह 'मुनिचर्या' ग्रंथ ही लीजिए। कहने वालों ने तो दस-पाँच बार निवेदन करके या लिखने वालों ने चार-आठ बार पत्र लिखकर अपने मनोभावों को पूज्य माताजी के समक्ष रखकर अपना कर्तव्य पूरा कर दिया कि-"माताजी, प्रतिक्रमण पाठ का अर्थ हमें समझ में नहीं आता। इसका आप हिन्दी पद्यानुवाद कर दीजिए। आपका हम लोगों पर बड़ा उपकार होगा।" फिर माताजी को कहाँ चैन, शारीरिक स्वस्थता न होते हुए भी अपनी कलम को सूखने नहीं दी। प्रारंभ कर दिया 'प्रतिक्रमण का हिन्दी पद्यानुवाद', न केवल प्रारंभ कर दिया अपितु शीघ्र ही कार्य पूर्ण भी कर दिया। अब किसी से पूछने की आवश्यकता शायद नहीं पड़ेगी कि हम जो पढ़ रहे हैं इसका क्या अर्थ है। इस पुस्तक में सब कुछ स्पष्ट कर दिया गया है।

इस कृति का तृतीय संस्करण प्रकाशित हो रहा है। इससे मुझे अतीव प्रसन्नता है।

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान–संक्षिप्त परिचय

–पीठाधीश क्षुल्लक मोतीसागर

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान की स्थापना पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा से सन् १९७२ में राजधानी दिल्ली में हुई थी। संस्थान का मुख्य कार्यालय सन् १९७४ में हस्तिनापुर में प्रारंभ हुआ। इस संस्थान के अन्तर्गत अनेक गतिविधियाँ हस्तिनापुर में तथा अन्यत्र चल रही हैं—

१. सन् १९७२ से वीर ज्ञानोदय ग्रंथमाला के अन्तर्गत लाखों ग्रंथ प्रकाशित हो रहे हैं।

२. सन् १९७४ से इस संस्थान के मुखपत्र के रूप में 'सम्यग्ज्ञान' हिन्दी मासिक पत्रिका का निरंतर प्रकाशन हो रहा है।

३. सन् १९७४ से १९८५ तक हस्तिनापुर में जम्बूद्वीप रचना का निर्माण कार्य हुआ।

४. सन् १९७४ से अब तक जम्बूद्वीप रचना के अतिरिक्त अनेक जिनमंदिरों का निर्माण हुआ है—कमल मंदिर, तीन मूर्ति मंदिर, ध्यान मंदिर, शांतिनाथ मंदिर, वासुपूज्य मंदिर, ॐ मंदिर, सहस्रकूट मंदिर, विद्यमान बीस तीर्थंकर मंदिर, आदिनाथ मंदिर, अष्टापद मंदिर, ऋषभदेव कीर्तिस्तंभ, स्वर्णिम तेरहद्वीप रचना एवं नवग्रहशांति जिनमंदिर।

५. जम्बूद्वीप पुस्तकालय जिसमें लगभग १५००० ग्रंथ संग्रहीत हैं।

६. णमोकार महामंत्र बैंक जिसमें भक्तों द्वारा लिखकर भेजे गये करोड़ों णमोकार मंत्र जमा किये जाते हैं।

७. समय-समय पर शिक्षण-प्रशिक्षण शिविरों तथा संगोष्ठियों के आयोजन किये जाते हैं।

८. यात्रियों के शुद्ध भोजन के लिए राजा श्रेयांस भोजनालय का संचालन।

९. यात्रियों के ठहरने के लिए आधुनिक सुविधायुक्त डीलक्स फ्लैट्स वाली कई धर्मशालाओं तथा कोठियों एवं बंगलों का निर्माण किया गया है।

१०. जम्बूद्वीप परिक्रमा के लिए नौका विहार, ऐरावत हाथी तथा मनोरंजन हेतु मिनी ट्रेन, झूले आदि हैं।

११. ज्ञानमती कला मंदिरम् में हस्तिनापुर के प्राचीन इतिहास से संबंधित झाँकियाँ हैं।

१२. तीर्थंकर जन्मभूमियों की वंदना एवं धार्मिक फिल्मों का प्रदर्शन करने वाले थियेटर से समन्वित हीरक जयंती एक्सप्रेस।

दिल्ली, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हरिद्वार, झाँसी, तिजारा आदि से जम्बूद्वीप स्थल तक आने के लिए दिन भर बसें मिलती रहती हैं।

दि. जैन त्रिलोक शोध संस्थान के अन्तर्गत भगवान महावीर जन्मभूमि कुण्डलपुर (नालंदा) बिहार में भव्य नंद्यावर्त महल तीर्थ तथा प्रयाग-इलाहाबाद (उ.प्र.) में निर्मित तीर्थंकर ऋषभदेव तपस्थली तीर्थ का भी संचालन होता है।

जम्बूद्वीप एवं अन्य रचनाओं के दर्शन हेतु हस्तिनापुर पधारकर आध्यात्मिक एवं शारीरिक सुख की प्राप्ति करें।

वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला के सहयोगी

दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान के अन्तर्गत "वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला" की स्थापना सन् १९७२ में हुई। तब से अब तक लाखों की संख्या में ग्रन्थों का प्रकाशन हो चुका है और निरन्तर हो रहा है। ग्रंथमाला से पाठकों को ग्रन्थ कम कीमत में प्राप्त हो सकें, इस दृष्टि से ग्रन्थमाला में एक संरक्षक योजना अगस्त सन् १९९० से प्रारंभ की गई है। इस योजना के अन्तर्गत निम्न महानुभाव अब तक संरक्षक बनकर अपना सहयोग प्रदान कर चुके हैं।

शिरोमणि संरक्षक

१. श्रीमती निर्मला जैन ध.प. स्व. श्री प्रेमचन्द्र जैन, तत्पुत्र प्रदीप कुमार जैन, खारी बावली, दिल्ली-६।
२. श्रीमती सुमन जैन ध.प. श्री दिग्विजय सिंह जैन, इंदौर।
३. श्री महावीर प्रसाद जैन संघपति, जी-१९, साऊथ एक्सटेन्शन, नई दिल्ली।
४. श्री महेन्द्र पाल हरेन्द्र कुमार जैन, सूरजमल विहार, दिल्ली।
५. श्रीमती मोहनी जैन ध.प. श्री सुनील जैन, प्रीत विहार, दिल्ली।
६. श्री देवेन्द्र कुमार जैन (धारूहेड़ा वाले) गुड़गाँव (हरि.)।
७. श्रीमती शारदा रानी जैन ध.प. स्व. रिखबचंद जैन, बाहुबली एन्क्लेव, दिल्ली-९२।
८. डॉ. देवेन्द्र कुमार जैन, भोपाल (म.प्र.)
९. श्रीमती संगीता जैन ध.प. श्री संजीव कुमार जैन, शेरकोट (बिजनौर) उ.प्र.
१०. श्री अनिल कुमार जैन, दरियागंज, दिल्ली
११. श्री बी.डी. मदनाइक, मुम्बई
१२. श्री धनकुमार जैन, बाहुबली एन्क्लेव, दिल्ली-९२।
१३. श्री जितेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती सुनीता जैन कोटड़िया, फ्लोरिडा, यू.एस.ए.
१४. श्रीमती विमला देवी जैन ध.प. श्री ओमप्रकाश जैन, स्वालिक नगर, हरिद्वार (उत्तराखंड)।
१५. श्री अमित जैन एवं संभव जैन सुपुत्र श्रीमती अनीता जैन ध.प. श्री मूलचंद जैन पाटनी, दिसपुर (कामरूप) आसाम।
१६. श्रीमती अजित कुमारी जैन ध.प. श्री महेन्द्र कुमार जैन, ओबेदुल्लागंज (रायसेन) म.प्र.।

परम संरक्षक

१. श्री माँगीलाल बाबूलाल पहाड़े, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)।
२. डॉ. प्रकाशचन्द्र जैन, ७९२ विवेकानंदपुरी, सिविल लाइन, सीतापुर (उ.प्र.)।

३. श्री सुमत प्रकाश जैन, गज्जू कटरा, शाहदरा, दिल्ली।
४. श्री सुनील कुमार जैन, द्वारा-सुनील टैक्सटाईल्स, सरधना (मेरठ) उ.प्र.।
५. श्री प्रकाश चंद अमोलक चंद जैन सर्राफ, सनावद (म.प्र.)।
६. श्री प्रद्युम्न कुमार जवेरी, रोकड़ियालेन, बोरीवली (वेस्ट) मुंबई।
७. श्रीमती उर्मिला देवी ध.प. श्री कान्ती प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
८. श्रीमती उषा जैन ध.प. श्री विमल प्रसाद जैन, ऋषभ विहार, दिल्ली।
९. श्री आनन्द प्रकाश जैन (सौरम वाले) , गांधीनगर, दिल्ली।
१०. श्रीमती सरिता जैन ध.प. श्री राजकुमार जैन, किदवई नगर, कानपुर।
११. स्व. श्रीमती कैलाशवती ध.प. श्री कैलाश चन्द्र जैन , तोपखाना बाजार, मेरठ।
१२. श्री भानेन्द्र कुमार जैन, द्वारा-श्री विद्या जैन, भगत सिंह मार्ग, जयपुर।
१३. श्री प्रदीप कुमार शान्तिलाल बिलाला, अनूपनगर, इंदौर, (म.प्र.)।
१४. श्री सुरेशचंद पवन कुमार जैन, बाराबंकी (उ.प्र.)।
१५. श्री नथमल पारसमल जैन, कलकत्ता-७।
१६. श्रीमती स्व. शांताबाई ध.प. श्री कमलचंद जैन, सनावद (म.प्र.)।
१७. श्री रूपचंद जैन कटारिया, दिल्ली
१८. श्री आशु जैन, कालका जी, नई दिल्ली

विषयानुक्रमणिका

(१) नित्यक्रियायें

क्र. सं.	विषय-दर्पण	पृष्ठ संख्या
१.	णमोकार मंत्र	१
२ .	मंगलाचरण	१
३.	यतियों के मूलगुण	१
४.	आर्यिकाओं की आवश्यक क्रियायें	२
५.	अहोरात्रि के कृतिकर्म	२
६.	क्षुल्लक, ऐलक की आवश्यक क्रियायें	३
७.	कृतिकर्म का लक्षण	३
८.	कृतिकर्म प्रयोग विधि/कायोत्सर्ग विधि	५
९.	लघु कृतिकर्म विधि/कायोत्सर्ग विधि	८
१०.	नित्यक्रियायें	९
११.	सुप्रभातस्तोत्र	१०
१२.	वैरात्रिक स्वाध्याय प्रारम्भ विधि	१२
१३.	गणधरवलय मंत्र	१५
१४.	स्वाध्याय निष्ठापन विधि	१६
१५.	दिक्शुद्धि कब और कैसे करें?	१६
१६.	पूर्वाण्ह स्वाध्याय हेतु दिक्शुद्धि विधि	१६
१७.	कायोत्सर्ग का लक्षण	१७
१८.	कायोत्सर्ग कब और कितने करना?	१७
१९.	दैवसिक-रात्रिक प्रतिक्रमणम् (प्राकृत)	१८
२०.	दैवसिक-रात्रिक प्रतिक्रमण (हिन्दी पद्यानुवाद)	१८
२१.	रात्रियोगनिष्ठापन कब और कैसे करें?	४८
२२.	रात्रियोगनिष्ठापना क्रिया	४८
२३.	सामायिक कब और कैसे?	५०
२४.	वन्दना योग्य मुद्रा	५२
२५.	बैठकर भी देववंदना करने का विधान	५२
२६.	चैत्यभक्ति में तीन प्रदक्षिणा	५२

क्र. सं.	विषय-दर्पण	पृष्ठ संख्या
२७.	अथ दृष्टाष्टक स्तोत्र	५३
२८.	ईर्यापथशुद्धि	५४
२९.	देववंदना (सामायिक)	५८
३०.	देववंदना (सामायिक) (पद्यानुवाद)	५८
३१.	गुर्वावली	७५
३२.	चतुर्दिग्वन्दना	७५
३३.	गुरुवंदना कब और कैसे?	७६
३४.	आचार्य वंदना	७७
३५.	अभिषेक वंदना कब और कैसे करें?	८०
३६.	अभिषेकवंदना क्रिया	८१
३७.	पूर्वाण्ह स्वाध्याय कब और कैसे करें?	८५
३८.	सिद्धांत ग्रंथ कौन-कौन से हैं?	८६
३९.	स्वाध्याय में भक्तियाँ	८६
४०.	पौर्वाण्हिक स्वाध्याय प्रारम्भ विधि	८६
४१.	स्वाध्याय निष्ठापन विधि	९०
४२.	अपराण्हिक स्वाध्याय हेतु दिक्शुद्धि	९१
४३.	आहारचर्या कब और कैसे?	९१
४४.	नवधा भक्ति	९१
४५.	प्रत्याख्यान विसर्जन विधि	९२
४६.	प्रत्याख्यान ग्रहण विधि	९३
४७.	गुरु के पास प्रत्याख्यान ग्रहण विधि	९३
४८.	गोचार प्रतिक्रमण कब और कैसे करें?	९६
४९.	मध्यान्ह देववंदना	९७
५०.	आचार्य वंदना	९७
५१.	अपराण्हिक स्वाध्याय विधि	९९
५२.	पूर्वरात्रिक स्वाध्याय हेतु दिक्शुद्धि	१०२
५३.	दैवसिक प्रतिक्रमण कब करें?	१०२
५४.	आचार्य वंदना	१०३
५५.	रात्रियोग प्रतिष्ठापना कब और कैसे करें?	१०६
५६.	रात्रियोग प्रतिष्ठापना विधि	१०६

क्र. सं.	विषय-दर्पण	पृष्ठ संख्या
५७.	अपरान्हिक देववंदना विधि	१०९
५८.	पूर्वरात्रिक स्वाध्याय कब करें?	१०९
५९.	पूर्वरात्रिक स्वाध्याय विधि	१०९

इति नित्यक्रियायें

(२) नैमित्तिक क्रियायें (पर्वचर्या)

क्र. सं.	विषय-दर्पण	पृष्ठ संख्या
६० .	चतुर्दशी क्रिया कब और कैसे करें?	११०
६१.	चतुर्दशी क्रिया विधि	११०
६२.	द्वितीय चतुर्दशी क्रिया विधि	१११
६३.	पाक्षिकी क्रिया कब करें?	११२
६४.	पाक्षिकी क्रिया विधि	११२
६५.	अष्टमी क्रिया कैसे करें?	११२
६६.	अष्टमी पर्व क्रिया	११२
६७ .	सिद्ध वंदना कैसे करें?	१४४
६८.	सिद्ध प्रतिमा वंदना क्रिया	१४५
६९.	जिन प्रतिमा वंदना क्रिया	१४५
७०.	अपूर्व चैत्य वंदना कब और कैसे?	१४५
७१.	अपूर्व चैत्यवंदना अष्टमी क्रिया	१४५
७२.	पाक्षिक प्रतिक्रमण कब और कैसे करें?	१४६
७३.	पाक्षिकादि-प्रतिक्रमणम्	१५०
७४.	पाक्षिकादि प्रतिक्रमण (हिन्दी पद्यानुवाद)	१५०
७५.	श्रुतपंचमी क्रिया विधि	२५९
७६.	श्रावकों की श्रुतपंचमी क्रिया	२६३
७७.	सिद्धांत ग्रंथ वाचना क्रिया	२६३
७८.	आचार ग्रंथ वाचना क्रिया	२६४
७९.	संन्यास प्रारम्भ की क्रिया कब और कैसे करें?	२६४
८०.	संन्यास ग्रहण क्रिया	२६५
८१.	क्षपक के पास स्वाध्याय ग्रहण क्रिया	२६५
८२.	अष्टान्हिक क्रिया कब और कैसे करें?	२६६
८३.	अष्टान्हिक या नंदीश्वर क्रिया	२६६

क्र. सं.	विषय-दर्पण	पृष्ठ संख्या
८४.	अभिषेक वंदना क्रिया	२७९
८५.	मंगलगोचर क्रिया कब और कैसे करें?	२७९
८६.	मंगलगोचर मध्यान्ह देववंदना क्रिया	२८०
८७.	मंगलगोचर प्रत्याख्यान क्रिया कब और कैसे करें?	२८१
८८.	मंगलगोचर प्रत्याख्यान क्रिया	२८१
८९.	वर्षायोग ग्रहण कब और कैसे करें?	२८२
९०.	वर्षायोग ग्रहण क्रिया	२८३
९१.	वर्षायोग निष्ठापन कब और कैसे करें?	३०१
९२.	वर्षायोग निष्ठापन क्रिया	३०२
९३.	वीरनिर्वाण क्रिया कब और कैसे करें?	३०२
९४.	वीरनिर्वाण क्रिया	३०२
९५.	पांच कल्याणकों में क्रिया कब और कैसे?	३१०
९६.	पंचकल्याणक वंदना क्रिया	३११
९७.	श्री वृषभदेव निर्वाणकल्याणक वंदना क्रिया	३११
९८.	निर्वाणक्षेत्रवंदना क्रिया (लघु)	३२९
९९.	आचार्य के शरीर की वंदना क्रिया	३३४
१००.	निषद्यावंदना क्रिया	३३५
१०१.	जिनबिम्ब प्रतिष्ठा में कौन-सी भक्तियाँ कब और कैसे?	३३६
१०२.	चल-अचल जिनबिम्ब प्रतिष्ठा क्रिया	३३६
१०३.	चल जिनप्रतिमा की अभिषेक वंदना क्रिया	३३७
१०४.	अचल जिनप्रतिमा की अभिषेक वंदना क्रिया	३३७
१०५.	प्रतिमायोगधारी मुनि की वंदना कब, कौन और कैसे करें?	३३८
१०६.	प्रतिमायोगधारी मुनि की वंदना क्रिया	३३८
१०७.	मुनि केशलोंच के समय कौन-सी भक्ति करें?	३३८
१०८.	केशलोंच प्रारम्भ-समापन क्रिया	३३८

इति नैमित्तिक क्रियायें (पर्वचर्या)

(३) सुप्रभातस्तोत्रादि

१०९.	अथ सर्वदोषप्रायश्चित्तविधिः	३३९
११०.	कल्याणालोचना (प्राकृत)	३४०

क्र. सं.	विषय-दर्पण	पृष्ठ संख्या
१११.	कल्याणालोचना (हिन्दी पद्यानुवाद)	३४०
११२.	सोलहकारण पर्व	३४८
११३.	षोडशकारणपर्व क्रिया	३४८
११४.	दशलक्षणपर्व क्रिया	३५४
११५.	पंचमेरुवंदना क्रिया	३५८
११६.	जम्बूद्वीपवंदना क्रिया	३६६
११७.	सुदर्शनमेरुवंदना क्रिया	३७२
११८.	तीर्थंकर जन्मभूमि भक्ति	३७३
११९.	दीक्षा विधि	३७६
१२०.	सरस्वती स्तोत्र	३८९
१२१.	चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर स्तुति	३९०
१२२.	आचार्यश्री वीरसागर स्तुति	३९१
१२३.	प्रशस्ति	३९२

इति सुप्रभातस्तोत्रादि

बृहद् संस्कृत भक्तियाँ

	कौन-सी भक्तियाँ	पृष्ठ
१.	ईर्यापथ शुद्धि	५४
२.	सिद्ध भक्ति	११३, १५३
३.	श्रुतभक्ति	११६
४.	चारित्र भक्ति	१२२, १५६
५.	योगि भक्ति	१०६, २०६, २८३
६.	आचार्य भक्ति	२४४, २६०
७.	चौबीस तीर्थंकर भक्ति	४४
८.	पंचमहागुरु भक्ति	२७७, २९९
९.	चैत्य भक्ति	६४
१०.	निर्वाण भक्ति	३०३
११.	नंदीश्वर भक्ति	२६६
१२.	वीरभक्ति	४०
१३.	शांतिभक्ति	१३६
१४.	समाधिभक्ति	१४१

क्र. सं.	विषय-दर्पण	पृष्ठ संख्या

प्राकृत भक्तियाँ

कौन-सी भक्तियाँ

१.	सिद्ध भक्ति	३१२
२.	श्रुत भक्ति	३१५
३.	चारित्र भक्ति	३१७
४.	योगि भक्ति	३१९
५.	आचार्य भक्ति	२४९
६.	तीर्थंकर भक्ति	८
७.	पंचगुरु भक्ति	७१
८.	निर्वाण भक्ति	३२३

लघु भक्तियाँ

कौन-सी भक्तियाँ

१.	लघु सिद्ध भक्ति	७७, ८१, ९७
२.	लघु श्रुत भक्ति	१३, ७८, ८७, ९८
३.	लघु चारित्र भक्ति	३३०, ३३१
४.	लघु योगि भक्ति	४८, ९४
५.	लघु आचार्य भक्ति	१४, ७९, ९९
६.	लघु चैत्य भक्ति	८२, २८८
७.	लघु पंचगुरु भक्ति	८३
८.	लघु निर्वाण भक्ति	३३२
९.	लघु शांति भक्ति	८४, ३३२
१०.	लघु समाधि भक्ति	८५, ३३३

भक्तियों के क्षेपक श्लोक

कौन-सी भक्तियाँ

१.	श्रुतभक्ति के क्षेपक	३३०
२.	आचार्य भक्ति के क्षेपक	२६१
३.	निर्वाण भक्ति के क्षेपक	३०८
४.	नंदीश्वर भक्ति के क्षेपक	२७५

क्र. सं.	विषय-दर्पण	पृष्ठ संख्या
५.	चैत्य भक्ति के क्षेपक	२८०
६.	शांति भक्ति के क्षेपक	१४०, ३३२
७.	समाधि भक्ति के क्षेपक	३३३

स्वयंभूस्तोत्र

१.	वृषभजिनस्तुति	२८६
२.	अजितजिनस्तुति	२८७
३.	संभवजिनस्तुति	२९१
४.	अभिनंदनजिनस्तुति	२९२
५.	सुमतिजिनस्तुति	२९४
६.	पद्मप्रभजिनस्तुति	२९५
७.	सुपार्श्वजिनस्तुति	२९६
८.	चंद्रप्रभजिनस्तुति	२९७

१.	सामायिक दंडक	७
२.	थोस्सामिस्तव	८
३.	लघु सामायिक दंडक	१०
४.	लघु थोस्सामि	११
५.	आचार्यवंदना के चार प्रकार	७६, ९७, १०३, १५०
६.	स्वाध्याय प्रारम्भ विधि के तीन प्रकार	१२, ८६, ९९

ॐ नमः सिद्धेभ्यः

मुनिचर्या

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।

—अनुष्टुप् छंद—

सिद्धान्त्रत्वार्हतश्चापि सन्मतिं हृदि धारये। श्रुतदेवीं मुनीन्द्रांश्च, वंदे सज्ज्ञानलब्धये।।१।।
श्री शांतिसागराचार्यं, चारित्रचक्रवर्तिनम्। गुरूणां गुरुमीडेऽहं, गुरुभक्त्या निरंतरम् ।।२।।
श्री वीरसागराचार्यं, गुरुदेवं नमाम्यहं। यत्प्रसादात्तितीर्षामि, घोरसंसारवारिधिम् ।।३।।
भेदाभेदत्रिरत्नानां, यावत्पूर्तिर्न मे भवेत्। त्रयोदशक्रियां तावत्, भावयामि मुहुर्मुहुः।।४।।
आवश्यकक्रियाशुद्ध्यै, बोधिसमाधिसिद्धये। वर्ण्यत आनुपूर्व्येयं, मुनिचर्याविधिर्मया[1] ।।५।।

यतियों के मूलगुण —

पंचयमहव्वयाइं, समिदीओ पंच जिणवरुद्दिट्ठा। पंचेविंदियरोहा छप्पि य आवासया लोचो।।२।।
आचेलकमण्हाणं खिदिसयणमदंतघंसणं चेव। ठिदिभोयणेयभत्तं मूलगुणा अट्ठवीसा दु[2] ।।३।।

अर्थ — पाँच महाव्रत, पाँच समिति, पाँच इन्द्रिय निरोध, छह आवश्यक, लोच, आचेलक्य, अस्नान, क्षितिशयन, अदंतधावन, स्थितिभोजन और एकभक्त ये अट्ठाईस मूलगुण श्री जिनेन्द्रदेव ने मुनियों के लिए कहे हैं।

यहाँ श्रमण, यति, मुनि, साधु और अनगार ये सब पर्यायवाची नाम हैं। इन शब्दों से दिगम्बर मुनि विवक्षित हैं। इनके तीन भेद होते हैं-आचार्य, उपाध्याय और साधु। इन सभी के ये अट्ठाईस मूलगुण होते ही हैं तथा आचार्य और उपाध्याय के ३६ और २५ भी मूलगुण माने हैं जो कि उनके विशेष गुण हैं।

१. गणिनी ज्ञानमती कृत। २. मूलाचार गाथा २-३।

उत्तरगुण — बारह तप और बाइस परीषह ये चौंतीस उत्तर गुण माने गये हैं।

यहाँ 'मुनिचर्या' ग्रंथ में मूलगुणों के अन्तर्गत जो छह आवश्यक क्रियाएं हैं उनके प्रयोग की विधि का ही वर्णन है।

आर्यिकाओं की आवश्यक क्रियायें —

एसो अज्जाणं पि अ सामाचारो जहाक्खिओ पुव्वं।
सव्वह्मि अहोरत्ते विभासिदव्वो जहाजोग्गं[1]।।१८३।।

मूलाचार ग्रंथ में पूर्व में जैसी विधि मुनियों के लिए कही गयी है वैसी ही यह समाचारविधि आर्यिकाओं को भी सम्पूर्ण अहोरात्र में यथायोग्य करनी चाहिए।

अन्तर इतना ही है कि ''**जहाजोग्गं-यथायोग्यं आत्मानुरूपो वृक्ष-मूलादिरहितः। सर्वस्मिन्नहोरात्रे एषोऽपि सामाचारो यथायोग्यमार्यिकाणां आर्यिकाभिर्वा प्रकटयितव्यो विभाष्यितव्यो वा यथाख्यातः पूर्वस्मिन्निति।**''

अपने अनुरूप — वृक्षमूल आदि योगों से रहित पूर्वकथित सर्व ही समाचार विधि अहोरात्र में आर्यिकाओं को भी करनी चाहिए। मूलाचार की इस गाथा से और टीका से स्पष्ट है कि आर्यिकाओं के लिए पूर्वकथित वे ही अट्ठाईस मूलगुण हैं और वे ही प्रत्याख्यान, संस्तर ग्रहण आदि तथा वे ही औघिक और पदविभागिक समाचार माने गये हैं जो कि मूलाचार में चार अध्यायों में गाथा १८६ तक वर्णित हैं। मात्र ''यथायोग्य'' पद से टीकाकार श्री वसुनंदि आचार्य ने स्पष्ट कर दिया है कि आर्यिकाओं को वृक्षमूल, आतापन, अभ्रावकाश और प्रतिमायोग आदि उत्तरयोगों को करने का निषेध है। यही कारण है कि आर्यिकाओं के लिए पृथक् दीक्षाविधि या पृथक् चर्या और क्रियाविधि आदि का ग्रंथ नहीं है।

आचेलक्य मूलगुण में आर्यिकाओं के लिए दो साड़ी का विधान है। यथा —

पर्यायजन्य असमर्थता के कारण अपने गुप्तांगों को ढकने हेतु आर्यिकाओं के लिए दो वस्त्र (दो साड़ी) का विधान है।[2]

आचार्यश्री वीरसागर जी महाराज कहते थे कि आर्यिकायें बैठकर करपात्र में आहार लेती हैं और एक साड़ी पहनती हैं। ये दोनों भी इनके मूलगुण ही हैं।

आर्यिकाओं को दीक्षा देते समय उन्हें अट्ठाईस मूलगुण दिये जाते हैं एवं मुनियों की दीक्षाविधि के ही संस्कार किये जाते हैं। यद्यपि छठे गुणस्थान योग्य संयम न होने से इनके पाँच महाव्रत उपचार से कहे गये हैं फिर भी ग्रंथों में इन्हें संयतिका, महाव्रतिका आदि पदों से कहा गया है। यही कारण है कि इनकी नवधाभक्ति पूजा आदि भी मुनियों के समान ही मानी गई है।

अहोरात्रि के कृतिकर्म —

चत्तारि पडिक्कमणे किदियम्मा तिण्णि होंति सज्झाए।
पुव्वण्हे अवरण्हे किदियम्मा चोद्दसा होंति[3]।।६०२।।

''चार प्रतिक्रमण के और तीन स्वाध्याय के ऐसे पूर्वाण्ह के सात कृतिकर्म और अपरान्ह के

१. मूलाचार अ. ४ गा. १८३। २. प्रायश्चित्त ग्रंथ। ३. मूलाचार।

सात कृतिकर्म ऐसे चौदह कृतिकर्म होते हैं।'' अथवा पश्चिम रात्रि[१] में प्रतिक्रमण के चार, स्वाध्याय के तीन और वंदना के दो, सूर्य उदय होने पर स्वाध्याय के तीन और मध्यान्ह वंदना के दो इस प्रकार पूर्वाण्ह कृतिकर्म के ये चौदह हुए, उसी प्रकार अपरान्ह काल में स्वाध्याय के तीन, प्रतिक्रमण के चार, वंदना के दो, रात्रियोग ग्रहण-विसर्जन में योगभक्ति के दो और पूर्व रात्रि में स्वाध्याय के तीन इस प्रकार अपरान्हिक क्रिया में चौदह कृतिकर्म होते हैं। अहोरात्रि के कुल मिलाकर अट्ठाईस कृतिकर्म होते हैं। यहाँ पर गाथा में प्रतिक्रमण और स्वाध्याय का ग्रहण उपलक्षण मात्र है इसलिए सभी क्रियायें इन्हीं में अन्तर्भूत हो जाती हैं[२]।''

अनगार धर्मामृत में भी कहा है—

स्वाध्याये द्वादशेष्टा षड्वंदनेष्टौ प्रतिक्रमे। कायोत्सर्गा योगभक्तौ द्वौ चाहोरात्रगोचरा:[३]।।७५।।

''चार बार के स्वाध्याय के १२, त्रिकाल वंदना के ६, दो बार के प्रतिक्रमण के ८ और रात्रियोग ग्रहण-विसर्जन में योग भक्ति के २, ऐसे २८ कायोत्सर्ग साधु के अहोरात्र विषयक होते हैं।'' इनका स्पष्टीकरण यह है कि—

त्रिकाल देववंदना में चैत्यभक्ति और पंचगुरुभक्तिसंबंधी दो-दो २×३=६, दैवसिक-रात्रिक प्रतिक्रमण में, सिद्ध, प्रतिक्रमण, निष्ठितकरणवीर और चतुर्विंशति तीर्थंकर इन चार भक्ति संबंधी चार-चार-४×२=८, पूर्वान्ह, अपरान्ह, पूर्वरात्रिक और अपररात्रिक इन चार कालिक स्वाध्याय में—स्वाध्याय के प्रारम्भ में श्रुतभक्ति, आचार्यभक्ति एवं समाप्ति में श्रुतभक्ति ऐसे तीन-तीन भक्तिसम्बन्धी ४×३=१२, रात्रियोग प्रतिष्ठापन में योगिभक्ति सम्बन्धी एक और निष्ठापन में एक ऐसे २, इस तरह सब मिलकर ६+८+१२+२=२८ कायोत्सर्ग किये जाते हैं। ये कायोत्सर्ग विधिवत् किये जाने से ''कृतिकर्म'' कहलाते हैं।

क्षुल्लक, ऐलक की आवश्यक क्रियायें —

उद्दिष्टत्यागी क्षुल्लक, ऐलक और अनुमतित्यागी दसवीं प्रतिमाधारी उत्कृष्ट श्रावकों के लिए भी इन्हीं अट्ठाईस कायोत्सर्गरूप कृतिकर्म का विधान है। यथा-

वंदना त्रितये काले, प्रतिक्रांते द्वयं तथा। स्वाध्यायानां चतुष्कं च, योगिभक्तिद्वयं पुन:।।
उत्कृष्टश्रावकेनामू: कर्तव्या यत्नतोऽन्वहं। षडष्टौ द्वादश द्वे च, क्रमशोऽमूषु भक्तय:।।

त्रिकाल वंदना में छह, प्रात:काल-सायं काल दोनों समय के प्रतिक्रमण में आठ, चार स्वाध्याय में बारह और योगिभक्ति में दो ऐसी ६+८+१२+२=२८ भक्तियाँ कायोत्सर्ग सहित क्रम से उत्कृष्ट श्रावकों को प्रतिदिन प्रयत्नपूर्वक करना चाहिए। यही क्रिया क्षुल्लिकाओं के लिए भी समझनी चाहिए।

कृतिकर्म का लक्षण —

सामायिकस्तवपूर्वककायोत्सर्गश्चतुर्विंशतिस्तवपर्यंत:कृतिकर्मेत्युच्यते[४]।

''सामायिक स्तवपूर्वक कायोत्सर्ग करके चतुर्विंशतिस्तवपर्यन्त जो विधि है उसे कृतिकर्म कहते हैं।''

दोणदं तु जधाजादं वारसावत्तमेव य। चदुस्सिरं तिसुद्धिं च किदियम्मं पउंजदे[५]।।६०३।।

---

१. पश्चिम रात्रौ प्रतिक्रमणे। ''मूलाचार टीका।'' २. मूलाचार गाथा ६०२ की टीका।
३. अनगार धर्मामृत अध्याय ८। ४. मूलाचार गाथा ६०२ की टीका। ५. मूलाचार गा. ६०३।

''यथाजात मुद्राधारी साधु मनवचनकाय की शुद्धि करके दो प्रणाम, बारह आवर्त और चार शिरोनतिपूर्वक कृतिकर्म का प्रयोग करें।'' अर्थात् किसी भी क्रिया के प्रयोग में पहले प्रतिज्ञा करके भूमि स्पर्शरूप पंचांग नमस्कार किया जाता है, जैसे—

''अथ पौर्वाण्हिकस्वाध्यायप्रारंभक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजा-वंदनास्तवसमेतं श्रुतभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं'' ऐसी प्रतिज्ञा करके पंचांग नमस्कार किया जाता है। पुन: **''णमो अरिहंताणं''** से लेकर **''तावकालं पावकम्मं दुच्चरियं वोस्सरामि''** पाठ बोला जाता है इसे सामायिक स्तव कहते हैं। इसमें **''णमो अरिहंताणं''** पाठ प्रारंभ करते समय तीन आवर्त करके एक शिरोनति की जाती है, पुन: पाठ पूरा करके तीन आवर्त एक शिरोनति की जाती है। फिर कायोत्सर्ग करके पंचांग प्रणाम किया जाता है पुन: **''थोस्सामि''** इत्यादि चतुर्विंशति स्तव के प्रारंभ में तीन आवर्त एक शिरोनति करके पाठ पूरा होने पर तीन आवर्त और एक शिरोनति होती है। इस प्रकार प्रतिज्ञा के अनन्तर प्रणाम और कायोत्सर्ग के अनन्तर प्रणाम, ऐसे दो प्रणाम हुए। सामायिक दण्डक के आदि-अन्त में और थोस्सामि स्तव के आदि-अन्त में ऐसे तीन-तीन आवर्त चार बार करने से बारह आवर्त हुए तथा प्रत्येक में एक-एक शिरोनति करने से चार शिरोनति हो गईं।

इसी विधि को आचारसार में स्पष्ट किया है। यथा—

क्रियायामस्यां व्युत्सर्गं, भक्तेरस्या: करोम्यहं। विज्ञाप्येति समुत्थाय गुरुस्तवनपूर्वकम् ।।३५।।
कृत्वा करसरोजातमुकुलालंकृतं निजं। भाललीलासर: कुर्यात्त्र्यावर्तां शिरसो नतिम् ।।३६।।
आद्यस्य दण्डकस्यादौ मंगलादेरयं क्रम:। तदंतेऽप्यंगव्युत्सर्ग: कार्योऽतस्तदनंतरम् ।।३७।।
कुर्यात्तथैव थोस्सामीत्याद्यार्याद्यन्तयोरपि। इत्यस्मिन् द्वादशावर्ता: शिरोनतिचतुष्टयम्[१] **।।३८।।**

इन श्लोकों का पूरा अर्थ ऊपर आ चुका है अत: यहाँ पुन: नहीं दिया है।

---

१. आचारसार ग्रंथ।

कृतिकर्म प्रयोग विधि / कायोत्सर्ग विधि

अथ.....[१] क्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजा-वंदनास्तवसमेतं.......भक्ति[२] कायोत्सर्गं करोम्यहम् ।

(इस प्रतिज्ञा वाक्य को बोलकर साष्टांग या पंचांग नमस्कार करके खड़े होकर मुकुलित हाथ जोड़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करके मुक्ताशुक्ति मुद्रा से हाथ जोड़कर समायिक दण्डक पढ़ें।)

सामायिक दण्डक

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।

चत्तारि मंगलं—अरिहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहु मंगलं, केवलि पण्णत्तो धम्मो मंगलं।

चत्तारि लोगुत्तमा—अरिहंत लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा।

चत्तारि सरणं पव्वज्जामि—अरिहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहु सरणं पव्वज्जामि, केवलि पण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि।

अड्ढाइज्जदीवदोसमुद्देसु पण्णारसकम्मभूमिसु जाव अरहंताणं भयवंताणं

अथ.........[१] क्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावंदनास्तवसमेतं........[२] कायोत्सर्गं करोम्यहम् ।

(इस प्रतिज्ञा वाक्य को बोलकर पंचांग नमस्कार करें। पुन: तीन आवर्त एक शिरोनति करके सामायिक दंडक पढ़ें।)

सामायिक दण्डक— णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।

चत्तारि मंगलं—अरिहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहु मंगलं, केवलि पण्णत्तो धम्मो मंगलं।

चत्तारि लोगुत्तमा—अरिहंत लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा।

चत्तारि सरणं पव्वज्जामि—अरिहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहु सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि।

ढाई द्वीप अरु दो समुद्र गत, पन्द्रह कर्मभूमियों में।
जो अर्हत भगवंत आदिकर, तीर्थंकर जिन जितने हैं।।१।।

---

१. जिस क्रिया को करना हो उसका उच्चारण करें जैसे ''नंदीश्वर पर्व क्रियायां।''
२. जिस भक्ति को पढ़ना हो उसका नाम लेवें-यथा ''सिद्धभक्तिकायोत्सर्गं''।

आदियराणं तित्थयराणं जिणाणं जिणोत्तमाणं केवलियाणं, सिद्धाणं, बुद्धाणं, परिणिव्वुदाणं, अन्तयडाणं, पारयडाणं, धम्माइरियाणं, धम्मदेसियाणं, धम्मणायगाणं, धम्मवरचाउरंगचक्कवट्टीणं, देवाहिदेवाणं, णाणाणं, दंसणाणं, चरित्ताणं सदा करेमि किरियम्मं।

करेमि भंते! सामाइयं सव्वसावज्जजोगं पच्चक्खामि जावज्जीवं तिविहेण मणसा वचसा काएण ण करेमि ण कारेमि कीरंतं पि ण समणुमणामि। तस्स भंते! अइचारं पच्चक्खामि णिंदामि गरहामि अप्पाणं, जाव अरहंताणं, भयवंताणं, पज्जुवासं करेमि ताव कालं पावकम्मं दुच्चरियं वोस्सरामि।

(९ बार महामंत्र जप)

(मुकुलित हाथ जोड़े हुए ही तीन आवर्त एक शिरोनति करके खड़े-खड़े जिनमुद्रा से सत्ताइस उच्छ्वास में नव बार णमोकार मंत्र का जाप करें। पुन: पंचांग नमस्कार करके खड़े होकर मुक्ताशुक्ति मुद्रा से हाथ जोड़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करके 'थोस्सामिस्तव'' पढ़ें।)

थोस्सामि स्तव- **थोस्सामि हं जिणवरे तित्थयरे केवली अणंतजिणे।**
णरपवरलोयमहिए विहुयरयमले महप्पण्णे।।१।।

तथा जिनोत्तम केवलज्ञानी, सिद्ध शुद्ध परि निर्वृतदेव।
पूज्य अंतकृत भवपारंगत, धर्माचार्य धर्म देशक।।२।।

धर्म के नायक धर्मश्रेष्ठ, चतुरंग चक्रवर्ती श्रीमान् ।
श्री देवाधिदेव अरु दर्शन, ज्ञान चरित गुण श्रेष्ठ महान।।३।।

करूँ वंदना मैं कृतिकर्म, विधि से ढाई द्वीप के देव।
सिद्ध चैत्य गुरुभक्ति पठन कर, नमूँ सदा बहुभक्ति समेत।।४।।

भगवन् सामायिक करता हूँ, सब सावद्य योग तज कर।
यावज्जीवन वचन काय मन, त्रिकरण से न करूँ दु:खकर।।५।।

नहीं कराऊँ नहिं अनुमोदूँ, हे भगवन् ! अतिचारों को।
त्याग करूँ निंदूँ गर्हूँ, अपने को मम आत्मा शुचि हो।।६।।

जब तक भगवत् अर्हद्देव की, करूँ उपासना हेजिनदेव।
तब तक पापकर्म दुश्चारित, का मैं त्याग करूँ स्वयमेव।।७।।

(तीन आवर्त एक शिरोनति करके २७ उच्छ्वास में ९ बार महामंत्र जप कर पंचांगामस्कार करें।)

थोस्सामि स्तव

स्तवन करूँ जिनवर तीर्थंकर, केवलि अनंत जिन प्रभु का।
मनुज लोक से पूज्य कर्मरज, मल से रहित महात्मन् का।।१।।

लोयस्सुज्जोययरे धम्मं तित्थंकरे जिणे वंदे।
अरहंते कित्तिस्से चउवीसं चेव केवलिणो।।२।।
उसहमजियं च वंदे संभवमभिणंदणं च सुमइं च।
पउमप्पहं सुपासं जिणं च चंदप्पहं वंदे।।३।।
सुविहिं च पुप्फयंतं सीयल सेयं च वासुपुज्जं च।
विमलमणंतं भयवं धम्मं संतिं च वन्दामि।।४।।
कुंथुं च जिणवरिंदं अरं च मल्लिं च सुव्वयं च णमिं।
वंदामि रिट्ठणेमिं तह पासं वड्ढमाणं च ।।५।।
एवं मए अभित्थुआ विहुयरयमला पहीणजरमरणा।
चउवीसं पि जिणवरा तित्थयरा मे पसीयंतु।।६।।
कित्तिय वंदिय महिया एदे लोगोत्तमा जिणा सिद्धा।
आरोग्गणाणलाहं दिंतु समाहिं च मे बोहिं।।७।।
चंदेहिं णिम्मलयरा आइच्चेहिं अहियपहा सत्ता।
सायरमिव गंभीरा सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।।८।।

लोकोद्योतक धर्म तीर्थंकर, श्री जिन का मैं नमन करूँ।
जिन चउवीस अर्हंत तथा, केवलि गण का गुणगान करूँ।।२।।

ऋषभ, अजित, संभव, अभिनन्दन, सुमतिनाथ का कर वंदन।
पद्मप्रभ जिन श्री सुपार्श्व प्रभु, चन्द्रप्रभ का करूँ नमन।।३।।

सुविधि नामधर पुष्पदंत, शीतल श्रेयांस जिन सदा नमूँ।
वासुपूज्य जिन विमल अनंत, धर्म प्रभु शान्तिनाथ प्रणमूँ।।४।।

जिनवर कुन्थु अरह मल्लि प्रभु, मुनिसुव्रत नमि को ध्याऊँ।
अरिष्ट नेमि प्रभु श्री पारस, वर्धमान पद शिर नाऊँ।।५।।

इस विध संस्तुत विधुत रजोमल, जरा मरण से रहित जिनेश।
चौबीसों तीर्थंकर जिनवर, मुझ पर हों प्रसन्न परमेश।।६।।

कीर्तित वंदित महित हुए ये, लोकोत्तम जिन सिद्ध महान् ।
मुझको दें आरोग्यज्ञान अरु, बोधि समाधि सदा गुणखान।।७।।

चन्द्र किरण से भी निर्मलतर, रवि से अधिक प्रभाभास्वर।
सागर सम गंभीर सिद्धगण, मुझको सिद्धी दें सुखकर।।८।।

(पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके वंदना मुद्रा से खड़े-खड़े ही जिस भक्ति की प्रतिज्ञा की थी उस भक्ति को पढ़कर गवासन से बैठकर उस भक्ति की अंचलिका पढ़ें। यह उपर्युक्त कृतिकर्म विधि सभी भक्तियों के पढ़ने में करनी चाहिए, ऐसा विधान है।

कदाचित् खड़े होकर कृतिकर्म नहीं करना हो तो बैठकर ही सारी विधि करें। अन्तर इतना ही है कि बैठकर कृतिकर्म करने में ९ बार महामंत्र का जाप्य योगमुद्रा से करना होता है। इन मुद्राओं का वर्णन आगे देववंदना के पूर्व में दिया गया है।)

लघु कृतिकर्म विधि/कायोत्सर्ग विधि

अथ..........क्रियायां..........भक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।*

(यह प्रतिज्ञा करके पंचांग नमस्कार करें, पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके सामायिक दंडक पढ़ें।)

सामायिक दंडक

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।।

चत्तारि मंगलं—अरिहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहु मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा-अरिहंत लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि-अरिहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहु सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि। जाव अरहंताणं भयवंताणं पज्जुवासं करेमि, ताव कालं पाव कम्मं दुच्चरियं वोस्सरामि।

(तीन आवर्त एक शिरोनति करके जो भक्ति पढ़नी हो, उसका पाठ करें।)

लघु कायोत्सर्ग विधि

अथ..........क्रियायां..........भक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।।

चत्तारि मंगलं—अरिहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहु मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा-अरिहंत लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि-अरिहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहु सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि।

---

* यह लघु सामायिक दण्डक और लघु थोस्सामि पाठ प्रतिष्ठातिलक ग्रंथ में लघु भक्तियों के पाठ में उपलब्ध हुआ है अतः लघु भक्ति के पाठ में लघु सामायिक दण्डक और लघु थोस्सामिस्तव कर सकते हैं ऐसा जाना जाता है।

(तीन आवर्त एक शिरोनति करके २७ उच्छ्वास में नव बार णमोकार मंत्र पढ़ें पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके थोस्सामिस्तव पढ़ें।)

थोस्सामिस्तव — **थोस्सामि हं जिणवरे तित्थयरे केवली अणंतजिणे।**
णरपवर लोयमहिए विहुयरयमले महप्पण्णे।।
लोयस्सुज्जोययरे धम्मं तित्थंकरे जिणे वंदे।
अरहंते कित्तिस्से चउवीसं चेव केवलिणो।।

(तीन आवर्त एक शिरोनति करके पुनः जिस भक्ति के लिए कायोत्सर्ग किया हो, उस भक्ति को पढ़ें।)

नित्य क्रियायें

(दिनचर्या)

अनगार धर्मामृत की आठवीं अध्याय में छह आवश्यक क्रियाओं का वर्णन करके नवमीं अध्याय में नित्य-नैमित्तिक क्रियाओं का अथवा इन आवश्यक क्रियाओं के प्रयोग का वर्णन बहुत ही सरल ढंग से किया है। यथा-

अर्धरात्रि के दो घड़ी अनन्तर से अपररात्रिक स्वाध्याय का काल हो जाता है। उस समय पहले "अपररात्रिक" स्वाध्याय करके पुनः सूर्योदय के दो घड़ी शेष रह जाने पर स्वाध्याय समाप्त कर "रात्रिक प्रतिक्रमण" करके रात्रियोग समाप्त कर देवें। फिर सूर्योदय के समय से दो घड़ी (४८ मिनट) तक "देववंदना" अर्थात् सामायिक करके "गुरुवन्दना" करें। पुनः "पौर्वाण्हिक" स्वाध्याय प्रारंभ करके मध्यान्ह के दो घड़ी शेष रहने पर स्वाध्याय समाप्त कर "देववन्दना" करें। मध्यान्ह समय देववन्दना समाप्त कर "गुरु वन्दना" करके "आहार हेतु" जावें। यदि उपवास हो तो उस समय जाप्य या आराधना का चिन्तवन करें। गोचरी से आकर गोचरी प्रतिक्रमण करके व प्रत्याख्यान ग्रहण करके पुनः "अपराण्हिक" स्वाध्याय प्रारंभ कर सूर्यास्त के दो घड़ी पहले समाप्त कर "दैवसिक-प्रतिक्रमण" करें। पुनः गुरु वन्दना करके रात्रियोग ग्रहण करें तथा सूर्यास्त के अनन्तर "देववन्दना" —

जब तक भगवत् अर्हद्देव की, करूँ उपासना हे जिनदेव!
तब तक पापकर्म दुश्चारित, का मैं त्याग करूँ स्वयमेव।।१।।
(९ बार णमोकार मंत्र का जाप्य)

थोस्सामिस्तव —

स्तवन करूँ जिनवर तीर्थंकर, केवलि अनंत जिनप्रभु का।
मनुज लोक से पूज्य कर्मरज, मल से रहित महात्मन् का।।
लोकोद्योतक धर्मतीर्थंकर, श्री जिन का मैं नमन करूँ।
जिन चौबीस अर्हंत तथा, केवलिगण का गुणगान करूँ।।१।।

सामायिक करें। रात्रि के दो घड़ी व्यतीत हो जाने पर "पूर्वरात्रिक" स्वाध्याय प्रारंभ करके अर्ध रात्रि के दो घड़ी पहले ही स्वाध्याय समाप्त करके शयन करें। यह अहोरात्र संबंधी क्रियाएँ हुईं।

मूलाचार गाथा ६०२ की टीका में भी इन्हीं क्रियाओं का कथन किया गया है।

विशेष-शास्त्रों में मध्यान्ह देववन्दना के बाद आहार करने को कहा है किन्तु आजकल प्रातः ९ बजे से ११.३० के बीच में साधुओं के आहार की परम्परा है अतः आहार के बाद मध्यान्ह की सामायिक की जाती है।

सर्वप्रथम पिछली रात्रि की क्रियाओं को कहते हैं-

क्लमं नियम्य क्षणयोगनिद्रया, लातं निशीथे घटिकाद्वयाधिके।
स्वाध्यायमत्यस्य निशाद्विनाडिका-शेषे प्रतिक्रम्य च योगमुत्सृजेत्[१]।।७।।

योगनिद्रा — धर्मध्यान सहित निद्रा के द्वारा शरीर की थकान को दूर करके अर्थात् ४ घड़ी (९६ मिनट तक) अर्ध रात्रि में नींद लेकर पुनः जागकर अपररात्रिक-वैरात्रिक स्वाध्याय करके ४८ मिनट रात्रि शेष रहने पर स्वाध्याय समापन कर रात्रिक प्रतिक्रमण करके योग भक्ति के द्वारा रात्रियोग का विसर्जन कर देवें।

उपर्युक्त कथनानुसार अर्ध रात्रि में मात्र ४ घड़ी शयन करना यह उत्कृष्ट मार्ग है। आजकल मुनि-आर्यिकाएँ पाँच, छह घंटे भी सोते हैं क्योंकि नींद कम लेने से शरीर में थकान बनी रहती है अतः अपने स्वास्थ्य के अनुसार शरीर को स्वस्थ रखते हुए कम से कम निद्रा लेना चाहिए, यही अभिप्राय समझना।

साधुवर्ग पिछली रात्रि में उठकर पहले क्या करें?

मुनि या आर्यिका पिछली रात्रि में निद्रा से उठकर नौ बार णमोकार मंत्र का जाप्य करें। अनन्तर लघुशंका आदि बाधाओं से निवृत्त होकर हाथ, पैर, मुख आदि धोकर अपने आसन पर बैठकर "यत्स्वर्गावतरोत्सवे" आदि सुप्रभात स्तोत्र पढ़ें।

सुप्रभातस्तोत्रम्

यत्स्वर्गा-वतरोत्सवे यदभवज्जन्मा-भिषेकोत्सवे।
यद्दीक्षाग्रहणोत्सवे यदखिल-ज्ञानप्रकाशोत्सवे।।
यन्निर्वाणगमोत्सवे जिनपतेः, पूजाद्भुतं तद्भवैः।
संगीतस्तुतिमंगलैः प्रसरतां मे सुप्रभातोत्सवः।।१।।
श्रीमन्नतामरकिरीट-मणिप्रभाभि-रालीढपाद-युगदुर्द्धर-कर्मदूर।
श्रीनाभिनन्दन! जिनाजितशंभवाख्य!
त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातम् ।।२।।
छत्रत्रयप्रचलचामरबीज्यमान!
देवाभिनंदनमुने सुमते जिनेंद्र!

१. अनगार धर्मामृत अध्याय ९, श्लोक ७।

पद्मप्रभा-रुणमणि-द्युति-भासुरांग!
त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातम्।।३।।
अर्हन् सुपार्श्व कदलीदलवर्णगात्र!
प्रालेय-तारगिरिमौक्तिक-वर्णगौर!
चंद्रप्रभ! स्फटिकपाण्डुर-पुष्पदंत!
त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातम् ।।४।।
संतप्तकांचनरुचे! जिनशीतलाख्य!
श्रेयान्विनष्टदुरिताष्टकलंकपंक!
बंधूकबंधुररुचे! जिनवासुपूज्य!
त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातम् ।।५।।
उद्दंडदर्पकरिपो विमलामलांग!
स्थेमन्ननंतजि-दनंतसुखांबुराशे!
दुष्कर्मकल्मष-विवर्जित! धर्मनाथ!
त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातम् ।।६।।
देवामरी-कुसुमसन्निभ! शांतिनाथ!
कुंथोदयागुणविभूषणभूषितांग!
देवाधिदेव! भगवन्नरतीर्थनाथ!
त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातम् ।।७।।
यन्मोहमल्लमदभंजनमल्लिनाथ!
क्षेमंकरावितथशासनसुव्रताख्य!
यत्संपदा प्रशमितो नमिनामधेय!
त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातम् ।।८।।
तापिच्छगुच्छरुचिरोज्ज्वल! नेमिनाथ!
घोरोपसर्गविजयिन् ! जिन पार्श्वनाथ!
स्याद्वादसूक्ति-मणिदर्पणवर्द्धमान!
त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातम् ।।९।।
प्रालेय-नील-हरिता-रुणपीतभासं।
यन्मूर्ति-मव्यय-सुखावसथं मुनींद्राः।।

ध्यायंति सप्ततिशतं जिनवल्लभानां।-
त्वद्ध्यानतोऽस्तु सततं मम सुप्रभातम् ।।१०।।
सुप्रभातं सुनक्षत्रं, मांगल्यं परिकीर्तितम् ।
चतुर्विंशतितीर्थानां, सुप्रभातं दिने दिने।।११।।
सुप्रभातं सुनक्षत्रं, श्रेयः प्रत्यभिनंदितम् ।
देवताः ऋषयः सिद्धाः सुप्रभातं दिने दिने।।१२।।
सुप्रभातं तवैकस्य, वृषभस्य महात्मनः।
येन प्रवर्तितं तीर्थं, भव्यसत्त्व-सुखावहम् ।।१३।।
सुप्रभातं जिनेंद्राणां, ज्ञानोन्मीलित-चक्षुषां।
अज्ञान-तिमिरांधानां, नित्य-मस्तमितो रविः।।१४।।
सुप्रभातं जिनेंद्रस्य, वीरः कमललोचनः।
येन कर्माटवी दग्धा, शुक्लध्यानोग्र-वह्निना।।१५।।
सुप्रभातं सुनक्षत्रं, सुकल्याणं सुमंगलम् ।
त्रैलोक्य-हितकर्तृणां, जिनानामेव शासनम् ।।१६।।

इति सुप्रभातस्तोत्रम्

****

पुनः ''वैरात्रिक''-पिछली रात्रि का स्वाध्याय करें।

वैरात्रिक स्वाध्याय प्रारम्भ विधि

नमोस्तु वैरात्रिक स्वाध्यायप्रतिष्ठापनक्रियायां श्रुतभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पंचांग नमस्कार करके तीन आवर्त एक शिरोनति करके सामायिक दंडक पढ़ें।)

सामायिक दण्डक

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।

णमो अरिहंताणं.........धम्मो सरणं पव्वज्जामि।
जब तक भगवत् अर्हद्देव की, करूँ उपासना हे जिनदेव।
तब तक पापकर्म दुश्चारित, का मैं त्याग करूँ स्वयमेव।।

चत्तारिमंगलं-अरिहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहु मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा—अरिहंत लोगुत्तमा, सिद्ध लोगुत्तमा, साहु लोगुत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमा। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि-अरिहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहु सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि।

जाव अरहंताणं भयवंताणं पज्जुवासं करेमि तावकालं पावकम्मं दुच्चरियं वोस्सरामि।

(९ बार णमोकार मंत्र का जाप्य)

(अनन्तर ३ आवर्त १ शिरोनति करके योगमुद्रा से कायोत्सर्ग (९ जाप्य) करें। पश्चात् पंचांग नमस्कार करें, पुनः ३ आवर्त एक शिरोनति करके मुक्ताशुक्ति मुद्रा से "थोस्सामि" इत्यादि चतुर्विंशतिस्तव पढ़ें।)

थोस्सामि हं जिणवरे तित्थयरे केवलि-अणंत जिणे।
णरपवर-लोयमहिए विहुयरयमले महप्पण्णे।।१।।
लोयस्सुज्जोययरे धम्मं तित्थंकरे जिणे वन्दे।
अरहंते कित्तिस्से चउवीसं चेव केवलिणो।।२।।

(तीन आवर्त एक शिरोनति करके वंदना मुद्रा से श्रुतभक्ति पढ़ें।)

लघु श्रुतभक्ति — **श्रुतमपि जिनवरविहितं, गणधररचितं द्व्यनेकभेदस्थम्।**
अंगांग-बाह्यभावित-मनन्तविषयं नमस्यामि।।१।।

अंचलिका —**इच्छामि भंते! सुदभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं अंगोवंग-पइण्णए पाहुडय-परियम्म-सुत्त-पढमाणि-ओग-पुव्वगय-चूलिया चेव सुत्तत्थय-**

(९ बार णमोकार मंत्र का जाप्य)

स्तवन करूँ जिनवर तीर्थंकर, केवलि अनंत जिन प्रभु का।
मनुज लोक से पूज्य कर्मरज, मल से रहित महात्मन् का।।
लोकोद्योतक धर्म तीर्थंकर, श्री जिन का मैं नमन करूँ।
जिन चउवीस अर्हंत तथा, केवलिगण का गुणगान करूँ।।

लघु श्रुतभक्ति — जिनवर कथित, रचित गणधर से, श्रुत अंगांग बाह्य संयुत।
द्वादशभेद अनेक अनन्त, विषययुत वंदूँ मैं जिनश्रुत।।

अंचलिका — हे भगवन् ! श्रुतभक्ती कायोत्सर्ग किया उसके हेतू।
आलोचना करना चाहूँ जो अंगोपांग प्रकीर्णक श्रुत।।
प्राभृतकं परिकर्म सूत्र प्रथमानुयोग पूर्वादीगत।
पंच चूलिका सूत्र स्तव स्तुति अरु धर्मकथादि सहित।।

थुइ-धम्म-कहाइयं णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं, समाहिमरणं जिणगुणसम्पत्ति होउ मज्झं।

नमोऽस्तु वैरात्रिकस्वाध्यायप्रतिष्ठापनक्रियायां आचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यंह

(पूर्वोक्त विधि से णमो अरिहंताणं से लेकर पूरा पढ़कर ९ बार णमोकार मंत्र जपकर "थोस्सामि स्तव" पढ़कर आचार्य भक्ति पढ़ें।)

लघु आचार्य भक्ति

गुरुभक्त्या वयं सार्ध-द्वीपद्वितयवर्तिनः।
वंदामहे त्रिसंख्योन-नवकोटि-मुनीश्वरान्।।१।।

अंचलिका —**इच्छामि भंते! आयरियभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं सम्मणाणसम्मदंसण-सम्मचारित्त-जुत्ताणं पंचविहाचाराणं आयरियाणं आयारादिसुदणाणोवदेसयाणं उवज्झायाणं तिरयणगुणपालणरयाणं सव्वसाहूणं णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ, बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसम्पत्ति होउ मज्झं।**

(स्वाध्याय करते समय पहले श्री गौतम स्वामी के मुख से प्रगट हुए गणधरवलय मंत्रों को पढ़कर किसी भी ग्रंथ का स्वाध्याय करें।)

सर्वकाल मैं अर्चूं पूजूँ, वंदूँ नमूँ भक्तियुत से।
ज्ञानफलं शुचि ज्ञान ऋद्धि, अव्यय सुख पाऊँ झटिति से।।
दुःखों का क्षय कर्मों का क्षय, हो मम बोधिलाभ होवे।
सुगति गमन हो समाधि मरणं, मम जिनगुण संपत् होवे।।

लघु आचार्यभक्ति —ढाई द्वीप में तीन न्यून, नवकोटि मुनीश्वर होते हैं।
गुरुभक्ती से हम उन सबको, वंदें वे अघ धोते हैं।।

अंचलिका — हे भगवन् ! आचार्य भक्ति का, कायोत्सर्ग किया रुचि से।
उसके आलोचन करने की, इच्छा करता हूँ मुद से।।१।।
सम्यग्ज्ञान दरश चारितयुत, पंचाचार सहित आचार्य।
आचारांग आदि श्रुतज्ञानी, उपाध्याय उपदेशकवर्य।।२।।
रत्नत्रय गुण पालन में रत, सर्व साधु का मैं हर्षित।
अर्चन पूजन वंदन करता, नमस्कार करता हूँ नित।।३।।
दुःखों का क्षय, कर्मों का क्षय, होवे बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुणसंपति होवे।।४।।

गणधरवलय मंत्र

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।।१।।

णमो जिणाणं, णमो ओहिजिणाणं, णमो परमोहिजिणाणं, णमो सव्वोहिजिणाणं, णमो अणंतोहिजिणाणं, णमो कोट्ठबुद्धीणं, णमो बीजबुद्धीणं, णमो पादाणुसारीणं, णमो संभिण्णसोदाराणं, णमो सयंबुद्धाणं, णमो पत्तेयबुद्धाणं, णमो बोहियबुद्धाणं, णमो उजुमदीणं, णमो विउलमदीणं, णमो दसपुव्वीणं, णमो चउदसपुव्वीणं, णमो अट्ठंगमहाणिमित्तकुसलाणं, णमो विउव्वइड्ढिपत्ताणं, णमो विज्जाहराणं, णमो चारणाणं, णमो पण्णसमणाणं, णमो आगासगामीणं, णमो आसीविसाणं, णमो दिट्ठिविसाणं, णमो उग्गतवाणं, णमो दित्ततवाणं, णमो तत्ततवाणं, णमो महातवाणं, णमो घोरतवाणं, णमो घोरगुणाणं, णमो घोरपरक्कमाणं, णमो घोरगुणबंभयारीणं, णमो आमोसहिपत्ताणं, णमो खेल्लोसहिपत्ताणं, णमो जल्लोसहिपत्ताणं, णमो विप्पोसहिपत्ताणं, णमो सव्वोसहिपत्ताणं, णमो मणबलीणं, णमो वचिबलीणं, णमो कायबलीणं, णमो खीरसवीणं, णमो सप्पिसवीणं, णमो महुरसवीणं, णमो अमियसवीणं, णमो अक्खीणमहाणसाणं, णमो वड्ढमाणाणं, णमो सिद्धायदणाणं, णमो भयवदो महदि महावीरवड्ढमाण-बुद्धरिसीणो चेदि।

जस्संतियं धम्मपहं णियच्छे, तस्संतियं वेणइयं पउंजे।
काएण वाचा मणसा वि णिच्चं, सक्कारए तं सिरपंचमेण।।१।।

पिछली रात्रि के स्वाध्याय में सिद्धान्त ग्रंथ की वाचना का निषेध है।

व्योमाचलकुलान्तस्थचारणावधिबोधिनाम् ।
वाचनापररात्रौ तु क्षेत्रशुद्ध्युपलंभतः।।७९।। आचारसार।

आकाशगामी ऋद्धिधारी, अवधिज्ञानी आदि मुनियों के लिए ही क्षेत्र शुद्धि होने से पिछली रात्रि में सिद्धान्त ग्रंथों की वाचना मानी गई है। यही बात धवला पुस्तक ९ में भी पृष्ठ २५४ पर कही गई है। अतः आचारसार, मूलाचार, समाधिशतक, आप्तमीमांसा, स्वयंभूस्तोत्र आदि ग्रंथों का स्वाध्याय करें। कदाचित् प्रकाश की व्यवस्था न हो तो जो रत्नकरण्ड-श्रावकाचार, तत्त्वार्थसूत्र, द्रव्यसंग्रह आदि पाठ मौखिक याद हों उन्हें ही पढ़ लेवें। अनन्तर स्वाध्याय की निष्ठापना करें। सूर्योदय से दो घड़ी (४८ मिनट) पूर्व तक पिछली रात्रि के स्वाध्याय का काल है।

स्वाध्याय निष्ठापन विधि

नमोऽस्तु वैरात्रिकस्वाध्यायनिष्ठापनक्रियायां श्रुतभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् ''**णमो अरिहंताणं**'' इत्यादि सामायिक दण्डक पढ़कर कायोत्सर्ग करके ''**थोस्सामिस्तव**'' पढ़कर पृ. १३ से ''**श्रुतमपि जिनवरविहितं**'' आदि लघु श्रुतभक्ति पढ़ें।)

दिक्शुद्धि कब और कैसे करें?

वैरात्रिक स्वाध्याय के अनंतर साधु बाहर निकलकर पौर्वाण्हिक स्वाध्याय के लिए दिक्शुद्धि करें। जैसा कि धवला महाशास्त्र में कहा है। यथा-''**पच्छिमरत्तियसज्झायं खमाविय बहिं णिक्कलिय पासुगे भूमिपदेसे काओसग्गेण पुव्वाहिमुहो**[1]।'' पश्चिम रात्रि के स्वाध्याय को निष्ठापित करके बाहर निकलकर प्रासुक भूमि प्रदेश में खड़े होकर कायोत्सर्ग मुद्रा से पूर्वाभिमुख होकर दिक्शुद्धि करें, ऐसे ही चारों दिशाओं में दिक्शुद्धि की जाती है।

णवसत्तपंचगाहापरिमाणं दिसि विभागसोधीए।
पुव्वण्हे अवरण्हे पदोसकाले य सज्झाए।।२७३।।मूलाचार।

उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है-

पूर्वाण्हकाल के स्वाध्याय के लिए दिग्विभाग शुद्धि के निमित्त प्रत्येक दिशा में कायोत्सर्ग से स्थित होकर नव-नव गाथा परिमाण जाप्य करना चाहिए। यह दिक्शुद्धि पिछली रात्रि के स्वाध्याय के बाद की जाती है। ऐसे पूर्वाण्ह स्वाध्याय के बाद अपराण्ह स्वाध्याय हेतु प्रत्येक दिशा में कायोत्सर्गपूर्वक सात-सात बार णमोकार मंत्र पढ़कर करना चाहिए और पूर्वरात्रिक स्वाध्याय के लिए अपराण्ह स्वाध्याय समापन के बाद प्रत्येक दिशा में पाँच-पाँच गाथा पढ़कर दिक्शुद्धि करनी चाहिए। पश्चिम रात्रिक स्वाध्याय के लिए दिक्शुद्धि का विधान नहीं है क्योंकि उस समय सिद्धान्त ग्रन्थ पढ़ने का निषेध है। उस काल में भी सिद्धान्त ग्रंथों के अधिकारी ऋद्धिधारी मुनि आदि ही हैं, ऐसा आचारसार ग्रन्थ में कहा है। यही पूर्ण विधि आचारसार ग्रंथ अध्याय चतुर्थ में ७३-७४ आदि श्लोकों में दी गई है। इसकी प्रयोगविधि इस प्रकार है—

पूर्वाण्ह स्वाध्याय हेतु दिक्शुद्धि विधि

अथ पूर्वाण्हवाचनाहेतोः पूर्वदिक्शुद्धिं करोम्यहम् ।

(पूर्व दिशा में मुख करके २७ उच्छ्वास में नव बार णमोकार मंत्र पढ़ें।)

अथ पूर्वाण्हवाचनाहेतोः दक्षिणदिक्शुद्धिं करोम्यहम्।

(दक्षिण दिशा में मुख करके २७ उच्छ्वास में ९ बार मंत्र जपें।)

अथ पूर्वाण्हवाचनाहेतोः पश्चिमदिक्शुद्धिं करोम्यहम्।

(पश्चिम दिशा में मुख करके २७ उच्छ्वास में ९ बार मंत्र जपें।)

---

१. धवला पुस्तक ९, पृ. २५३।

अथ पूर्वाण्हवाचनाहेतोः उत्तरदिक्शुद्धिं करोम्यहम् ।

(उत्तर दिशा में मुख करके २७ उच्छ्वास में ९ बार मंत्र जपें।)

विशेष-यह दिक्शुद्धि का विधान सिद्धान्तग्रंथों के पठन-पाठन के लिए ही है।

इस दिक्शुद्धि के बाद रात्रिकप्रतिक्रमण किया जाता है।

रात्रिक प्रतिक्रमण कब और कैसे करें?

सूर्योदय से दो घड़ी पहले रात्रिक प्रतिक्रमण का काल माना गया है। यह प्रतिक्रमण प्रात:कालीन सामायिक के पहले माना गया है। यथा—

''**पश्चिमरात्रौ प्रतिक्रमणे क्रियाकर्माणि चत्वारि**[१]'' पिछली रात्रि के प्रतिक्रमण में चार भक्तिसंबंधि चार कृतिकर्म होते हैं।

अत: दिक्शुद्धि के बाद सभी साधु पश्चिमरात्रि में आचार्य के पास जाकर नमोस्तु करके विनय से बैठकर ''**जीवे प्रमादजनिताः प्रचुराः प्रदोषाः**''इत्यादि बोलते हुए प्रतिक्रमण करें। जैसा कि कहा है-

जो ''**दैवसिकरात्रिकप्रतिक्रमण**''छपा है वही यहाँ पढ़ा जाता है। इसमें''**दैवसिकप्रतिक्रमण-क्रियायां**'' के स्थान पर ''**रात्रिकप्रतिक्रमणक्रियायां**'' ऐसा बोलें। ऐसे ही ''**देवसियम्मि**'' की जगह ''**राईयम्मि**'' ''**देवसिओ**'' की जगह ''**राईओ**'' ''**देवसियस्स**'' की जगह ''**राईयस्स**'' पाठ बोलें। ''**देवसिओ राईओ**'' ऐसे दोनों बोलने की आवश्यकता नहीं रहती है।

आजकल मुनिसंघों में प्राय: प्रात: की सामायिक के बाद यह रात्रिक प्रतिक्रमण करते हैं। फिर भी कुछ साधु-साध्वियाँ शास्त्रानुसार पहले प्रतिक्रमण करके सामायिक करते हैं।[२]

कायोत्सर्ग का लक्षण-

''एक बार णमोकार मंत्र के पढ़ने में तीन श्वासोच्छ्वास हो जाते हैं। जैसे कि''**णमो अरिहंताणं**''पद के उच्चारण में श्वास को ऊपर खींचा जाता है और''**णमो सिद्धाणं**''पद के उच्चारण में श्वांस को छोड़ा जाता है।''**णमो आइरियाणं**''पद के उच्चारण में श्वांस को खींचना और''**णमो उवज्झायाणं**''बोलकर श्वांस को छोड़ना पुन:''**णमो लोए**''पद बोलकर श्वांस को खींचना और''**सव्वसाहूणं**''बोलते हुए श्वांस को छोड़ा जाता है। इस तरह नव बार णमोकार मंत्र के जाप्य में सत्ताईस श्वासोच्छ्वास हो जाते हैं।[३]''

कायोत्सर्ग कब कितने करना?

''नव बार णमोकार मंत्र के जाप्य को कायोत्सर्ग कहते हैं। यहाँ रात्रिक प्रतिक्रमण में सिद्धभक्ति, प्रतिक्रमणभक्ति, वीरभक्ति और चौबीस तीर्थंकर भक्ति के चार कायोत्सर्ग माने गये हैं। अन्त की समाधिभक्ति सर्वदोष विशुद्धि के लिए की जाती है अत: उसके कायोत्सर्ग की गणना नहीं होती है।

रात्रिक प्रतिक्रमण में वीरभक्ति के कायोत्सर्ग में चौवन (५४) श्वासोच्छ्वास कहे गये हैं यद्यपि इसमें दो कायोत्सर्ग हो जाते हैं और वह भी उस ''वीरभक्ति'' संबंधी एक ही कहलाता है। ऐसे ही दैवसिक प्रतिक्रमण में वीरभक्ति के कायोत्सर्ग में एक सौ आठ उच्छ्वास माने हैं इसके लिए चार कायोत्सर्ग करना होता है।

---

१. मूलाचार गाथा ६०२ की टीका में। २. मैं स्वयं पहले प्रतिक्रमण करके बाद में सामायिक करती हूँ। ३. अनगारधर्मामृत अ. ९।

पाक्षिक प्रतिक्रमण में ३००, चातुर्मासिक में ४०० और सांवत्सरिक में ५०० श्वासोच्छ्वास द्वारा वीरभक्ति का कायोत्सर्ग होता है।

ग्रन्थों के स्वाध्याय में, देववंदना, गुरुवंदना में सत्ताईस श्वासोच्छ्वासों में कायोत्सर्ग किया जाता है तथा गोचरी करके आने पर गोचर प्रतिक्रमण में ग्रामांतर गमन में, जिनेन्द्र देव की निषद्या भूमि— गर्भ, जन्म, तप, ज्ञान, निर्वाण क्षेत्रों की वंदना में, श्रमण निषद्या-मुनियों के समाधि स्थान की वंदना में और मल-मूत्रादि विसर्जन के बाद २५ श्वासोच्छ्वास में कायोत्सर्ग करने का विधान है''[१]

''कोई-कोई मलमूत्रादि विसर्जन में ईर्यापथ शुद्धि प्रतिक्रमण करते हैं किन्तु अनगार धर्मामृत में इन लघु प्रतिक्रमणों को दैवसिक, रात्रिक प्रतिक्रमण में गर्भित कर दिया है अत: पृथक् से उन दण्डकों के पढ़ने की आवश्यकता नहीं भी है।''[२]

मानसिक जप के प्रति अशक्त जीव वाचनिक जाप्य भी करते हैं।

वाचाप्युपांशु व्युत्सर्गे, कार्यो जाप्यः स वाचिकः।
पुण्यं शतगुणं चैत्तः सहस्रगुणमाहवेत् ।।२४।।[३]

वचन के द्वारा जिसका स्पष्ट उच्चारण हो किन्तु अन्य जन न सुन सकें, मात्र अंतरंग में ही उच्चारण हो, उसे उपांशु जप कहते हैं और जिसका मात्र मन में ही चिंतवन हो उसे मानसिक जप कहते हैं। उपांशु— वाचिक जप का फल सौ गुणा होता है और मानसिक जप का फल हजार गुणा अधिक होता है।

दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणम्

जीवे प्रमादजनिताः प्रचुराः प्रदोषा, यस्मात् प्रतिक्रमणतः प्रलयं प्रयान्ति।
तस्मात्तदर्थममलं मुनिबोधनार्थं, वक्ष्ये विचित्रभवकर्मविशोधनार्थं।।१।।
पापिष्ठेन दुरात्मना जडधिया मायाविना लोभिना।
रागद्वेषमलीमसेन मनसा दुष्कर्म यन्निर्मितम् ।।

दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमण (हिन्दी)

चौबोल छन्द—जो प्रमाद से हुए बहुत से, दोष जीव में आते हैं।
इस प्रतिक्रमण के करने से, वे सभी नष्ट हो जाते हैं।।
इसलिए मुनी बोधनहेतू, मल विरहित प्रतिक्रमण विधि को।
मैं कहूँ विविध जो कर्म हुए, उन सबके ही प्रक्षालन को।।१।।

मुझ पापिष्ठ दुरात्मा जड़-बुद्धी मायावी लोभी ने।
राग व द्वेष मलिन मन से, जो भी दुष्कर्म निर्मिते हैं।।

---

१. मूलाचार षडावश्यक अधिकार गाथा ६५९ से ६६३। २. अनगारधर्मामृत अध्याय ८ श्लोक ५८ की टीका में। ३. अनगारधर्मामृत अ. ९ श्लोक २४।

त्रैलोक्याधिपते जिनेन्द्र! भवतः श्रीपादमूलेऽधुना।
निन्दापूर्वमहं जहामि सततं वर्वर्तिषुः सत्पथे।।२।।
खम्मामि सव्वजीवाणं सव्वे जीवा खमंतु मे।
मित्ती मे सव्वभूदेसु वेरं मज्झं ण केण वि।।३।।
रागबंधपदोसं च हरिसं दीणभावयं।
उस्सुगत्तं भयं सोगं रदिमरदिं च वोस्सरे।।४।।
हा! दुट्ठकयं हा! दुट्ठचिंतियं भासियं च हा दुट्ठं।
अंतोअंतो डज्झमि पच्छुत्तावेण वेदंतो।।५।।
दव्वे खेत्ते काले भावे य कदावराहसोहणयं।
णिंदणगरहणजुत्तो मणवचकाएण पडिकमणं।।६।।

एइंदिया, वेइंदिया, तेइंदिया, चतुरिंदिया, पंचिंदिया, पुढविकाइया, आउकाइया, तेउकाइया, वाउकाइया, वणप्फदिकाइया, तसकाइया, एदेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमणिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

हे त्रिभुवन के स्वामिन्! जिनवर! अब तुम पाद निकट में मैं।
निन्दा करके त्याग रहा हूँ, नित सत्पथ का इच्छुक मैं।।२।।

सभी जीव पर क्षमा करूँ मैं, सब मुझ पर भी क्षमा करो।
सभी प्राणियों से मैत्री हो, बैर किसी से कभी न हो।।३।।

राग बंध अरु प्रदोष हर्ष, दीन भाव उत्सुकता को।
भय अरु शोक, रती अरती को, त्याग करूँ दुर्भावों को।।४।।

हा! दुष्कृत्य किये हा! दुश्चिंते, हा! दुर्वचन कहे मैंने।
कर-कर पश्चाताप हृदय में, झुलस रहा हूँ मैं मन में।।५।।

द्रव्य क्षेत्र अरु काल भाव से, कृत अपराध विशोधन को।
निन्दा गर्हा से युत हो, प्रतिक्रमण करूँ मन वच तन सों।।६।।

एकेन्द्री द्वीन्द्री त्रयइन्द्री, चउइन्द्रिय पंचेन्द्री जो।
भू जल अग्नी वायु वनस्पति, त्रसकायिक इन जीवों को।।
मारा ताप दिया पीड़ा दी, घात किया व कराया हो।
करते को अनुमोदा वह सब, दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।७।।

वदसमिदिंदियरोधो लोचो आवासयमचेलमण्हाणं।
खिदिसयणमदंतवणं ठिदिभोयणमेयभत्तं च।।१।।
एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थ पमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होदु मज्झं।

पञ्चमहाव्रत-पञ्चसमिति-पंचेंद्रियरोध-लोच-षडावश्यकक्रियादयोष्टा-विंशतिमूलगुणाः, उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपस्त्यागाकिंचन्य-ब्रह्मचर्याणि दशलाक्षणिको धर्मः, अष्टादश-शीलसहस्राणि चतुरशीतिलक्षगुणाः, त्रयोदशविधं चारित्रं, द्वादशविधं तपश्चेति सकलं सम्पूर्णं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुसाक्षिकं, सम्यक्त्वपूर्वकं दृढव्रतं सुव्रतं समारूढं ते मे भवतु।

अथ सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं *दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां कृतदोषनिराकरणार्थं पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावन्दना-स्तवसमेतं आलोचनासिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

व्रत समिति इन्द्रियनिरोध छह, आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंतधावन, स्थितिभुक्ति भक्तैक।।
जिनवर कथित मूलगुण मुनि के, प्रमाद से इनमें अतिचार।
उनसे दूर हुआ हूँ मेरा, छेदोपस्थापन हो नाथ!।।८।।

[१]पंचमहाव्रतपंचसमिति-पंचेन्द्रियरोध-लोच-षडावश्यक क्रियादयोऽष्टा-विंशति-मूलगुणाः, उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपस्त्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्याणि दशलाक्षणिको धर्मः, अष्टादशशील-सहस्राणि चतुरशीतिलक्षगुणाः, त्रयोदशविधं चारित्रं, द्वादशविधं तपश्चेति सकलं संपूर्णं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुसाक्षिकं सम्यक्त्वपूर्वकं दृढ़व्रतं सुव्रतं समारूढं ते मे भवतु।

अथ सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां कृतदोषनिरा-करणार्थं पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावंदनास्तवसमेतं आलोचना-सिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं[२]।

१.पाँच महाव्रत, पाँच समिति, पाँच इन्द्रियनिरोध, लोच, छह आवश्यक क्रियायें इत्यादि अट्ठाईस मूलगुण, उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य यह दशलक्षण धर्म, अठारह हजार शील, चौरासी लाख गुण, तेरह प्रकार का चारित्र, बारह प्रकार का तप, ये सब परिपूर्ण उत्तम व्रत अर्हन्त सिद्ध आचार्य उपाध्याय और साधु इन पंच परमेष्ठी की साक्षी से तुममें और मेरे में सम्यक्त्व पूर्वक दृढ़व्रत होवें, समीचीन व्रत होवें और समारूढ़ होवें। २. अब दैवसिक या रात्रिक प्रतिक्रमण क्रिया में सब दोषों की विशुद्धि के निमित्त, किये हुए दोषों केनिराकरण हेतु, सकल कर्मों के क्षय के लिए पूर्वाचार्यों के अनुक्रम के अनुसार भावपूजा-वंदना-स्तव सहित आलोचनायुक्त सिद्धभक्ति सम्बन्धी कायोत्सर्ग मैं करता हूँ। * पिछली रात्रि में 'रात्रिकप्रतिक्रमण क्रियायां' बोलना चाहिए।

(यह प्रतिज्ञा करके पंचांग नमस्कार करें। पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके सामायिक दण्डक पढ़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करके २७ उच्छ्वास में ९ जाप्य करें। अनंतर पंचांग नमस्कार करके तीन आवर्त एक शिरोनति करके थोस्सामि स्तव पढ़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करके सिद्धभक्ति पढ़ें।)

श्रीमते वर्धमानाय, नमो नमितविद्विषे।
यज्ज्ञानान्तर्गतं भूत्वा, त्रैलोक्यं गोष्पदायते।।१।।

सिद्ध भक्ति

तवसिद्धे णयसिद्धे संजमसिद्धे चरित्तसिद्धे य।
णाणम्मि दंसणम्मि य सिद्धे सिरसा णमंसामि।।२।।

इच्छामि भंते! सिद्धभत्तिकाओसग्गो कओ तस्सालोचेउं, सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचारित्तजुत्ताणं, अट्ठविहकम्मविप्पमुक्काणं, अट्ठगुणसंपण्णाणं, उड्ढलोयमत्थयम्मि पयिट्ठियाणं, तवसिद्धाणं, णयसिद्धाणं, संजमसिद्धाणं, चरित्तसिद्धाणं, अतीदाणागदवट्टमाणकालत्तयसिद्धाणं, सव्वसिद्धाणं, णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ती होउ मज्झं।

(३ आवर्त १ शिरोनति करके सामायिक दण्डक आदि पूर्ण विधि से कायोत्सर्ग करके थोस्सामि पढ़कर वंदनामुद्रा से सिद्धभक्ति पढ़ें।)

##卐 सिद्धभक्ति 卐

चौबोल छन्द — श्रीमन् वर्द्धमान को प्रणमूँ, जिनने अरि को नमित किया।
जिनके पूर्ण ज्ञान में त्रिभुवन, गोखुर सम दिखलाई दिया।।१।।
तप से सिद्ध नयों से सिद्ध, सुसंयमसिद्ध चरित सिद्धा।
ज्ञान सिद्ध दर्शन से सिद्ध, नमूँ सब सिद्धों को शिरसा।।२।।

अंचलिका — हे भगवन्! श्री सिद्ध भक्ति का, कायोत्सर्ग किया उसका।
आलोचन करना चाहूँ जो, सम्यग् रत्नत्रय युक्ता।।१।।
अठविध कर्म रहित प्रभु ऊर्ध्व-लोक मस्तक पर संस्थित जो।
तप से सिद्ध नयों से सिद्ध, सुसंयमसिद्ध चरित सिध जो।।२।।
भूत भविष्यत वर्तमान, कालत्रय सिद्ध सभी सिद्धा।
नित्यकाल मैं अर्चूं पूजूँ, वंदूँ नमूँ भक्ति युक्ता।।३।।
दुःखों का क्षय कर्मों का क्षय, हो मम बोधि लाभ होवे।
सुगति गमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुण संपति होवे।।४।।

आलोचना —**इच्छामि भंते! चरित्तायारो तेरसविहो परिविहाविदो, पंचमहव्वदाणि पंचसमिदीओ तिगुत्तीओ चेदि। तत्थ पढमे महव्वदे पाणादिवादादो वेरमणं, से पुढविकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, आउकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, तेउकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, वाउकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, वणप्फदिकाइया जीवा अणंताणंता हरिआ वीआ अंकुरा छिण्णा भिण्णा, तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमणिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।१।।**

वेइंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा कुक्खिकिमिसंखखुल्लय-वराडय-अक्ख-रिट्ठ[1]-गंडबाल[2]-संबुक्क-सिप्पि-पुलविकाइया (पुलवि आइया[3]) तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमणिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।२।।

आलोचना (शंभुछन्द)

हे भगवन् ! इच्छा करता हूँ, चारित्राचार त्रयोदशविध।
वह पांच महाव्रत पांच समिति, अरु तीन गुप्तिमय जिनभाषित।।
इनमें हिंसा का त्याग महाव्रत, प्रथम कहा है जिनवर ने।
भूकायिक जीव असंख्याता-संख्यात व जल कायिक इतने[4]।।
अग्नीकायिक भि असंख्याता-संख्यात पवनकायिक इतने[5]।
जो वनस्पतीकायिक प्राणी, वे सभी अनंतानंत भणें।।
ये हरित बीज अंकुर स्वरूप, नानाविध छिन्न-भिन्न भी हों।
इन सबको प्राणों से मारा, संताप दिया पीड़ा दी हो।।
उपघात किया मन वच तन से, या अन्यों से करवाया हो।
या करते को अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।१।।
दो इन्द्रियजीव असंख्याता-संख्यात कुक्षि कृमि[6] शंख कहे।
क्षुद्रक कौड़ी व अक्ष अरिष्टय[7], गंडबाल लघु शंख कहे।।
जो सीप जोंक आदिक इनको, मारा या त्रास दिया भी हो।
पीड़ा दी या उपघात किया, या पर से भी करवाया हो।।
या करते को अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।२।।

१. रिट्ठय-बालशरीरसमुद्भवास्तंतुसमाना जीवविशेषाः। २. 'गंडवालय' इति पाठांतरप्रतिक्रमणग्रंथत्रयीषु। ३. पाठांतरं प्रतिक्रमणग्रंथत्रयीषु। ४. जलकायिक जीव भी असंख्यातासंख्यात हैं।५. वायुकायिक जीव भी असंख्यातासंख्यात हैं। ६. लट, घाव आदि के जीव। ७. बच्चों के शरीर में पैदा हो जाते हैं, ऐसे क्षुद्र जीव।

तेइंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा कुंथु-द्देहिय-विंछिय-गोभिंद-गोजुव-मक्कुण-पिपीलियाइया, तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमणिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।३।।

चउरिंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा दंसमसय-मक्खिपयंग-कीड-भमर-महुयर-गोमच्छियाइया, तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमणिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।४।।

पंचिंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा अंडाइया पोदाइया जराइया रसाइया संसेदिमा सम्मुच्छिमा उब्भेदिमा उववादिमा अवि चउरासीदिजोणिप-मुहसदसहस्सेसु, एदेसिं[1] उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमणिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।५।।

प्रतिक्रमणपीठिकादण्डक:

इच्छामि भंते! देवसियम्मि (राईयम्मि) आलोचेउं, पंचमहव्वदाणि, तत्थ

त्रय इन्द्रिय जीव असंख्याता-संख्यात कुंथु[2] देहिक बिच्छू।
जूँ गोजों खटमल इन्द्रगोप, चिउंटी आदिक बहुविध जन्तू।।
इनको मारा संताप दिया, पीड़ा दी घात किया भी हो।
करवाया या अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।३।।
चउ इंद्रिय जीव असंख्याता-संख्यात उन्हों में डांस मशक।
बहु कीट पतंगे भ्रमर मधू-मक्खी गोमक्खी आदि विविध।।
इनको मारा परिताप विराधन, या उपघात किया भी हो।
करवाया या अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।४।।
पंचेन्द्रिय जीव असंख्याता-संख्यात इन्हों में अंडज हैं।
पोतज व जरायुज रसज पसीनज, सम्मूर्छिन उद्भेदिम हैं।।
उपपाद जन्मयुत भी चौरासी, लाख योनि वालों में जो।
इनको मारा संताप दिया, पीड़ा दी घात किया हो जो।।
करवाया या अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।५।।

प्रतिक्रमण पीठिका दण्डक

दोहा— भगवन् ! दैवसिक (रात्रिक) सभी, दोष विशोधन हेत।
चाहूँ आलोचन करन, श्रद्धा भक्ति समेत ।।१।।

१. इससे पूर्व के चारों दण्डकों में इस जगह 'तेसिं' पाठ है उसकी छाया है तेषां'। यहां एदेसिं की छाया है 'एतेषां' दोनों का अर्थ एक ही है। प्रतिक्रमण ग्रन्थत्रयी टीका में भी ऐसा ही पाठ है अत: एकरूपता के लिए पाठ बदलना उचित नहीं है। २. सूक्ष्म जीव।

पढमं महव्वदं पाणादिवादादो वेरमणं, विदियं महव्वदं मुसावादादो वेरमणं, तिदियं महव्वदं अदत्तादाणादो वेरमणं, चउत्थं महव्वदं मेहुणादो वेरमणं, पंचमं महव्वदं परिग्गहादो वेरमणं, छट्ठं अणुव्वदं राईभोयणादो वेरमणं, ईरियासमिदीए भासासमिदीए, एसणासमिदीए आदाणणिक्खेवणसमिदीए, उच्चारपस्सवण-खेल-सिंहाण-वियडिपइट्ठावणियासमिदीए, मणगुत्तीए, वचिगुत्तीए, कायगुत्तीए, णाणेसु दंसणेसु चरित्तेसु, बावीसाए परीसहेसु, पणवीसाए भावणासु, पणवीसाए किरियासु, अट्ठारससीलसहस्सेसु, चउरासीदिगुणसयसहस्सेसु, वारसण्हं संजमाणं, वारसण्हं तवाणं, वारसण्हं अंगाणं, चोदसण्हं पुव्वाणं, दसण्हं मुंडाणं, दसण्हं समणधम्माणं, दसण्हं धम्मज्झाणाणं, णवण्हं बंभचेरगुत्तीणं, णवण्हं णोकसायाणं, सोलसण्हं कसायाणं, अट्ठण्हं कम्माणं,

शंभु छन्द —

हैं पाँच महाव्रत उनमें प्रथम, महाव्रत प्राणीवध विरती।
दूजा महाव्रत असत्यविरती, तीजा अदत्त से है विरती।।
चौथा महाव्रत मैथुन विरती, पंचम परिग्रह से विरती है।
छट्ठा अणुव्रत रात्री भोजन, विरती पुनि पांच समिती हैं।।१।।

ईर्यासमिती भाषासमिती, एषणसमिती भोजन की है।
आदान व निक्षेपण समिती, रखने व ग्रहण करने की है।।
मलमूत्र थूक नासामल विकृति, त्यजन प्रतिष्ठापन समिती।
मन वचन काय गुप्ती इन सबमें, हुए दोष की हो शुद्धी।।२।।

सद्दर्शन ज्ञान चरित्र तथा, बाईस परीषह मुनि के हैं।
पच्चीस भावना[1] क्रिया[2] पचीस, व शील अठारह सहस कहें।।
चौरासी लाख सुगुण बारह, संयम बारह तप भी वर्णे।
बारह अंग चौदह पूर्व मुंड[3]-दश श्रमण[4] धर्म भी दश वर्णे।।३।।

१. अहिंसा आदि पांच व्रतों को स्थिर रखने के लिए एक-एक व्रत की ५-५ भावनाएं मानी हैं। २. चैत्यगुरुप्रवचन की पूजा आदि लक्षणवाली सम्यक्त्ववर्धिनी नामा पहली सम्यक्त्व क्रिया है, ऐसी ही मिथ्यात्व क्रिया आदि २५ क्रियायें हैं। ३. पांच इंद्रियों का मुंडन, वचन मुंडन, हाथ, पैर और शरीर का मुंडन तथा मन का मुंडन ये दश मुंडन हैं। यहां मुंडन का अर्थ निरोध करना है। ४. उत्तम क्षमा आदि दश धर्म ही श्रमण अर्थात् मुनियों के दशधर्म हैं।

अट्ठण्हं पवयणमाउयाणं, अट्ठण्हं सुद्धीणं, सत्तण्हं भयाणं, सत्तविहसंसाराणं, छण्हं जीवणिकायाणं, छण्हं आवासयाणं, पंचण्हं इंदियाणं, पंचण्हं महव्वयाणं, पंचण्हं चरित्ताणं, चउण्हं सण्णाणं, चउण्हं पच्चयाणं, चउण्हं उवसग्गाणं, मूलगुणाणं, उत्तरगुणाणं, दिट्ठियाए पुट्ठियाए पदोसियाए परिदावणियाए, से कोहेण वा माणेण वा माएण वा लोहेण वा रागेण वा दोसेण वा मोहेण वा हस्सेण वा भएण वा पदोसेण वा पमादेण वा पिम्मेण वा पिवासेण वा लज्जेण वा, गारवेण वा एदेसिं अच्चासणदाए, तिण्हं दंडाणं, तिण्हं लेस्साणं, तिण्हं गारवाणं, दोण्हं अट्टरुद्दसंकिलेसपरिणामाणं, अप्पसत्थसंकिलेसपरिणामाणं, मिच्छणाण-मिच्छदंसण-मिच्छचरित्ताणं, मिच्छत्तपाउग्गं, असंयमपाउग्गं, कसाय-

---

दश[1] धर्मध्यान नव ब्रह्मचर्य-गुप्ती[2] नव नोकषाय भी हैं।
सोलह कषाय अठ कर्म आठ, प्रवचनमाता[3] अठ शुद्धी[4] हैं।।
भय सात सात[5] संसार जीव, षट्काय व छह आवश्यक हैं।
इंद्रियां पांच महाव्रत सुपांच, पण समिती चारित पांचहि हैं।।४।।
चउ संज्ञा[6] प्रत्यय[7] चार तथा, उपसर्ग[8] चार भी कहे गये।
अठबीस मूलगुण उत्तरगुण, बहुविध उन सबमें दोष हुए।।
जो अशुभराग से महिलादी को, अवलोका[9] स्पर्शा[10] हो।
मन वचन काय की दुष्ट क्रिया[11], परितापन की[12] किरिया की हो।।५।।
इन सबमें क्रोध मान माया, या लोभ राग या द्वेष निमित।
या मोह हास्य या भय प्रदोष, व प्रमाद प्रेम गृद्धी[13] निमित्त।।

---

१. अपायविचय, उपाय विचय, विपाक-विचय, विरागविचय, लोकविचय, भवविचय, जीवविचय, आज्ञाविचय, संस्थानविचय और संसारविचय ये १० धर्मध्यान हैं। (प्रतिक्रमण ग्रंथत्रयी पृ. १०)। २. तिर्यंचिनी, मनुष्यिनी और देवांगना इन तीन प्रकार की स्त्रियों का मन वचन काय से सेवन नहीं करना ये नव ब्रह्मचर्य गुप्तियां हैं। (प्रतिक्रमण ग्रं. पृ. १२)। ३. पांच समिति और तीन गुप्ति ये आठ प्रवचन माता हैं। ४. मन, वचन, काय की शुद्धि, आहार की शुद्धि, ईर्यापथशुद्धि, व्युत्सर्गशुद्धि, शयनासन शुद्धि और विनयशुद्धि ये ८ शुद्धियां हैं। ५. एकेंद्रिय जीव के सूक्ष्म-बादर, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पंचेन्द्रिय के संज्ञी और असंज्ञी ये संसारी जीव के सात भेद हैं। इनमें भ्रमण करना ही सात प्रकार का संसार है। ६. आहार, भय, मैथुन और परिग्रह। ७. मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग ये चार कर्मास्रव के कारण हैं। ८. देव, मनुष्य, तिर्यंच और अचेतनकृत उपसर्ग चार प्रकार के हैं। ९. स्त्री-पुरुषों के अंगोपांग का रागभाव से देखना दृष्टि क्रिया है। १०. स्त्री-पुरुषों के अंगोपांग का राग भाव से स्पर्श करना स्पृष्टि क्रिया है। ११. दुष्ट मन-वचन-काय की क्रिया प्रादोषिकी क्रिया है। १२. पर को कष्ट देने की क्रिया परितापन की क्रिया है। १३. पिपासा-विषयों की अतिगृद्धी।

पाउग्गं, जोगपाउग्गं, अपाउग्गसेवणदाए, पाउग्गगरहणदाए, इत्थ मे जो कोई देवसिओ (राइओ) अदिक्कमो वदिक्कमो अइचारो अणाचारो आभोगो अणाभोगो तस्स भंते! पडिक्कमामि, मए पडिक्कंतं तस्स मे सम्मत्तमरणं समाहिमरणं पंडियमरणं वीरियमरणं दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।।२।।

वद समिदिंदियरोधो लोचो आवासयमचेलमण्हाणं।
खिदिसयणमदंतवणं ठिदिभोयणमेयभत्तं च।।१।।

लज्जा से या गारव से जो, व्रत आदी में आसादन की।
उसका आलोचन करके मैं, दैवसिक दोष को हरूँ अभी।।६।।
त्रयदंड[1] अशुभत्रय लेश्यायें, त्रय गारव-ऋद्धि स्वाद रस के।
दो आर्त रौद्र संक्लेश भाव, त्रय अप्रशस्त[2] संक्लेशहिं के।।
मिथ्या कुज्ञान मिथ्या दर्शन, मिथ्याचारित मिथ्याभिप्राय[3]।
असंयम व कषाय योग माने, इन तीनों के प्रायोग्य[4] भाव।।७।।
अप्रायोग्य सेवन-नहिं करने, योग्य कार्य को किया यदी।
प्रायोग्य[5]-योग्य सम्यक्त्व आदि, भावों की निंदा किया यदी।।
इनसे जो कुछ भी दिन भर में, (रात्री में) अतिक्रम[6] व्यतिक्रम[7] अतिचार[8] किया।
या अनाचार[9] आभोग[10] व अनाभोग[11] करके बहुदोष किया।।८।।
हे भगवन्! उसका प्रतिक्रमण, करता हूँ ऐसे मेरा प्रभु।
सम्यक्त्वमरण[12] व समाधि व पंडित-मरण[13] वीर्ययुतमरण[14] प्रभू।।
दु:खों का क्षय कर्मों का क्षय, होवे प्रभु बोधिलाभ होवे।
हो सुगतिगमन व समाधिमरण, जिनगुण की संप्राप्ती होवे।।९।।
व्रत समिती इन्द्रिय निरोध छह आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंत-धावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।

---

१. दुष्ट मन-वचन-काय ये तीन दंड हैं। २. माया, मिथ्या, निदान ये तीन अप्रशस्त संक्लेश भाव हैं। ३. कुदेव, कुधर्म और कुतत्त्व में विपरीत अभिप्राय मिथ्या प्रायोग्य हैं। ४. असंयम १२ प्रकार का है इसका प्रायोग्य-करना, कषायों का प्रायोग्य-करना और योग-मन वचन काय का परिस्पंदन करना ये तीन प्रायोग्य हुए। ५. प्रायोग्य ग्रहण-करने योग्य की गर्हा की हो। ६. मन की शुद्धि की हानि होना अतिक्रम है। ७. विषयों की अभिलाषा व्यतिक्रम है। ८. आवश्यक आदि क्रियाओं में आलसकरना अतिचार है। ९. व्रतों को भंग कर देना अनाचार है। १०. पूजा महत्त्व आदि की अभिलाषा से कापोत लेश्यायुक्त भावों द्वारा अति प्रकटअनुष्ठान-गलत कार्य करना आभोग है। ११. लज्जादि के वश में लोगों से छिपाकर दोषादि करना अनाभोग है। (प्रतिक्रमण ग्रन्थत्रयी पृ. १९)। १२. सम्यक्त्व सहित मरण हो। १३. भक्त प्रत्याख्यान, इंगिनी और प्रायोपगमन ये तीनमरण पंडित मरण हैं। १४. वीरता सहित मरण वीर्यमरण है।

एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थ पमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होदु मज्झं।

(इति प्रतिक्रमणपीठिकादंडकः।)

अथ सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां कृतदोषनिराकरणार्थं पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावन्दना-स्तवसमेतं श्रीप्रतिक्रमणभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं—

(प्रतिज्ञा करके पंचांग नमस्कार करें। पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके सामायिक दण्डक पढ़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करके **२७ उच्छ्वास में ९ जाप्य करें**। पुनः पंचांग नमस्कार करके तीन आवर्त एक शिरोनति करके थोस्सामि स्तव पढ़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करके प्रक्रिमण भक्ति पढ़ें।)

(निषिद्धिकादंडकाः प्रतिक्रमणभक्तिः)

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।।२।।

णमो जिणाणं ३, णमो णिस्सिहीए ३, णमोत्थु दे ३, अरहंत! सिद्ध! बुद्ध! णीरय! णिम्मल! सममण! सुभमण[1]! सुसमत्थ! समजोग! समभाव! सल्लघट्टाणं

जिनवर कथित मूलगुण मुनि के, प्रमाद से इनमें अतिचार।
उनसे दूर हुआ हूँ मेरा, छेदोपस्थापन हो नाथ।।

अथ सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां कृतदोष-निराकरणार्थं पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावंदनास्तवसमेतं प्रतिक्रमणभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् सामायिक दण्डक, ९ जाप्य, थोस्सामि........पढ़ें)

निषिद्धिका (निषिधिका) दंडक

प्रतिक्रमणभक्ति —

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।
नमो जिनेभ्यः ३, नमो निषीधिकायै[2] ३, नमोऽस्तु ते ३।

चौबोल छंद — हे अर्हंत सिद्ध बुद्धा, नीरज निर्मलसम मन सुमना।
हे सुसमर्थ परम शमयोग, शमभावी हे भवशमना।।

---

१. प्रतिक्रमण ग्रन्थत्रयी में 'सुमण' ऐसा पाठ है। २. जिन और सिद्धों की कृत्रिम-अकृत्रिम प्रतिमा,इनके मंदिर, ऋद्धिसहितमुनि आदि रूप से निषीधिका के १७ अर्थ टीका में किये हैं।

सल्लघत्ताणं! णिब्भय! णीराय! णिद्दोस! णिम्मोह! णिम्मम! णिस्संग! णिस्सल्ल! माण-माय[1]-मोस-मूरण! तवप्पहावण! गुणरयणसीलसायर! अणंत! अप्पमेय! महदिमहावीर-वड्ढमाण-बुद्धिरिसिणो चेदि णमोत्थु ए णमोत्थु ए णमोत्थु ए।

मम मंगलं अरहंता य सिद्धा य बुद्धा य जिणा य केवलिणो ओहिणाणिणो मणपज्जवणाणिणो चउदसपुव्वंगमिणो सुदसमिदिसमिद्धा य तवो य वारहविहो तवस्सी, गुणा य गुणवंतो य, महरिसी तित्थं तित्थंकरा य, पवयणं पवयणी य, णाणं णाणी य, दंसणं दंसणी य, संजमो संजदा य, विणीओ विणदा य, बंभचेरवासो बंभचारी य, गुत्तीओ चेव गुत्तिमंतो य, मुत्तीओ चेव मुत्तिमंतो य, समिदीओ चेव समिदिमंतो य, ससमयपरसमयविदू, खंतिक्खवगा य खंतिवंतो य, खीणमोहा य खीणवंतो य, बोहियबुद्धा य बुद्धिमंतो य, चेइयरुक्खा य चेइयाणि।

शल्यदुखित के शल्यविनाशन, हे निर्भय निराग निर्दोष।
हे निर्मोह विगत ममता निःसंग तथा निःशल्य विशेष।।१।।
मद माया असत्य के मर्दक, तपःप्रभावी हे परमेश।
गुण-शीलादिरत्नत्रयसागर, हे अनंत अप्रमेय महेश।।
महति पूज्य महावीर वीर, हे वर्धमान हे बुद्धि ऋषीश।
नमस्कार हो नमस्कार हो, नमस्कार हो तुम्हें हमेश।।२।।
मेरा मंगल करें सर्व, अर्हंत सिद्ध बुद्धा जिनराज।
केवलि जिन अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी ऋषिराज।।
चौदश पूर्व अंग पारंगत, अंगबाह्य श्रुतसंपन्ना।
बारह तप तपसी गुण और, गुणोंयुत महाऋद्धि शरणा।।३।।
तीर्थ और तीर्थंकर प्रवचन, प्रवचनयुत व ज्ञान ज्ञानी।
सद्दर्शन सम्यग्दृष्टी, संयम व संयमी मुनिध्यानी।।
विनय तथा सुविनययुत साधू, ब्रह्मचर्य व्रत ब्रह्मचारी।
गुप्ति गुप्तिधर मुक्ति मुक्तियुत, समिति और समितिधारी।।४।।
स्वमत और परमत के ज्ञाता, क्षमाशील अरु क्षपक मुनी।
क्षीणमोह यति बोधितबुद्ध, बुद्धिऋद्धीयुत परममुनी।।
चैत्यवृक्ष जिनबिम्ब अकृत्रिम-कृत्रिम जितने त्रिभुवन में।
मेरा मंगल करें सभी ये, ये मंगलप्रद तिहुँजग में।।५।।

---

१. प्रतिक्रमण ग्रन्थत्रयी में 'माया' ऐसा पाठ है।

उड्ढमहतिरियलोए सिद्धायदणाणि णमंसामि, सिद्धणिसीहियाओ अट्ठावयपव्वए सम्मेदे उज्जंते चंपाए पावाए मज्झिमाए हत्थिवालियसहाए जाओ अण्णाओ काओवि णिसीहियाओ जीवलोयम्मि, इसिपब्भारतलग्गयाणं सिद्धाणं बुद्धाणं कम्मचक्कमुक्काणं णीरयाणं णिम्मलाणं, गुरु-आइरिय-उवज्झायाणं पव्वत्ति-त्थेर-कुल-यराणं, चाउवण्णो य समणसंघो य भरहेरावएसु दससु पंचसु महाविदेहेसु। जे लोए संति साहवो संजदा तवसी एदे मम मंगलं पवित्तं! एदेहं मंगलं करेमि भावदो विसुद्धो सिरसा अहिवंदिऊण सिद्धे काऊण अंजलिं मत्थयम्मि, तिविहं तियरणसुद्धो।।९।।

(इति निषिद्धिकादण्डकः।)

पडिक्कमामि भंते! देवसियस्स (राइयस्स) अइचारस्स अणाचारस्स मणदुच्चरियस्स वचिदुच्चरियस्स कायदुच्चरियस्स णाणाइचारस्स

ऊर्ध्व अधो अरु मध्यलोक में, सिद्धायतन नमूँ उनको।
सिद्धक्षेत्र अष्टापद सम्मेदाचल ऊर्जयन्त गिरि को।।
चंपा पावा नगरि मध्यमा, हस्तिबालिका मंडप में।
और अन्य भी मनुज लोक में, तीर्थ क्षेत्र सबको प्रणमें।।६।।
मोक्षशिला को प्राप्त सिद्ध, जिनबुद्ध कर्म से मुक्त महान।
विगत कर्मरज नीरज विरहित, भावकर्ममल से अमलान।।
पांच भरत पांच ऐरावत, पांचों महाविदेहों में।
सूरि उपाध्याय गुरू प्रवर्तक, स्थविर और कुलकर जितने।।७।।
चर्तुवर्णयुत श्रमण संघ के, साधू जितने इस जग में।
संयम तपसी ये सब मेरे, पावन मंगल हेतु बनें।।
भावसहित मैं त्रिविधशुद्धियुत, अंजलि मस्तक पर धरके।
त्रिविधक्रिया में शीश झुकाकर, सबको वंदूँ रुचि करके।।८।।

।। इति निषिद्धिका दण्डक।।

शंभु छन्द — हे भगवन् ! दिन में (रात्रिक) व्रतों में, जो अतिचार अनाचार दोष हुए।
उन सबका मैं प्रतिक्रमण करूँ, चारित में जो अतिचार हुए।।
मन का दुश्चरित वचन दुश्चारित, काय दुश्चरित यदी हुए।
ज्ञानातिचार[१] दर्शन-तप में, अतिचार वीर्य अतिचार हुए।।

---

१. ज्ञान, दर्शन, तप, वीर्य और चारित्र इन पांच पंचाचारों में जो अतिचार हुए हों।

दंसणाइचारस्स तवाइचारस्स वीरियाइचारस्स चारित्ताइचारस्स। पंचण्हं महव्वयाणं पंचण्हं समिदीणं तिण्हं गुत्तीणं छण्हं आवासयाणं छण्हं जीवणिकायाणं विराहणाए पील कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमणिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।१।।

पडिक्कमामि भंते! अइगमणे णिग्गमणे ठाणे गमणे चंकमणे उव्वत्तणे आउंचणे पसारणे आमासे परिमासे कुइदे कक्कराइदे चलिदे णिसण्णे सयणे उव्वट्टणे परियट्टणे एइंदियाणं वेइंदियाणं तेइंदियाणं चउरिंदियाणं पंचिंदियाणं जीवाणं संघट्टणाए संघादणाए उद्दावणाए परिदावणाए विराहणाए एत्थ मे जो कोई देवसिओ (राईओ) अदिक्कमो वदिक्कमो अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।२।।

पडिक्कमामि भंते! इरियावहियाए विराहणाए उड्ढमुहं चरंतेण वा अहोमुहं चरंतेण वा तिरियमुहं चरंतेण वा दिसिमुहं चरंतेण वा विदिसिमुहं चरंतेण वा

जो पाँच महाव्रत पाँच समिति, त्रयगुप्ति षडावश्यक व्रत हैं।
छह जीव निकाय कहे इन सबकी, मैंने विराधना की है।।
इन जीवों को पीड़ा की मैंने या पर से करवायी हो।
करते को भी अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।१।।
हे भगवन् ! शीघ्र गमन करने, निर्गमन क्रिया व ठहरने में।
जो गमन किया अरु व्यर्थ गमन, उद्वर्तन अरु परिवर्तन में।।
हस्तादि संकुचन फैलाने, आमर्शन[१] तनु[२] स्पर्शन में।
पूत्कार किये कर्कश[३] बोले, चलने में तथा बैठने में।।
सोने में सोकर उठने में, उठकर सोने इन किरिया में।
एकेन्द्री द्वीन्द्री त्रीन्द्री चउ-इन्द्रिय पंचेन्द्रिय जीव हने।।
जीवों का परस्पर संघट्टन, पुंजीकरने व मारने से।
परिताप विराधन करने से, दिनभर में (रात्री में) जो कुछ दोष लगे।।
व्रत में कुछ भी हो अतिक्रम व्यतिक्रम, अतिचार अनाचारादी जो।
इन सबका मैं प्रतिक्रमण करूँ, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।२।।
हे भगवन् ईर्यापथिक दोष का, प्रतिक्रमण करता हूँ मैं।
ऊपर मुखकर नीचे मुखकर, तिरछे मुख करके चलने में।।

---

१. शरीर के किसी निश्चित प्रदेश का र्स्पश करना 'आमर्श' है। २. सर्व शरीर का स्पर्शन 'परिमर्श' है। ३. दांत किटकिटाना या अतिकर्कश बोलना।

पाणचंकमणदाए वीयचंकमणदाए हरियचंकमणदाए उत्तिंग-पणय-दय-मट्टिय-मक्कडय-तंतु-सत्ताण चंकमणदाए पुढविकाइयसंघट्टणाए आउकाइय-संघट्टणाए तेउकाइयसंघट्टणाए वाउकाइयसंघट्टणाए वणप्फदिकाइयसंघट्टणाए तसकाइयसंघट्टणाए उद्दावणाए परिदावणाए विराहणाए इत्थ मे जो कोई इरियावहियाए अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।३।।

पडिक्कमामि भंते! उच्चार-पस्सवण-खेल-सिंहाण-वियडिय-पइट्ठावणियाए पइट्ठावंतेण जे केई पाणा वा भूदा वा जीवा वा सत्ता वा संघट्टिदा वा संघादिदा वा उद्दाविदा वा परिदाविदा वा इत्थ मे जो कोई देवसिओ (राईओ) अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।४।।

चउदिश में मुखकर या विदिशाओं, में मुख करके चलने से।
दो त्रय चउ इंद्रिय जीव उपरि, अरु बीज हरित पर चलने से।।
उतिंग[1] पणय[2] हिमकण जल अरु, मट्टिय[3] मकड़ी तंतू[4] ऊपर।
पृथ्वी जल अग्नि वायु कायिक, चउ सत्त्वों[5] ऊपर चलने पर।।
पृथ्वीकायिक संघटन किया, जलकायिक का संघटन किया।
अग्नीकायिक संघटन किया, वायूकायिक संघटन किया।।
संघटन वनस्पतिकायिक का, त्रसकायिक का संघटन किया।
इन सबका प्राण वियोग किया, परिताप विराधन यदी किया।।
इस ईर्यापथ से चलने में, मुझसे अतिचार हुए कुछ जो।
या अनाचार भी हुए प्रभो! वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।३।।

हे भगवन्! मैं प्रतिक्रमण करूँ, मलमूत्र थूक नासामल को।
या अन्य विकृति[6] को तजने में, हुए दोष प्रतिष्ठापन में जो।।
विकलत्रय प्राण[7] व भूत वनस्पति, जीव पंचेंद्रिय सत्त्व चऊ।
भू उदक अग्नि अरु वायु इन्हों का, संघट्टन संघात कियो।।
मारण या परितापन से इन, सबमें दिनभर में (रात्री में) कुछ भी जो।
अतिचार अनाचारादि हुए, वह दृष्कृत मेरा मिथ्या हो।।४।।

---

१. अतिसुकुमार ईलि कृमि को उत्तिंग कहते हैं। २. काई या कांजी आदि ऊपर लगी हुई फफूंदी पणय है। ३. बहुत पैर जिसके रहते हैं ऐसा जो 'कनखजूरा' जैसा प्राणी है उसे 'मट्टिय' कहते हैं। ४. तंतुणक कोई जीव है। ५. पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु इन चार को सत्त्व कहते हैं। ६. अन्य विकृति से पसीना आदि शरीर मल समझना। ७. विकलत्रय 'प्राण' कहलाते हैं, वनस्पति को 'भूत' कहते हैं, पंचेन्द्रिय को 'जीव' और पृथ्वी आदि चार को सत्त्व नाम है।

पडिक्कमामि भंते! अणेसणाए पाणभोयणाए पणयभोयणाए वीयभोयणाए हरियभोयणाए आहाकम्मेण वा पच्छाकम्मेण वा पुराकम्मेण वा उद्दिट्ठयडेण वा णिद्दिट्ठयडेण वा दयसंसिट्ठयडेण वा रससंसिट्ठयडेण वा परिसादणियाए पइट्ठावणियाए उद्देसियाए णिद्देसियाए कीदयडे मिस्से जादे ठविदे रइदे अणसिट्ठे बलिपाहुडदे पाहुडदे घट्टिदे मुच्छिदे अइमत्तभोयणाए इत्थ मे जो कोई गोयरस्स अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।५।।

पडिक्कमामि भंते! सुमणिंदियाए विराहणाए इत्थिविप्परियासियाए दिट्ठिविप्परियासियाए मणविप्परियासियाए वचिविप्परियासियाए कायविप्परिया-

---

हे भगवन्! मैं प्रतिक्रमण करूँ, एषण समिति में दोष हुए।
पानक भोजन पुष्पित भोजन, अरु बीज हरित भोजन जु किये।।
जो अध:कर्म[1] निर्मित भोजन, पश्चात्[2] अरु पुराकर्म[3] कीया।
उद्दिष्टदोष[4] निर्दिष्टदोष[5], जलसंश्रित रससंसृष्ट[6] लिया।।
करपुट से गिरा-गिरा खाया[7], व प्रतिष्ठापनिका[8] दोष किया।
उद्देशिक[9] निर्देशिक[10] व क्रीतकृत[11], मिश्रजात[12] थापित[13] भि लिया।।
अनिसृष्ट[14] रचित[15] बलिप्राभृत[16] प्राभृत[17], घट्टित[18] अतिगृद्धी[19] करके।
अतिमात्र किया आहार एषणा-समिती में दूषण करके।।
इस गोचरिचर्या में कुछ भी, अतिचार व अनाचार हुए जो।
इन दोषों का शोधन करता, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।५।।
हे भगवन् ! मैं प्रतिक्रमण करूँ, स्वप्ने में किया विराधन जो।
स्त्री में विपर्यास[20] बुद्धी, दृष्टी[21] से अशुभभाव हुए जो।

---

१. छह जीव घात से-पंचसूना से बनाया भोजन अध:कर्म है। २. साधु आहार कर चले जायें पुनः भोजन बनाना 'पश्चात् कर्म' है। ३. मुनि के आहार के लिए आने पर भोजन पकाना 'पुराकर्म' है। ४. मुनि का ही उद्देश्य करके भोजन बनाना। ५. आपके लिए यह बनाया है, ऐसा कहना। ६. घी, तैल आदि से चिकने हाथ या पात्र से आहार देना। ७. करपात्र से गिरा-गिराकर खाना 'परिसातिका' दोष है। ८. खड़े होने का, बर्तन रखने का और दातार के खड़े होने का ऐसे तीन स्थान को न देखकर आहार लेना। ९. अन्य लिंगी के निमित्त बना आहार।। १०. पर के हाथ से दिलाया आहार। ११. आहार के समय खरीदकर लाकर दिया आहार। १२. पाखंडी और गृहस्थों के निमित्त बना भोजन। १३. दूसरे बर्तन में निकालकर अन्यत्र रखा गया आहार। १४. गृहस्वामी के द्वारा निषिद्ध आहार। १५. रसना को गृद्धिकारी आहार 'रचित' या 'रतिद' है। १६. यक्ष, नाग आदि को चढ़ाने के लिए नैवेद्य 'बलि' कहलाता है। १७. व्रतोद्यापन के लिए बनाया गया भोजन 'प्राभृत' है। १८. शुद्ध-अशुद्ध से संसर्गित आहार। १९. अतिगृद्धि से आहार लेना 'मूर्च्छित' दोष सहित है। २०. स्त्रियों के सेवन के बिना भी सेवन आदि का अभिप्राय 'स्त्री विपर्यासिका' है। २१. स्त्रियों के अवयवों को न देखते हुए भी देखने का अभिप्राय होना 'दृष्टिविपर्यासिका' है।

सियाए भोयणविप्परियासियाए उच्चावयाए सुमिणदंसणविप्परियासियाए पुव्वरए पुव्वखेलिए णाणाचिंतासु विसोतियासु इत्थ मे जो कोई देवसिओ (राईओ) अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।६।।

पडिक्कमामि भंते! इत्थीकहाए अत्थकहाए भत्तकहाए रायकहाए चोरकहाए वेरकहाए परपासंडकहाए देसकहाए भासकहाए अकहाए विकहाए णिट्ठुल्लकहाए परपेसुण्णकहाए कंदप्पियाए कुक्कुच्चियाए डंबरियाए मोक्खरियाए अप्पपसंसणदाए परपरिवादणदाए परदुगंछणदाए परपीडाकराए सावज्जाणुमोयणियाए इत्थ मे जो कोई देवसिओ (राईओ) अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।७।।

मन में विपरीतभाव[1] वच के, कुत्सित व काय के कुत्सित जो।
भोजन का विपर्यास[2] शुक्रच्युति[3], स्वप्नदर्श[4] कुत्सित भी जो।।
पूरबरत पूरबक्रीडत नाना-चिंता[5] निद्रादिक में जो।
दिन में (रात्रिक) अतिचार अनाचार हुए, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।६।।

हे भगवन् ! मैं प्रतिक्रमण करूँ, जो दोष लगे विकथाओं से।
स्त्री संबंधी राग कथा, भोजन नृप चोर कथाओं से।।
पाखंडी गुरु अरु देश व भाषा-कथा[6] तथा अकथा[7] विकथा[8]।
निष्ठुरवच परपैशून्य व कांदर्पिक[9] कौत्कुच[10] कलहादि[11] कथा।।
मौखर्य[12] व आत्मप्रशंसा पर-आरोप व परनिंदादि कथा।
पर की पीड़ादि कथा तथैव, सावद्यदोष अनुमती कथा।
इन विकथाओं के करने से, दिनभर में (रात्री में) मुझ से कुछ भी जो।
अतिचार अनाचार किये गये, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।७।।

---

१. इंद्रियों के विषयों में मन का विपरीत भाव होना। २. भोजन न करते हुए भी नींद में स्वप्न में खाना। ३. स्त्रियों में रागभाव के उद्रेक से वीर्य का च्युत हो जाना। ४. स्वप्न के देखने से विपरीत बुद्धि होना। ५. पूर्व के भोगे आदि विषयों का बार-बार स्मरण होना। ६. स्त्री, धन, भोजन, राजा या राज्य, चोर, बैर, परपाखंडी, देश और भाषा इन संबंधी नव कथायें यहां ली हैं। स्त्री आदि के बारे में रागभाव से चर्चा करना स्त्री कथा है। पुराण शास्त्रों में माता मरुदेवी, श्रीमती आदि के रूप का वर्णन पढ़ना सुनाना, सुनना आदि स्त्रीकथा दोष नहीं है ऐसे ही सर्वत्र समझना। ७. तप स्वाध्याय आदि से रहित असंबद्ध प्रलाप अकथा है। ८. विरूपक-खोटी कथा। ९. राग के उद्रेक से हंसते हुए अशिष्ट वचन बोलना। १०. राग से हंसी मजाक करते हुए काय की गलत चेष्टा करना। ११. विरह, कलह आदि की कथा। १२. घृष्टता से बहुत बकवास करना।

पडिक्कमामि भंते! अट्टज्झाणे रुद्दज्झाणे इहलोयसण्णाए परलोयसण्णाए आहारसण्णाए भयसण्णाए मेहुणसण्णाए परिग्गहसण्णाए कोहसल्लाए माणसल्लाए मायासल्लाए लोहसल्लाए पेम्मसल्लाए पिवाससल्लाए णियाणसल्लाए मिच्छादंसणसल्लाए कोहकसाए माणकसाए मायाकसाए लोहकसाए किण्हलेस्सपरिणामे णीललेस्सपरिणामे काउलेस्सपरिणामे आरम्भपरिणामे परिग्गहपरिणामे पडिसयाहिलासपरिणामे मिच्छादंसणपरिणामे असंजमपरिणामे कसायपरिणामे पावजोगपरिणामे कायसुहाहिलासपरिणामे सद्देसु रूवेसु गंधेसु रसेसु फासेसु काइयाहिकरणियाए पादोसियाए परिदावणियाए पाणाइवाइयासु, इत्थ मे जो कोई देवसिओ (राईओ) अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।८।।

हे भगवन् ! मैं प्रतिक्रमण करूँ, जो आर्त रौद्र दुर्ध्यान किया।
इस भवसंज्ञा परभवसंज्ञा, आहार व भय मैथुन संज्ञा।।
परिग्रह संज्ञा[1] पुनि क्रोधशल्य, अरु मानशल्य माया शल्या।
की लोभ अरु प्रेम शल्य व पिपासा-शल्य तथा निदान शल्या।
की मिथ्यादर्शनशल्य[2] क्रोध मद, माया लोभ कषाय किया।
काली लेश्या नीली लेश्या, कापोत अशुभ लेश्यादि किया।।
आरंभ-परीग्रह परीणाम, प्रतिश्रय[3] अभिलाषा भाव किये।
मिथ्यादर्शन परिणाम असंयम, अरु कषाय परिणाम किये।।
किये पापयोगपरिणाम[4] कायसुख, अभिलाषा परिणाम किये।
किये शब्द रूप रस गंध स्पर्श[5], कायिक सदोष[6] अधिकरण किये।।
प्रादोषिक[7] परिद्राविणी[8] क्रिया, प्राणातिपात[9] कुछ भी किये जो।
दिन भर में (रात्री में) अतिचार अनाचार, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।८।।

---

१. इहलोक, परलोक, आहार, भय, मैथुन और परिग्रह ये छह संज्ञायें मानी हैं। २. क्रोध, मान, माया, लोभ, प्रेम, पिपासा, निदान और मिथ्यात्व ये आठ शल्य मानी हैं। इनमें सेइस लोक में विषयों की आकांक्षा को पिपासा शल्य कहा है। ३. प्रतिश्रय—मठ, वसतिका आदि में मूर्च्छा परिणाम 'प्रतिश्रय अभिलाषा परिणाम' है। ४. पापों के योग्य परिणति होना। ५. पांचों इंद्रियों के विषयों में, शब्दादि में अभिलाषाभाव होना। ६. काय से सावद्य क्रिया और जीव-अजीव अधिकरण से कर्मों के आस्रव की क्रिया। ७. प्रकृष्ट दोष-प्रदोष की क्रिया—मन, वचन, काय के व्यापार रूप क्रिया प्रादोषिकी क्रिया है। ८. दुःखोत्पादक क्रिया परिद्राविणी क्रिया है। ९. जीवों के इंद्रिय आदि प्राणों का या एक-दो आदि प्राणों का घात करना प्राणातिपातिकी क्रिया है।

पडिक्कमामि भंते! एक्के भावे अणाचारे, वेसु रायदोसेसु, तीसु दंडेसु, तीसु गुत्तीसु, तीसु गारवेसु, चउसु कसाएसु, चउसु सण्णासु, पंचसु महव्वएसु, पंचसु समिदीसु, छसु जीवणिकाएसु, छसु आवासएसु, सत्तसु भएसु, अट्ठसु मएसु, णवसु बंभचेरगुत्तीसु, दसविहेसु समणधम्मेसु, एयारसविहेसु उवासयपडिमासु, वारसविहेसु भिक्खुपडिमासु, तेरसविहेसु किरियाट्ठाणेसु, चउदसविहेसु भूदगामेसु, पण्णरसविहेसु पमायठाणेसु, सोलसविहेसु पवयणेसु, सत्तारसविहेसु असंजमेसु, अट्ठारसविहेसु असंपराएसु, उणवीसाए णाहज्झाणेसु*, वीसाए असमाहिट्ठाणेसु, एक्कवीसाए सबलेसु, बावीसाए परीसहेसु, तेवीसाए सुद्दयडज्झाणेसु, चउवीसाए अरिहंतेसु, पणवीसाए भावणासु, पणवीसाए

हे भगवन् ! मैं प्रतिक्रमण करूँ, है एक भाव जो अनाचार।
दो रागद्वेष त्रय गुप्ति त्रिदंड, त्रिगारव और कषाय चार।।
चउ संज्ञा पांच महाव्रत पण, समिती छह जीव निकाय कहे।
छह आवश्यक भय सात आठ-मद ब्रह्मचर्यगुप्ती नव हैं।।
दश श्रमण धर्म ग्यारह प्रतिमा, बारहविध भिक्षू[१] प्रतिमा हैं।
तेरह विध[२] क्रियास्थान चतुर्दश, भूत[३] व प्रमाद[४] पंद्रह हैं।।
सोलह प्रवचन[५] सत्रहों असंयम[६] असंपराय[७] अठारह हैं।
उन्नीस नाथ अध्ययन[८] कथा असमाधिस्थान[९] सुबीस कहें।।
इक्कीस सबल[१०] बाइस परिषह तेईस सूत्रकृत[११] अध्ययन हैं।
चौबिस अरहंतदेव पचीस भावना पृथ्वी[१२] छब्बिस हैं।।

---

१. उत्तम संहननधारी मुनि दुर्लभ आहार का वृत्तिपरिसंख्यान करके आहार को निकले, एक मास में आहार करके ध्यान में स्थित हो जावे यह एकभिक्षु प्रतिमा है ऐसे बारह भेद टीकाकार ने किये हैं, ये ही बारह भिक्षु प्रतिमा हैं। २. छह आवश्यक, पंच परमेष्ठी नमस्कार, असही और निसही ये तेरह क्रियायें हैं। ३. चौदह जीव समास ही चौदह भूतग्राम-जीवसमूह हैं। ४. चार विकथा, चार कषाय, पांच इंद्रियां, एक स्नेह और एक निद्रा ये १५ प्रमाद हैं। ५. विभक्ति, काल और लिंग के ३-३ भेद ऐसे ९, अधिक, न्यून और मिश्र ये ३, समय, लोक, दृष्ट और परोक्ष ये ४ सब मिलाकर ९+३+४=१६, ये सोलह प्रवचन माने हैं। ६. पांच आस्रवों से विरति, पांच इंद्रियों का निग्रह, चार कषायजय और तीन गुप्ति ये १७ संयम हैं। इनसे विपरीत १७ असंयम हो जाते हैं। ७. दश धर्म, पांच समिति, तीन गुप्ति इन १८ को नहीं धारण करना ये १८ असंपराय-प्रकृष्ट पापास्रव के कारण हैं। ८. उन्नीस प्रकार की कथायें टीकाकार ने दी हैं। अथवा गुणस्थान, पर्याप्ति, प्राण, संज्ञा और १४ मार्गणा इनको १९ नाथाध्ययन माना है। ९. बीस असमाधि स्थान टीकाकार ने खोले हैं। १०. पांच रस, पांच वर्ण, दो गंध, आठ स्पर्श इन २० में और गृहस्थ परिवार में राग सहित होना ये २१ 'सबल' हैं। ११. तेईस प्रकार के सूत्रकृत अध्ययन हैं। १२. पृथ्वी के २६ भेद टीकाकार ने किये हैं।

* प्रतिक्रमण ग्रंथत्रयी के आधार से।

किरियट्ठाणेसु, छव्वीसाए पुढवीसु, सत्तावीसाए अणगारगुणेसु, अट्ठावीसाए आयारकप्पेसु, एउणतीसाए पावसुत्तपसंगेसु, तीसाए मोहणीयठाणेसु, एक्कत्तीसाए कम्मविवाएसु, बत्तीसाए जिणोवएसेसु, तेत्तीसाए अच्चासणदाए, संखेवेण जीवाणं अच्चासणदाए, अजीवाणं अच्चासणदाए, णाणस्स अच्चासणदाए, दंसणस्स अच्चासणदाए, चरित्तस्स अच्चासणदाए, तवस्स अच्चासणदाए, वीरियस्स अच्चासणदाए, तं सव्वं पुव्वं दुच्चरियं गरहामि, आगामेसीएसु पच्चुपण्णं इक्कंतं पडिक्कमामि, अणागयं पच्चक्खामि, अगरहियं गरहामि, अणिंदियं णिंदामि,

सत्ताइस विध अनगार सुगुण[१] अरु मूलसुगुण अट्ठाइस हैं।
उनतीस पापसूत्र[२] प्रसंग मोहनीय[३] थान भी तीस कहे।।
इकतीसहिं कर्मोदय विपाक[४] बत्तिस विध जिन उपदेश[५] कहे।
तेतिस अत्यासादना[६] दोष इन सबमें जो कुछ दोष हुए।।
संक्षेप से आसादना सात में जीवों के आसादन से।
अजीव के आसादन ज्ञानासादन दर्शन सादन से।।
चारित आसादन तप का आसादन वीर्यासादन से भी।
मैं सबकी गर्हा करता हूँ दुश्चरित किये पहले जो भी।।
मैं वर्तमान के दोषों को प्रतिक्रमण विधी से दूर करूँ।
आगे होने वाले दोषों का भी मैं प्रत्याख्यान करूँ।।
जिन दोषों की गर्हा नहिं की, मैं उनकी गर्हा करता हूँ।
जिन दोषों की निंदा नहिं की, अब उनकी निंदा करता हूँ।।
जिनका आलोचन नहीं किया, उनका आलोचन करता हूँ।
आराधन चउ स्वीकार करूँ विराधन का प्रतिक्रम करता हूँ।

---

१. द्वादश भिक्षु प्रतिमा, आठ प्रवचन माता, क्रोध, मान, माया, लोभ, मोह, राग, द्वेष इन सात का अभाव ये २७ अनगार गुण हैं। २. चित्रकर्म आदि सूत्र ऐसे २९ पापसूत्र प्रसंग माने हैं। ३. मोहनीय स्थान ३० टीका में स्पष्ट किये हैं। ४. कर्मविपाक के ३१ भेद टीका में हैं। ५. छह आवश्यक, बारह अंग, चौदह पूर्व इन ३२ का उपदेश जिनेन्द्रदेव कृत है। ६. पांच अस्तिकाय, छह जीव निकाय, पांच महाव्रत, आठ प्रवचन माता और नव पदार्थ इनकी आसादनाविराधना करना ३३ अत्यासादना दोष है। अथवा १. अर्हंत, २. सिद्ध ३. बुद्ध ४. जिन ५. केवली ६. केवलीप्रणीतधर्म ७. ज्ञान ८. दर्शन ९. चारित्र १०. तप ११. नियम १२. संयम १३. आचार्य १४. उपाध्याय १५. साधु १६. गण १७. गणी १८. तपस्वी १९. प्रवर्तक २०. स्थविर २१. कुलकर २२. साधर्मी २३. परधर्मी २४. श्रमण २५. श्रमणी २६. श्रावक २७. श्राविका २८. देव २९. देवी ३०. मनुष्य ३१. मनुष्यनी ३२. तिर्यंच ३३. तिर्यंचनी ये ३३ भेद कहे हैं, इनकी आसादना तेतीस अत्यासादना है।

अणालोचियं आलोचेमि, आराहणमब्भुट्ठेमि, विराहणं पडिक्कमामि इत्थ मे जो कोई देवसिओ (राईओ) अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।९।।

इच्छामि भंते! इमं णिग्गंथं पावयणं अणुत्तरं केवलियं पडिपुण्णं णेगाइयं सामाइयं संसुद्धं सल्लघट्टाणं सल्लघत्ताणं सिद्धिमग्गं सेढिमग्गं खंतिमग्गं मुत्तिमग्गं पमुत्तिमग्गं मोक्खमग्गं पमोक्खमग्गं णिज्जाणमग्गं णिव्वाणमग्गं सव्वदुक्खपरिहाणिमग्गं सुचरियपरिणिव्वाणमग्गं अवित्तहं अवि संति पवयणं उत्तमं तं सद्दहामि तं पत्तियामि तं रोचेमि तं फासेमि इदोत्तरं अण्णं णत्थि ण भूदं (ण भवं) ण भविस्सदि णाणेण वा दंसणेण वा चरित्तेण वा सुत्तेण वा इदो जीवा सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति परिणिव्वायंति सव्वदुक्खाणमंतं करेंति पडिवियाणंति

मुझ से इन सबमें जो कुछ भी दिनभर में (रात्री में) अतीचार हुए हों।
या अनाचार भी हुए प्रभो! वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।९।।
हे भगवन्! इच्छा करता हूँ, ऐसे निर्ग्रंथरूप की ही।
जिन आगम[1] कथित अनुत्तर यह केवलिसंबंधी[2] पूर्ण[3] यही।।
रत्नत्रयमय नैकायिक सम-एकत्वरूप सामायिक[4] है।
संशुद्ध शल्ययुतजन का शल्यविघातक और सिद्धिपथ है।।
यह श्रेणिमार्ग[5] अरु क्षमामार्ग मुक्तीपथ[6] तथा प्रमुक्तिपथ[7] है।
यह मोक्षमार्ग[8] व प्रमोक्षमार्ग[9] निर्यानपथ[10]रु निर्वाणपथ[11] है।।
यह सर्वदु:खपरिच्युतीमार्ग सुचरित्रपरिनिर्वाणमार्ग[12]।
अविसंवादक[13] प्रवचन उत्तम आश्रयते[14] इसको मुनीनाथ।।
इसकी मैं श्रद्धा करता हूँ, इसकी ही प्राप्ती करता हूँ।
इसमें ही मैं रुचि रखता हूँ, इसका ही स्पर्श करता हूँ।।
इससे बढ़कर नहिं अन्य कोई नहिं हुआ न होगा आगे भी।
सुज्ञान से दर्शन से चरित्र से सूत्र से मुनि धरते यह ही।।

१. प्रावचन-प्रवचन-आगम में कथित है। २. यह निर्ग्रंथ मुद्रा केवली बनाने वाली है। ३. छठे गुणस्थान से अयोगकेवलीपर्यंत यही मुद्रा रहती है अत: परिपूर्ण है। ४. सर्वसावद्यात्यागरूप है। ५. उपशम और क्षपक श्रेणी इसी निर्ग्रंथलिंग से चढ़ते हैं। ६. परिग्रह के त्याग का मार्ग है। ७. पूर्णनि:स्पृहता का मार्ग है। ८. संपूर्ण कर्मों के क्षय का मार्ग है। ९. अर्हंत, सिद्ध अवस्था की प्राप्ति का मार्ग है अथवा मोक्ष-अर्हंत अवस्था और प्रमोक्ष-सिद्ध अवस्था। १०. संसार पर्यटन से निकलना निर्यान है। ११. संसार से उपरत अथवा परमसुख को प्राप्त करना निर्वाण है। १२. सामायिक चारित्र आदि सुचरित हैं अर्थात् यह निर्ग्रंथलिंग उसी भव से या दो-तीन भव से मोक्ष प्राप्त कराने वाला है। १३. यह अवितथ है-समीचीन है-विसंवादी नहीं है। १४. मोक्षार्थी मुनि इसी का आश्रय लेते हैं। 'अविसंति'-आविशंति ऐसा भी पाठ है।

समणोमि संजदोमि उवरदोमि उवसंतोमि उवहिणियडिमाणमायमोसमिच्छणाण-मिच्छदंसण-मिच्छचरित्तं च पडिविरदोमि, सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचरित्तं च रोचेमि जं जिणवरेहिं पण्णत्तं, इत्थ मे जो कोई देवसिओ (राईओ) अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।१०।।

पडिक्कमामि भंते! सव्वस्स सव्वकालियाए इरियासमिदीए भासासमिदीए एसणासमिदीए आदाणणिक्खेवणसमिदीए उच्चारपस्सवणखेलसिंहाणयविय-डिपइट्ठावणिसमिदीए मणगुत्तीए वचिगुत्तीए कायगुत्तीए पाणादिवादादो वेरमणाए मुसावादादो वेरमणाए अदिण्णदाणादो वेरमणाए मेहुणादो वेरमणाए, परिग्गहादो वेरमणाए राइभोयणादो वेरमणाए सव्वविराहणाए सव्वधम्म अइक्कमणदाए

इससे ही जीव सिद्ध होते बुद्ध[1] होते-ऋद्धी पाते।
मुक्ती पाते निर्वाणप्राप्त[2]-कृतकृत्य निजात्मसौख्य पाते।।
शारीरिक मानस आगंतुक सब दु:खों का क्षय कर देते।
संपूर्ण चराचर त्रिभुवन को वे ही साक्षात् जान लेते।।
मैं श्रमण-मुनी हूँ संयत हूँ मैं उपरत[3] हूँ उपशांत[4] भि हूँ।
परिग्रह वंचन[5] व मान माया अरु असत्य से अतिविरक्त हूँ।।
मिथ्या अज्ञान मिथ्यादर्शन मिथ्याचरित्र से विरक्त हूँ।
सम्यग्ज्ञान सम्यग्दर्शन सम्यक् चारित में रुचि रखता हूँ।।
जो जिनवर भाषित हैं इनमें, मुझसे दिनभर में (रात्री में) कुछ भी जो।
अतिचार अनाचार दोष हुए, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।१०।।
हे भगवन् ! मैं प्रतिक्रमण करूँ, सब सार्वकाल[6] के दोषों में।
ईर्या भाषा एषणा और, आदान निक्षेपण समिती में।।
मल मूत्र थूक नासिकामल, विकृति को तजने समिति में।
मनगुप्ति वचनगुप्ति व काय-गुप्ती प्राणीवध विरती में।।
असत्यविरती अदत्तविरती, मैथुन व परिग्रह विरती में।
रात्रीभोजन विरती समस्त, जीवादि विराधन करने में।।
सम्पूर्ण धर्म आवश्यक्रियादी, का अतिक्रमण[7] भि करने में।
सब ही मिथ्या आचरणों से, बहु दोष उपार्जित करने में।।

१. निर्ग्रंथलिंग से ही जीव बुद्ध होते हैं, बुद्धि आदि ऋद्धियाँ प्राप्त कर लेते हैं और केवली हो जाते हैं। २. निर्वाण अर्थात् कृतकृत्य हो जाते हैं। ३. विषयों से व्यावृत्त हूँ। ४. राग-द्वेष के अभाव से मैं उपशांत हूँ। ५. निकृति-वंचना, ठगना। ६. सभी काल में हुए दोष सर्वकालिक हैं। ७. उलंघन करने से।

सव्वमिच्छाचरियाए इत्थ मे जो कोई देवसिओ (राईओ) अइचारो अणाचारो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।।११।।

इच्छामि भंते! वीरभत्तिकाउस्सग्गो जो मे देवसिओ (राईओ) अइचारो अणाचारो आभोगो अणाभोगो काइओ वाइओ माणसिओ दुच्चिंतीओ दुब्भासिओ दुप्पारिणामीओ दुस्समिणीओ, णाणे दंसणे चरित्ते सुत्ते सामाइए, पंचण्हं महव्वयाणं, पंचण्हं समिदीणं, तिण्हं गुत्तीणं, छण्हं जीवणिकायाणं, छण्हं आवासयाणं विराहणाए अट्ठविहस्स कम्मस्स णिग्घादणाए अण्णहा उस्सासिएण वा णिस्सासिएण वा उम्मिसिएण वा णिम्मिसिएण वा खासिएण वा छिंकिएण वा जंभाइएण वा सुहुमेहिं अंगचलाचलेहिं दिट्ठिचलाचलेहिं, एदेहिं सव्वेहिं असमाहिं पत्तेहिं आयारेहिं जाव अरहंताणं भयवंताणं पज्जुवासं करेमि ताव कायं पावकम्मं दुच्चरियं वोस्सरामि।

मुझसे जो कुछ भी दिनभर में (रात्रि में) अतिचार अनाचार हुए हों।
हे भगवन् ! उनकी शुद्धी हो वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।११।।
हे भगवन् ! मैं इच्छा करता हूँ वीरभक्ति के व्युत्सर्ग[१] की।
जो मुझसे दिनभर में (रात्री में) अतिचार, अनाचार आभोग[२] यदी।।
हुए अनाभोग[३] कायिक[४] वाचिक[५] मानस[६] तथैव दुश्चिंतन से।
दुर्भाषण से दुष्परिणामों द्वारा तथैव दुःस्वप्नों से।।
सुज्ञान में दर्शन में चरित्र में जिन सूत्रों में सामायिक में।
पांचों महाव्रत पण समिति तीन गुप्ती छह जीव निकायों में।।
छह आवश्यक किरिया इन सबके दोष विशोधन हेतु मैं।
अरु आठ प्रकार कर्म के घातन हेतु करूँ तनुसर्ग मैं।।
बहु अन्य प्रकारों से उच्छ्वास तथा निःश्वास के लेने से।
अरु आंख खोलने पलक झपकने खांसी छींक जंभाई से।।
बहु सूक्ष्म अंग के हिलने डुलने नेत्र चलाचल करने से।
जो दोष किये इन सब असमाधी[७] कारक बहु आचरणों से।।
मैं जब तक अर्हन्, भगवन्तों, की पर्युपासना करता हूँ।
तब तक तो पापकर्म दुश्चारित इन सबको मैं तजता हूँ।।१२।।

---

१. कायोत्सर्ग। २. अतिप्रकट दोष आभोग है। ३. अप्रकट दोषों को करना अनाभोग है। ४. दुश्चरित्रलक्षण। ५. खोटे वचनरूप। ६. खोटे चिंतनरूप। ७. धर्म-शुक्ल ध्यान समाधि हैं इन्हें न करना असमाधि है।

वदसमिदिंदियरोधो लोचो आवासयमचेलमण्हाणं।
खिदिसयणमदंतवणं ठिदिभोयणमेयभत्तं च।।१।।
एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थ पमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होउ मज्झं।

अथ सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेणसकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावन्दनास्तवसमेतं निष्ठितकरण-वीरभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहम्।

(इति प्रतिज्ञाप्य)

दिवसे १०८ रात्रौ च ५४ उच्छ्वासेषु णमो अरिहंताणं इत्यादि (दंडकं पठित्वा कायोत्सर्गं कुर्यात्) पश्चात् थोस्सामीत्यादि (चतुर्विंशति-स्तवं) पठेत्।

(ऐसी प्रतिज्ञा करके पंचांग नमस्कार करें। पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके सामायिक दंडक पढ़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करें। अनंतर रात्रिक प्रतिक्रमण में ५४ उच्छ्वास में १८ बार णमोकार मंत्र जपकर पंचांग नमस्कार करें व दैवसिक प्रतिक्रमण में १०८ उच्छ्वास में ३६ बार णमोकार मंत्र जपें। पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके थोस्सामि स्तव पढ़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करके वीरभक्ति पढ़ें।)

वीरभक्तिः

यः सर्वाणि चराचराणि विधिवद्-द्रव्याणि तेषां गुणान्।
पर्यायानपि भूतभाविभवतः, सर्वान् सदा सर्वदा।

व्रत समिती इंद्रिय निरोध छह आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंतधावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।
जिनवर कथित मूलगुण मुनि के प्रमाद से इनमें अतिचार।
उनसे दूर हुआ हूँ मेरा छेदोपस्थापन हो नाथ।।१।।

अथ सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां कृतदोषनिराकरणार्थं पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावंदनास्तवसमेतं निष्ठितकरणवीरभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पृष्ठ ५ से सामायिक दण्डक पढ़कर दैवसिक प्रतिक्रमण में ३६ बार महामंत्र का जाप्य १०८ उच्छ्वासों में करें और रात्रिक प्रतिक्रमण में १८ बार महामंत्र का जाप्य ५४ उच्छ्वासों में करें पुनः पृष्ठ ६ से थोस्सामिस्तव पढ़ें।

वीरभक्ति

चौबोल छंद — जो विधिवत् सब लोक चराचर, द्रव्यों को उनके गुण को।
भूत भविष्यत् वर्तमान, पर्यायों को भी नित सबको।।

जानीते युगपत् प्रतिक्षणमतः, सर्वज्ञ इत्युच्यते
सर्वज्ञाय जिनेश्वराय महते, वीराय तस्मै नमः।।१।।
वीरः सर्वसुरासुरेन्द्रमहितो, वीरं बुधाः संश्रिताः
वीरेणाभिहतः स्वकर्मनिचयो, वीराय भक्त्या नमः।
वीरात्तीर्थमिदं प्रवृत्तमतुलं, वीरस्य वीरं[1] तपो
वीरे श्री द्युति-कान्ति-कीर्ति-धृतयो, हे वीर! भद्रं त्वयि।।२।।
ये वीरपादौ प्रणमन्ति नित्यं, ध्यानस्थिताः संयमयोगयुक्ताः।
ते वीतशोका हि भवन्ति लोके, संसारदुर्गं विषमं तरंति।।३।।
व्रतसमुदयमूलः संयमस्कन्धबन्धो, यमनियमपयोभिर्वर्धितः शीलशाखः।
समितिकलिकभारो गुप्तिगुप्तप्रवालो गुणकुसुमसुगन्धिः सत्तपश्चित्रपत्रः।।४।।
शिवसुखफलदायी यो दयाछाययोद्यः (द्घः)
शुभजनपथिकानां खेदनोदे समर्थः।

युगपत समय-समय प्रति जाने, अतः हुए सर्वज्ञ प्रथित।
उन सर्वज्ञ जिनेश्वर महति, वीर प्रभु को नमूँ सतत।।१।।

वीर सभी सुर असुर इन्द्र से, पूज्य वीर को बुध सेवें।
निज कर्मों को हता वीर ने, नमः वीर प्रभु को मुद से।।
अतुल प्रवर्ता तीर्थ वीर से, घोर वीर प्रभु का तप है।
वीर में श्री द्युति कांति कीर्ति, धृति हैं हे वीर! भद्र तुममें।।२।।

जो नित वीर प्रभू के चरणों, में प्रणमन करते रुचि से।
संयम योग समाधीयुत हो, ध्यान लीन होते मुद से।।
इस जग में वे शोक रहित हो, जाते हैं निश्चित भगवन् ।
यह संसार दुर्ग विषमाटवि, इसको पार करें तत्क्षण।।३।।

व्रत समुदाय मूल है जिसका, संयममय स्कंध महान् ।
यम अरु नियम नीर से सिंचित, बढ़ी सुशाखाशील प्रधान।।
समिति कली से भरित गुप्तिमय, कोंपल से सुन्दर तरु है।
गुण कुसुमों से सुरभित सत्तप, चित्रमयी पत्तों युत है।।४।।

शिवसुख फलदायी यह तरुवर, दयामयी छाया से युत।
शुभजन पथिक जनों के खेद, दूर करने में समरथ नित।।

१. घोरं इति पाठः प्रतिक्रमणग्रन्थत्रयीषु।

दुरितरविजतापं प्रापयन्नन्तभावं
स भवविभवहान्यै नोऽस्तु चारित्रवृक्षः।।५।।
चारित्रं सर्वजिनैश्चरितं, प्रोक्तं च सर्वशिष्येभ्यः।
प्रणमामि पंचभेदं, पंचमचारित्रलाभाय।।६।।
धर्मः सर्वसुखाकरो हितकरो, धर्मं बुधाश्चिन्वते।
धर्मेणैव समाप्यते शिवसुखं, धर्माय तस्मै नमः।
धर्मान्नास्त्यपरः सुहृद्भवभृतां, धर्मस्य मूलं दया,
धर्मे चित्तमहं दधे प्रतिदिनं, हे धर्म! मां पालय।।७।।
धम्मो मंगलमुद्दिट्ठं (मुक्किट्ठं), अहिंसा संयमो तवो।
देवा वि तस्स पणमंति, जस्स धम्मे सया मणो।।८।।

अंचलिका—**इच्छामि भंते! पडिक्कमणादिचारमालोचेउं, सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचरित्त-तव-वीरियाचारेसु जमणियम-संजम-सील-**

दुरित सूर्य के हुए ताप का, अन्त करे यह श्रेष्ठ महान् ।
वर चारित्र वृक्ष कल्पद्रुम, करे हमारे भव की हान।।५।।
सभी जिनेश्वर ने भवदुःखहर, चारित को पाला रुचि से।
सब शिष्यों को भी उपदेशा, विधिवत् सम्यक् चारित ये।।
पाँच भेद युत सम्यक् चारित, को प्रणमूँ मैं भक्ती से।
पंचम यथाख्यात चारित की, प्राप्ति हेतु वंदूँ मुद से।।६।।
धर्म सर्वसुख खानि हितंकर, बुधजन करें धर्म संचय।
शिवसुखप्राप्त धर्म से होता, उसी धर्म के लिए नमन।।
धर्म से अन्य मित्र नहिं जग में, दयाधर्म का मूल कहा।
मन को धरूँ धर्म में नित, हे धर्म! करो मेरी रक्षा।।७।।
धर्म महा मंगलमय है यह, कहा वीर प्रभु ने जग में।
प्रमुख अहिंसा संयम तपमय, धर्म सदा उत्तम सब में।।
जिसके मन में सदा धर्म है, सुरगण भी उसको प्रणमें।
मैं भी नमूं धर्म को संतत, धर्म बसो मेरे मन में।।८।।

अंचलिका—

हे भगवन् ! श्री वीर भक्ति का, कायोत्सर्ग किया जो मैं।
प्रतिक्रमण के अतिचारों की, आलोचन करता हूँ मैं।।

मूलुत्तरगुणेसु सव्वमईचारं सावज्जजोगं पडिविरदोमि असंखेज्जलोग-अज्झवसायठाणाणि अप्पसत्थजोगसण्णाणिंदियकसायगारवकिरियासु मणवयणकायकरणदुप्पणिहाणाणि परिचिंतियाणि किण्हणीलकाउलेस्साओ विकहापलिकुंचिएण उम्मग हस्सरदिअरदिसोय-(सोग) भयदुगंछवेयणविज्जं-भजंभाइआणि अट्टरुद्दसंकिलेसपरिणामाणि परिणामदाणि अणिहुदकरचरणमण-वयणकायकरणेण अक्खित्तबहुलपरायणेण अपडिपुण्णेण वासरक्खरावयपरि-संघायपडिवत्तिएण वा अच्छाकारिदं मिच्छा मेलिदं आमेलिदं वा मेलिदं वा अण्णहादिण्णं अण्णहापडिच्छदं आवासएसु परिहीणदाए कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमणिदो (मण्णिदो) तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

वदसमिदिंदियरोधो लोचो आवासयमचेलमण्हाणं।
खिदिसयणमदंतवणं ठिदिभोयणमेयभत्तं च।।१।।
एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थ पमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होउ मज्झं।

सम्यग्दर्शन ज्ञान चरित तप, वीर्य पांच आचारों में।
संयम नियम शील यम में औ, मूलगुणों उत्तर गुण में।।
जितने भी अतिचार हुए औ, पापयोग भी जो मुझसे।
उन सबसे मैं विरक्त होकर, आलोचन करता रुचि से।।
असंख्य लोकसम अध्यवसाय, स्थान योग अप्रशस्त कहे।
संज्ञा इन्द्रिय कषाय गारव, किरियाओं में जो कि हुए।।
मन वच तन के अशुभयोग से, चिंते कृष्ण नील कापोत।
लेश्या विकथा उत्पथ ग्लानी, हास्य रती अरती भय शोक।।
वेद विजृंभित आर्तरौद्र, संक्लेश भाव से किये गये।
अनिभृत कर पग मन वच तन से, इंद्रिय विषयों में अति से।।
स्वर व्यंजन पद परिसंघात के, उच्चारण में हानी से।
अन्य रूप प्रवृत्ती से मिथ्या, मेलित आमेलित विधि से।।
किया अन्यथा दिया अन्यथा, लिया तथा आवश्यक में।
हानी कृत कारित अनुमति से, सब दुष्कृत मिथ्या होवें।।
व्रतसमिती इन्द्रियनिरोध छह आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंतधावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।

अथ सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां कृतदोषनिराकरणार्थं पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावंदनास्तवसमेतं चतुर्विंशति-तीर्थंकरभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहम्।

(ऐसी प्रतिज्ञा करके पंचांग नमस्कार करें। पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके सामायिक दंडक पढ़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करें। **२७ उच्छ्वास में ९ बार मंत्र जपकर** पंचांग नमस्कार करें। पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके थोस्सामिस्तव पढ़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करके चौबीस तीर्थंकर भक्ति पढ़ें।)

चतुर्विंशतितीर्थंकरभक्तिः

चउवीसं तित्थयरे, उसहाइवीरपच्छिमे वंदे।
सव्वे सगणगणहरे, सिद्धे सिरसा णमंसामि।।१।।
ये लोकेऽष्टसहस्रलक्षणधरा, ज्ञेयार्णवान्तर्गता
ये सम्यग्भवजालहेतुमथनाश्चन्द्रार्कतेजोधिकाः।
ये साध्विन्द्रसुराप्सरोगणशतै-र्गीतप्रणुत्यार्चिता-
स्तान् देवान् वृषभादिवीरचरमान्, भक्त्या नमस्याम्यहम्।।२।।

जिनवर कथित मूलगुण मुनि के, प्रमाद से इनमें अतिचार।
उनसे दूर हुआ हूँ मेरा छेदोपस्थापन हो नाथ!।।१।।

अथ सर्वातिचार विशुद्ध्यर्थं दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावंदनास्तवसमेतं श्रीचतुर्विंशतितीर्थंकरभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पृष्ठ ५ से सामायिकदण्डक पढ़कर ९ जाप्य करके पृष्ठ ६ से थोस्सामिस्तव पढ़ें।)

चतुर्विंशति तीर्थंकर भक्ति

चौबोल छंद —

वृषभदेव से वीर प्रभू तक, चौबीस तीर्थंकर वंदूँ।
गणयुत सब गणधर देवों को, सिद्धों को शिर से प्रणमूँ।।१।।

जो इस जग में सहस आठ, लक्षणधर ज्ञेयसिंधु के पार।
जो सम्यक् भवजाल हेतु, नाशक रवि शशिप्रभ अधिक अपार।।
जो मुनि इन्द्र देवियों शत से, गीत नमित अर्चित कीर्तित।
उन वृषभादिवीर तक प्रभु को, भक्ती से मैं नमूँ सतत।।२।।

नाभेयं देवपूज्यं, जिनवरमजितं सर्वलोकप्रदीपं
सर्वज्ञं संभवाख्यं, मुनिगणवृषभं नंदनं देवदेवं।
कर्मारिघ्नं सुबुद्धिं, वरकमलनिभं पद्मपुष्पाभिगन्धं
क्षांतं दांतं सुपार्श्वं, सकलशशिनिभं चन्द्रनामानमीडे।।३।।
विख्यातं पुष्पदन्तं, भवभयमथनं शीतलं लोकनाथं।
श्रेयांसं शीलकोशं, प्रवरनरगुरुं वासुपूज्यं सुपूज्यम्।
मुक्तं दान्तेन्द्रियाश्वं, विमलमृषिपतिं सिंहसैन्यं मुनीन्द्रं
धर्मं सद्धर्मकेतुं, शमदमनिलयं स्तौमि शान्तिं शरण्यम्।।४।।
कुन्थुं सिद्धालयस्थं, श्रमणपतिमरं त्यक्तभोगेषु चक्रं
मल्लिं विख्यातगोत्रं, खचरगणनुतं सुव्रतं सौख्यराशिम्।
देवेन्द्रार्च्यं नमीशं, हरिकुलतिलकं नेमिचन्द्रं भवान्तं
पार्श्वंनागेन्द्रवन्द्यं, शरणमहमितो वर्धमानं च भक्त्या।।५।।

अंचलिका—**इच्छामि भंते! चउवीसतित्थयरभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, पंचमहाकल्लाणसंपण्णाणं अट्ठमहापाडिहेरसहियाणं चउतीसातिसयविसेससंजुत्ताणं बत्तीसदेविंदमणिमउडमत्थयमहिदाणं बलदेववासुदेव-**

देवपूज्य वृषभेश अजित, जिनवर त्रैलोक्य प्रदीप महान।
संभव जिन सर्वज्ञ मुनीगण, पुंगव अभिनंदन भगवान।।
कर्म शत्रुहन सुमति नाथ, वर कमल सदृश सुरभित पद्मेश।
श्री सुपार्श्व शमदमयुत शशिवत्, पूर्णचंद्र जिन नमूं हमेश।।३।।
भव भय नाशक पुष्पदंतजिन, प्रथित सु शीतल त्रिभुवन ईश।
शीलकोश श्रेयांस सुपूजित, वासुपूज्य गणधर के ईश।।
इंद्रिय अश्व दमनकृत ऋषिपति, विमल अनंत मुनीश नमूं।
सद्धर्मध्वज धर्मशरणपटु, शमदमगृह शांतीश नमूं।।४।।
सिद्धगृहस्थित कुंथु अरहप्रभु, श्रमणपती साम्राज्य त्यजित।
प्रथितगोत्र मल्लिप्रभ खेचरनुत, सुखराशि सु मुनिसुव्रत।।
सुरपति अर्चित नमिजिन हरिकुल, तिलक नेमि भव अंत किया।।
फणिपति वंद्य पार्श्व, भक्तीवश वर्द्धमान तव शरण लिया।।५।।
अंचलिका— हे भगवन् ! चौबीस भक्ति का, कायोत्सर्ग किया रुचि से।
उसके आलोचन करने की, इच्छा करता हूँ मुद से।।

चक्कहररिसिमुणिजइअणगारोवगूढाणं थुइसयसहस्सणिलयाणं उसहाइवीर-पच्छिममंगलमहापुरिसाणं णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ती होउ मज्झं।

वदसमिदिंदियरोधो लोचो आवासयमचेलमण्हाणं।
खिदिसयणमदंतवणं ठिदिभोयणमेयभत्तं च।।१।।
एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थ पमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होउ मज्झं।

अथ सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां श्रीसिद्धभक्ति प्रतिक्रमणभक्ति-निष्ठितकरणवीरभक्ति-चतुर्विंशतितीर्थंकरभक्तीः कृत्वा तद्धीनादिकदोषविशुद्ध्यर्थं आत्मपवित्रीकरणार्थं समाधिभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहम्।

(उपर्युक्त प्रतिज्ञा करके पंचांग प्रणाम करें। पुनः तीन आवर्त एक शिरोनति करके सामायिक दंडक पढ़कर तीन आवर्त एक शिरोनति करें। पुनः**२७ उच्छ्वास में ९ जाप्य** करके पंचांग नमस्कार करें। अनंतर तीन आवर्त एक शिरोनति करके थोस्सामिस्तव पढ़कर पुनरपि तीन आवर्त एक शिरोनति करें।)

अष्ट महा प्रातिहार्य सहित जो, पंच महाकल्याणक युत।
चौंतिस अतिशय विशेषयुत, बत्तिस देवेन्द्र मुकुट चर्चित।।
हलधर वासुदेव प्रतिचक्री, ऋषि मुनि यति अनगार सहित।
लाखों स्तुति के निलय वृषभ से, वीरप्रभु तक महापुरुष।।
मंगल महापुरुष तीर्थंकर, उन सबको शुभ भक्ती से।
नित्यकाल मैं अर्चूं पूजूं, वंदूं नमूं महारुचि से।।
दु:खों का क्षय कर्मों का क्षय, हो मम बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुणसंपति होवे।।
व्रत समिति इन्द्रिय निरोध छह आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंतधावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।
जिनवर कथित मूलगुण मुनि के प्रमाद से इनमें अतिचार।
उनसे दूर हुआ हूं मेरा छेदोपस्थापन हो नाथ !।।१।।

अथ सर्वातिचार विशुद्ध्यर्थं दैवसिक (रात्रिक) प्रतिक्रमणक्रियायां श्रीसिद्धभक्ति-प्रतिक्रमणभक्ति-निष्ठितकरणवीरभक्ति-चतुर्विंशतितीर्थंकरभक्ती: कृत्वा तद्धीनाधिकदोष-विशुद्ध्यर्थं आत्मपवित्रीकरणार्थं समाधिभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पृष्ठ ५ से सामायिक दण्डक पढ़कर ९ जाप्य करके पृष्ठ ६ से थोस्सामिस्तव पढ़कर समाधिभक्ति पढ़ें।

समाधिभक्ति:

अथेष्ट प्रार्थना- **प्रथमं करणं चरणं द्रव्यं नमः**

शास्त्राभ्यासो जिनपतिनुतिः संगतिः सर्वदार्यैः।
सद्वृत्तानां गुणगणकथा दोषवादे च मौनम् ।।
सर्वस्यापि प्रियहितवचो भावना चात्मतत्त्वे।
सम्पद्यन्तां मम भवभवे यावदेतेऽपवर्गः।।१।।
तव पादौ मम हृदये मम हृदयं तव पदद्वये लीनम्।
तिष्ठतु जिनेंद्र! तावद्यावन्निर्वाणसंप्राप्तिः।।२।।
अक्खरपयत्थहीणं मत्ताहीणं च जं मए भणियं
तं खमउ णाणदेवय! मज्झवि दुक्खक्खयं दिंतु।।३।।

अंचलिका —**इच्छामि भंते! समाहिभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, रयणत्तयसरूवपरमप्पज्झाणलक्खणसमाहिभत्तीए, णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि**

समाधिभक्ति

अथेष्टप्रार्थना—प्रथमं करणं चरणं द्रव्यं नमः[1]।

शास्त्रों का अभ्यास, जिनेश्वर नमन सदा सज्जन संगति।
चरितवान् के गुण गाऊँ और दोष कथन में मौन सतत।।
सबसे प्रियहित वचन कहूँ निज आत्म तत्त्व को नित भाऊँ।
जब तक मुक्ति मिले तब तक, भव-भव में इन सबको पाऊँ।।१।।

तव चरणांबुज मुझ मन में, मुझ मन तव लीन चरणयुग में।
तब तक रहें जिनेश्वर जब तक, मोक्ष प्राप्ति नहिं हो जग में।।२।।

अक्षर पद से हीन अर्थ, मात्रा से हीन कहा मैं जो।
हे श्रुतमातः! क्षमा करो सब, मम दुःखों का क्षय कीजो।।३।।

अंचलिका —

भगवन् ! समाधि भक्ति अरु, करके कायोत्सर्ग।
चाहूँ आलोचन करन, दोष विशोधन हेत ।।१।।

रत्नत्रय स्वरूप परमात्मा, उसका नाम समाधि है।
नित प्रति उस समाधि को अर्चूं, पूजूँ वंदूँ नमूँ उसे।।

---

१. प्रथमानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग, द्रव्यानुयोग को नमस्कार हो।

वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

इति दैवसिक-रात्रिकप्रतिक्रमणं समाप्तं

रात्रियोगनिष्ठापना क्रिया

नमोऽस्तु रात्रियोगनिष्ठापनक्रियायां योगिभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्वोक्त कृतिकर्म विधि से पृष्ठ ८ से सामायिकदण्डक पढ़कर ९ जाप्य करके पृष्ठ ९ से थोस्सामिस्तव पढ़कर वंदनामुद्रा से "जातिजरोरुरोग" इत्यादि बृहद्योगिभक्ति या लघु योगिभक्ति पढ़ें।)

लघु योगिभक्ति-

प्रावृट्काले सविद्युत्प्रपतित-सलिले वृक्षमूलाधिवासाः,
हेमन्ते रात्रिमध्ये प्रतिविगतभयाः, काष्ठवत्त्यक्तदेहाः।
ग्रीष्मे सूर्यांशुतप्ता गिरिशिखरगताः स्थानकूटान्तरस्था-
स्ते मे धर्मं प्रदद्युर्मुनिगणवृषभा मोक्षनिःश्रेणिभूताः।।१।।
गिह्मे गिरिसिहरत्था, वरिसायाले रुक्खमूलरयणीसु।
सिसरे बाहिरसयणा, ते साहू वंदिमो णिच्चं।।२।।

दुःखों का क्षय कर्मों का क्षय, होवे बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुण संपति होवे।।२।।

इस प्रकार पद्यानुवादरूप दैवसिक रात्रिक प्रतिक्रमण पूर्ण हुआ।।

रात्रियोग निष्ठापन कब और कैसे करें?

पहले दिन सायंकाल प्रतिक्रमण के बाद जो "रात्रियोग" ग्रहण किया था कि "आज रात्रि में मैं इसी वसतिका में निवास करूँगा।" इसे रात्रियोग प्रतिष्ठापन कहते हैं। इसी रात्रियोग का अब प्रातः रात्रिक-प्रतिक्रमण के बाद समापन करना होता है। यथा-"अद्य रात्रावत्र वसत्यां स्थातव्यमिति नियमविशेषं योगिभक्त्या त्यजेच्च निष्ठापयेत्[1]।" इसकी विधि निम्न प्रकार है-

लघु योगिभक्ति —

बिजली चमके अतिजल वर्षे, वर्षा में तरुतल बैठें।
शीतकाल रात्री में निर्भय, काष्ठसदृश निर्मम तिष्ठें।।
गर्मी में रविकिरण तप्तगिरि, शिखरों पर निजध्यान धरें।
शिवपथ पथिक साधुपुंगव वे, मुझको धर्म प्रदान करें।।१।।
ग्रीष्मऋतू में पर्वत ऊपर, वर्षा में तरु के नीचे।
शीतकाल में बाहर सोते, उन मुनि को वंदूँ रुचि से।।२।।

---

१. अनगार धर्मामृत, अध्याय ९ पृ. ६३५।

गिरिकन्दरदुर्गेषु, ये वसंति दिगम्बराः।
पाणिपात्रपुटाहारास्ते यांति परमां गतिम् ।।३।।

अंचलिका —**इच्छामि भंते! योगिभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, अड्ढा-इज्जदीवदोसमुद्देसु पण्णारसकम्मभूमिसु आदावणरुक्खमूलअब्भो-वासठाणमोणवीरासणेक्कपासकुक्कुडासणचउत्थपक्खखवणादिजोगजुत्ताणं सव्वसाहूणं णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसम्पत्ति होउ मज्झं।**

नमोऽस्तु आचार्यवंदनायां........आचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।[१] (९ जाप्य)

लघु आचार्य भक्ति —**गुरुभक्त्या वयं सार्ध-द्वीपद्वितयवर्तिनः।**
वंदामहे त्रिसंख्योन-नवकोटिमुनीश्वरान् ।।१।।

अथवा- **गुरवः पांतु नो नित्यं, ज्ञानदर्शननायकाः।**
चारित्रार्णवगंभीरा, मोक्षमार्गोपदेशकाः।।१।।

इच्छामि भंते! आइरियभत्तिकाओसग्गो कओ तस्सालोचेउं, सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचारित्तजुत्ताणं पंचविहाचाराणं आइरियाणं, आयारादि-सुदणाणोवदेसयाणं उवज्झायाणं, तिरयणगुणपालणरयाणं सव्वसाहूणं णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाओ सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

इति रात्र्यनुष्ठानम् (इस प्रकार यह रात्रि का अनुष्ठान पूर्ण हुआ।)

पर्वत कंदर दुर्गों में जो, नग्न दिगंबर तनु रहते।
पाणिपात्रपुट से आहारी, वे मुनि परमगती लभते।।३।।

अंचलिका — हे भगवन् ! इस योगिभक्ति का, कायोत्सर्ग किया रुचि से।
उसके आलोचन करने की, इच्छा करता हूँ मुद से।।
ढाई द्वीप अरु दो समुद्र गत, पंद्रह कर्मभूमियों में।
आतापन तरुमूल योग, अभ्रावकाश से ध्यान धरें।।
मौन करें वीरासन कुक्कुट, आसन एकपार्श्व सोते।
बेला तेला पक्ष मास, उपवास आदि बहु तप तपते।।
ऐसे सर्व साधुगण की मैं, सदा काल अर्चना करूँ।
पूजूँ वंदूँ नमस्कार भी, करूँ सतत वंदना करूँ।।
दुःखों का क्षय कर्मों का क्षय, हो मम बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुणसंपति होवे।।१।।

---

१. पश्चिमरात्रि में प्रतिक्रमण व योगिभक्ति के बाद आचार्य वंदना का वर्णन अनगार धर्मामृत में नहीं है किन्तु क्रियाकलाप में है अतः मैंने यहां दे दिया है।

सामायिक कब और कैसे करें?

साधुओं की सामायिक और देववंदना एक है। विधिवत् देववंदना करना इसी का नाम सामायिक है। '**सत्त्वेषु मैत्रीं**' आदि पाठ पढ़कर जाप्य आदि करके सामायिक करना और देवदर्शन के समय देववंदना क्रिया करना ऐसा नहीं है प्रत्युत् त्रिकाल सामायिक के समय ही तीन बार देववंदना का विधान है। उसी को यहाँ सप्रमाण दिखाया जाता है।

मूलाचार में श्रीकुन्दकुन्ददेव ने अट्ठाईस मूलगुणों का वर्णन करते हुए समता नाम के आवश्यक का लक्षण किया है-

''जीविदमरणे लाभा-लाभे संजोयविप्पओगे य।
बंधुरिसुहदुक्खादिसु, समदा सामाइयं णाम।।२३।।''

इसकी टीका में श्री वसुनंदि आचार्य ने कहा है-

''सामाइयं णाम-सामायिकं नाम भवति। जीवितमरणलाभालाभ-संयोगविप्रयोगबन्ध्वरिसुखदुःखादिषु यदेतत्समत्वं समानपरिणामः त्रिकाल-देववंदनाकरणं च तत्सामायिकं व्रतं भवति[१]**।''**

अभिप्राय यह है कि जीवन-मरण, लाभ-अलाभ, संयोग-वियोग, बंधु-शत्रु और सुख-दुःख आदि में जो समान परिणाम का होना है और त्रिकाल में देववंदना करना है वह सामायिक व्रत है।

अन्यत्र सामायिक के नियतकालिक-अनियतकालिक ऐसे दो भेद करके नियतकालिक में त्रिकालदेववंदना और अनियतकालिक में समताभाव को रखना ऐसा कहा है।

आचारसार ग्रंथ में सामायिक आवश्यक का वर्णन करते हुए सिद्धान्तचक्रवर्ती श्रीवीरनंदि आचार्यदेव तीर्थक्षेत्र या जिनमंदिर में जाकर विधिवत् ईर्यापथशुद्धि और चैत्य-पंचगुरुभक्ति करने का आदेश दे रहे हैं। यथा-

समतोपेतचित्तो यः, स तत्परिणताह्वयः।
प्रकृतोऽत्रायमन्यासु, क्रियास्वेवं निरूपयेत् ।।२२।।
सर्वव्यासंगनिर्मुक्तः, संशुद्धकरणत्रयः।
धौतहस्तपदद्वन्द्वः, परमानंदमंदिरम् ।।२३।।
चैत्यचैत्यालयादीनां, स्तवनादौ कृतोद्यमः।
भवेदनंतसंसार-संतानोच्छित्तये यतिः।।२४।।
मत्वेति जिनगेहादिं, त्रिपरीत्य कृतांजुलिः।
प्रकुर्वंस्तच्चतुर्दिक्षु सत्र्यावर्तां शिरोनतिम् ।।३०।।
ईर्यांग शुद्ध्यै व्युत्सर्गं कृत्वासीनोनुकंपया।
आलोच्य समतां वर्यां कुर्यादात्मेच्छयान्यदा।।३३।।
क्रियायामस्यां व्युत्सर्गं भक्तेरस्याः करोम्यहं।
विज्ञाप्येति समुत्थाय गुरुस्तवनपूर्वकम् ।।३५।।

---

१. मूलाचार पृ. २९ (ज्ञानपीठ से मुद्रित)

देवतास्तवने भक्ती, चैत्यपंचगुरूभयोः।
चतुर्दश्यां तयोर्मध्ये, श्रुतभक्तिर्विधीयते।।४३।।[1]

जो समता से उपयुक्तचित्त मुनि हैं वे उस सामायिक से परिणत होने से भाव सामायिक हैं। यहाँ-इस सामायिक में यह प्रकरण है अन्य क्रियाओं में भी इसका निरूपण करते हैं। सर्व अन्य क्रियाओं से रहित होकर मन, वचन, काय से शुद्ध होकर हाथ-पैर धोकर परमानन्द के स्थान ऐसे यतिराज अनन्तसंसार परम्परा को छेद करने के लिए जिनबिम्ब और जिनमंदिर आदि के स्तवन आदि करने में उद्यमशील होते हैं। चम्पापुरी, पावापुरी आदि क्षेत्रों के समान पवित्र ऐसे जिनमंदिर आदि की हाथ जोड़कर तीन प्रदक्षिणा देते हुए चारों दिशाओं में तीन-तीन आवर्त और एक-एक शिरोनति करते हुए संसारसमुद्र में डूबते हुए जनों के लिए हस्तावलम्बनस्वरूप ऐसे जिनेन्द्रदेव की अर्चा-पूजा-वन्दना करने के लिए मंदिर में प्रवेश करें।

वहाँ पहुँचकर ईर्यापथ शुद्धि करके कायोत्सर्ग करें पुनः बैठकर अनुकम्पा से आलोचना करके समताभावरूप सामायिक को स्वीकार करें। इसके आगे इस क्रिया में देववन्दना आदि क्रिया में इस चैत्यभक्ति का कायोत्सर्ग मैं करता हूँ ऐसी विज्ञापना करके उठकर गुरुस्तवन-णमोकार मंत्र स्तवनपूर्वक उठकर तीन आवर्त एक शिरोनति आदि क्रिया करें।

यहाँ कृतिकर्म का लक्षण दिया है। आगे कहते हैं कि 'देववंदना क्रिया में चैत्य-पंचगुरु ये दो भक्तियाँ की जाती हैं और चतुर्दशी के दिन देव-वन्दना में चैत्यभक्ति के बाद श्रुतभक्ति करके पंचगुरुभक्ति की जाती है' इत्यादि।

यही सारी विधि अनगार धर्मामृत में कही गई है। क्रियाकलाप ग्रंथ में भी छपी हुई है। अनेक प्रमाणों को उद्धृत कर दिगम्बर मुनि ग्रंथ में मैंने स्पष्टीकरण किया है। विशेष जिज्ञासुओं को उन-उन ग्रंथों को देखना चाहिए। यहाँ संक्षेप में सामायिक और देववन्दना को एक सिद्धकर उसी की प्रयोग विधि दी जा रही है।

दिनचर्या के प्रकरण में सूर्योदय से लेकर ४८ मिनट तक इस देववन्दना का काल अनगारधर्मामृत में कहा है। इसी ग्रंथ की आठवीं अध्याय में ६-६ घड़ी का उत्कृष्टकाल कहा है, एक घड़ी २४ मिनट की होती है[२]।

त्रिसंध्यं वंदने युंज्यात्, चैत्यपंचगुरुस्तुती।
प्रियभक्तिं बृहद्भक्तिष्वंते दोषविशुद्धये।।१३।।

तीनों सन्ध्या संबंधी जिनवन्दना में चैत्यभक्ति और पंचगुरु भक्ति पढ़ें तथा वृहद्भक्तियों के अन्त में पाठ की हीनाधिकतारूप दोषों की विशुद्धि के लिए प्रियभक्ति (समाधिभक्ति) करना चाहिए[३]।

इस देववन्दना में छह प्रकार का कृतिकर्म भी होता है। यथा—

स्वाधीनता परीतिस्त्रयी, निषद्या त्रिवारमावर्ताः।
द्वादश चत्वारि शिरांस्येवं कृतिकर्म षोढेष्टम् ।।२।।

तथा-"आदाहीणं, पदाहीणं, तिक्खुत्तं, तिऊणदं, चदुस्सिरं, वारसावत्तं, चेदि।"

---

१. आचारसार अ. ९। २. अनगारधर्मामृत अ. ८, श्लोक ७९।
३. अनगारधर्मामृत अ. ९, श्लोक ९३।

(१) वन्दना करने वाले की स्वाधीनता (२) तीन प्रदक्षिणा (३) तीन भक्ति संबंधी तीन कायोत्सर्ग (४) तीन निषद्या-१. ईर्यापथ कायोत्सर्ग के अनन्तर बैठकर आलोचना करना और चैत्यभक्ति संबंधी क्रिया-विज्ञापन करना २. चैत्यभक्ति के अन्त में बैठकर आलोचना करना और पंचमहागुरुभक्ति संबंधी क्रिया विज्ञापन करना ३. पंचगुरुभक्ति के अन्त में बैठकर आलोचना करना (५) चार शिरोनति (६) बारह आवर्त। यही सब आगे सामायिक विधि में आता है।

वन्दना योग्य मुद्रा —

मुद्रा के चार भेद हैं-जिनमुद्रा, योगमुद्रा, वन्दना मुद्रा, मुक्ताशुक्तिमुद्रा। इन चारों मुद्राओं का लक्षण क्रम से कहते हैं।

जिनमुद्रा-दोनों पैरों में चार अंगुल प्रमाण अन्तर रखकर और दोनों भुजाओं को नीचे लटकाकर कायोत्सर्गरूप से खड़े होना सो जिनमुद्रा है। **योगमुद्रा**-पद्मासन, पर्यंकासन और वीरासन इन तीनों आसनों की गोद में नाभि के समीप दोनों हाथों की हथेलियों को चित रखने को जिनेन्द्रदेव योगमुद्रा कहते हैं। **वन्दना मुद्रा**-दोनों हाथों को मुकुलितकर और कुहनियों को उदर पर रखकर खड़े हुए पुरुष के वन्दना मुद्रा होती है। **मुक्ताशुक्तिमुद्रा**-दोनों हाथों की अंगुलियों को मिलाकर और दोनों कुहनियों को उदर पर रखकर खड़े हुए को आचार्य मुक्ताशुक्तिमुद्रा कहते हैं।

देववन्दना के लिए जिनमंदिर में पहुँचकर हाथ-पैर धोकर 'निःसहि" का तीन बार उच्चारण कर जिनेन्द्रदेव को नमस्कार करे। अनंतर "**दृष्टं जिनेन्द्रभवनं भवतापहारि**" इत्यादि स्तोत्र को पढ़ते हुए चैत्यालय की तीन प्रदक्षिणा देवे। पुनः '**निःसंगोऽहं जिनानां**" इत्यादि दर्शनस्तोत्र पढ़कर यदि खड़े होकर सामायिक करना है तो खड़े होकर "**ईर्यापथशुद्धि पाठ**" से सामायिक शुरू करें। यदि खड़े होकर सामायिक करने की शक्ति नहीं है तो बैठकर करें।

बैठकर भी देववन्दना करने का विधान —

"साधुः पुनर्वंदनां यथोक्तविशेषणविशिष्टः-सपर्यंकः सप्रतिलेखन-मुकुलितवत्सोत्सगितकरः कुर्यात् । कया? अशक्त्या। उद्भो यदि वंदितुं न शक्नुयादित्यर्थः[१]।"

साधु यदि खड़े होकर वंदना नहीं कर सकते हैं-असमर्थ हैं तो पर्यंकासन से बैठकर, पिच्छी लेकर, मुकुलित हाथ जोड़कर वक्षःस्थल के पास रखकर देववंदना करें। (अपनी वसतिका में सामायिक करने में "दृष्टं जिनेन्द्र भवनं......तथा निःसंगोऽहं जिनानां......आदि पढ़ें तो अच्छा ही है, नहीं भी पढ़ें मात्र "पडिक्कमामि भंते।" से भी शुरू कर सकते हैं।)

चैत्यभक्ति में तीन प्रदक्षिणा —

चैत्यभक्ति पढ़ते-पढ़ते भी जिनप्रतिमा की तीन प्रदक्षिणा देने का विधान है।

दीयते चैत्यनिर्वाण-योगिनंदीश्वरेषु हि।[२]
वंद्यमानेष्वधीयानैस्तत्तद्भक्तिं प्रदक्षिणा।।९२।।

चैत्यभक्ति, निर्वाणभक्ति, योगिभक्ति और नन्दीश्वर भक्ति पढ़ते-पढ़ते मंदिर में, निर्वाणक्षेत्रों में, योगियों की व जिनबिम्बों की प्रदक्षिणा करना चाहिए।

---

१. अनगार धर्मामृत अ. ९, श्लोक ४३ की टीका। २. अनगारधर्मामृत अ. ८।

अथ दृष्टाष्टक स्तोत्र

सामायिक के लिए श्री जिनमंदिर को जावे। मंदिर का शिखर दिखते ही इस दृष्टाष्टक स्तोत्र को पढ़ते हुए मंदिर के पास पहुँचे अथवा मंदिर के पास पहुँचकर मंदिर की प्रदक्षिणा देते हुए दृष्टाष्टक स्तोत्र पढ़ें।

दृष्टं जिनेन्द्रभवनं भवतापहारि, भव्यात्मनां विभवसंभवभूरिहेतु।
दुग्धाब्धिफेनधवलोज्ज्वलकूटकोटि-नद्धध्वजप्रकरराजिविराजमानम्।।१।।
दृष्टं जिनेन्द्रभवनं भुवनैकलक्ष्मी-धामर्द्धिवर्द्धितमहामुनिसेव्यमानम् ।।
विद्याधरामरबधूजनपुष्पदिव्य-पुष्पांजलिप्रकरशोभितभूमिभागम् ।।२।।
दृष्टं जिनेन्द्रभवनं भवनादिवास-विख्यातनाकगणिकागणगीयमानम् ।।
नानामणिप्रचयभासुररश्मिजाल-व्यालीढनिर्मलविशालगवाक्षजालम् ।।३।।
दृष्टं जिनेन्द्रभवनं सुरसिद्धयक्ष-गन्धर्वकिन्नरकरार्पितवेणुवीणा।।
संगीतमिश्रितनमस्कृतधीरनादै-रापूरिताम्बरतलोरुदिगन्तरालं।।४।।
दृष्टं जिनेन्द्रभवनं विलसद्विलोल-मालाकुलालिललितालकविभ्रमाणम्।
माधुर्यवाद्यलयनृत्यविलासिनीनां-लीलाचलद्वलयनूपुरनादरम्यं।।५।।
दृष्टं जिनेन्द्रभवनं मणिरत्नहेम-सारोज्ज्वलैः कलशचामरदर्पणाद्यैः।
सन्मंगलैः सततमष्टशतप्रभेदै- र्विभ्राजितं विमलमौक्तिकदामशोभम् ।।६।।
दृष्टं जिनेन्द्रभवनं वरदेवदारु-कर्पूरचन्दनतरुष्कसुगन्धिधूपैः।
मेघायमानगगने पवनाभिघात-चंचच्चलद्विमलकेतनतुंगशालम् ।।७।।
दृष्टं जिनेन्द्रभवनं धवलातपत्र-च्छायानिमग्नतनुयक्षकुमारवृन्दः।
दोधूयमानसितचामरपंक्तिभासं, भामण्डलद्युतियुतप्रतिमाभिरामं।।८।।
दृष्टं जिनेन्द्रभवनं विविधप्रकार-पुष्पोपहाररमणीयसुरत्नभूमिम् ।
नित्यं वसंततिलकश्रियमादधानं, सन्मंगलं सकलचन्द्रमुनीन्द्रवंद्यं।।९।।
दृष्टं मयाद्य मणिकांचनचित्रतुंग-सिंहासनादिजिनविम्बविभूतियुक्तं।
चैत्यालयं यदतुलं परिकीर्तितं मे, सन्मंगलं ''सकलचन्द्र'' मुनीन्द्रवंद्यं।।१०।।

पुनः उचित स्थान पर पैर धोकर चैत्यालय के अन्दर प्रवेश करें। ''निःसही निःसही निःसही'' ऐसा उच्चारण करके श्री जिनेन्द्रदेव के मुख को देखकर नमस्कार करके ''निःसंगोऽहं जिनानां'' इत्यादिरूप से प्रसिद्ध 'ईर्यापथशुद्धि' नामक स्तोत्र को पढ़ें। यदि जिनमंदिर की बाहर से प्रदक्षिणा नहीं है तो इसी 'निःसंगोऽहं' स्तोत्र को पढ़ते हुए वेदी में विराजमान जिनेन्द्रदेव की तीन प्रदक्षिणा देवें।

卐***卐

ईर्यापथशुद्धि

निःसंगोहं जिनानां सदनमनुपमं त्रिःपरीत्येत्य भक्त्या।
स्थित्वा गत्वा निषद्योच्चरणपरिणतोऽन्तः शनैर्हस्तयुग्मम्।।
भाले संस्थाप्य बुद्ध्या मम दुरितहरं कीर्तये शक्रवंद्यं।
निंदादूरं सदाप्तं क्षयरहितममुं ज्ञानभानुं जिनेंद्रम् ।।१।।
श्रीमत्पवित्रमकलंकमनंतकल्पं, स्वायंभुवं सकलमंगलमादितीर्थम्।
१. 'साधितार्थाः' छाया संभव है। २. यहां 'साइहत्था' का अर्थ 'सद्गृहस्थ' किया है किन्तु 'साधितार्थ' भी संभव है।

वीरभक्तिः

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं [१]पाक्षिकप्रतिक्रमणक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकल-कर्मक्षयार्थं भावपूजावन्दनास्तवसमेतं निष्ठितकरणवीरभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं-

(इत्युच्चार्य, ''णमो अरहंताणं'' इत्यादि दंडकं पठित्वा कायोत्सर्गं यथोक्तानुच्छ्वासान् ३०० [२]कृत्वा ''थोस्सामि'' इत्यादि दण्डकं पठित्वा ''चन्द्रप्रभं चन्द्रमरीचिगौरं'' इत्यादि स्वयंभुवं ''या सर्वाणि चराचराणि'' इत्यादि वीरभक्ति सांचलिकां पठित्वा ''वदसमिदिंदियरोधो'' इत्यादिकं पठेयुः। तद्यथा-

चन्द्रप्रभ स्तुतिः

चन्द्रप्रभं चन्द्रमरीचिगौरं, चन्द्रं द्वितीयं जगतीव कान्तम्।
वन्देऽभिवन्द्यं महतामृषीन्द्रं, जिनं जित-स्वान्त-कषाय-बन्धम् ।।१।।
यस्याङ्ग-लक्ष्मी-परिवेष-भिन्नं, तमस्तमोरेरिव रश्मि-भिन्नम्।
ननाश बाह्यं बहु मानसं च, ध्यान-प्रदीपातिशयेन भिन्नम् ।।२।।
स्वपक्ष-सौस्थित्य-मदावलिप्ता, वाक्सिंहनादै-र्विमदा बभूवुः।
प्रवादिनो यस्य मदार्द्र-गण्डा, गजा यथा केसरिणो निनादैः।।३।।

व्रत समिति इंद्रियनिरोध छह आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंतधावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।
जिनवर कथित मूलगुण मुनि के प्रमाद से इनमें अतिचार।
इनसे दूर हुआ हूँ मेरा, छेदोपस्थापन हो नाथ!।।१।।

सर्वातिचार विशुद्ध्यर्थं पाक्षिकप्रतिक्रमणक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावंदनास्तवसमेतं निष्ठितकरण-वीरभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं-

(णमो अरहंताणं इत्यादि सामायिक दण्डक पढ़कर पाक्षिक प्रतिक्रमण में तीन सौ(३००) श्वासोच्छ्वास में जाप्य करके[२] थोस्सामिस्तवन पढ़कर चन्द्रप्रभ स्तुति पढ़कर अंचलिका सहित वीरभक्ति पढ़ें।)

चन्द्रप्रभ स्तुति

शेरछन्द-

हे चन्द्रप्रभो! चन्द्रकिरण सम सफेद हो। मानो द्वितीय चन्द्र ही भूपर उदित अहो।।
इन्द्रादि वंद्य ऋषिपती जिनराज आप हो। अन्तःकषायबंधविजित मैं तुम्हें वंदों।।१।।
जैसे रवी किरण अंधेर नष्ट करे हैं। तब देह कांति वैसे सुप्रकाश धरे हैं।।
यह कांति बाह्य के समस्त तिमिर को नाशे। अरु ध्यानदीप अतिशय मन ध्वांत विनाशे।।२।।
निजपक्ष के श्रेष्ठत्व मद से चूर प्रवादी। तुम वचन सिंहनाद से निर्मद हुए सभी।।
जैसे कि मद से आर्द्रगंडस्थल हुए जिनके! गजराज वे भी सिंहगर्जना से भागते।।३।।

---

१. चातुर्मासिक प्रतिक्रमण में 'चातुर्मासिक' पद बोलें। वार्षिक प्रतिक्रमण में 'वार्षिक' पद का प्रयोग करें। २. चातुर्मासिक प्रतिक्रमण में ४०० श्वासोच्छ्वास एवं वार्षिक प्रतिक्रमण में ५०० श्वासोच्छ्वास करें।

यः सर्व-लोके परमेष्ठितायाः, पदं बभूवाद्भुत-कर्म-तेजाः।
अनन्त-धामाक्षर-विश्व-चक्षुः, [1]समस्त-दुःख-क्षय-शासनश्च।।४।।
स चन्द्रमा भव्य-कुमुद्वतीनां, विपन्न-दोषाभ्र-कलङ्कलेपः।
व्याकोश-वाङ्न्याय-मयूख-मालः, पूयात्पवित्रो भगवान्मनो मे।।५।।

यः सर्वाणि चराचराणि विधिवद्-द्रव्याणि तेषां गुणान्
पर्यायानपि भूत-भावि-भवतः, सर्वान् सदा सर्वदा।
जानीते युगपत्प्रतिक्षण-मतः, सर्वज्ञ इत्युच्यते
सर्वज्ञाय जिनेश्वराय महते, वीराय तस्मै नमः।।१।।

वीरः सर्व-सुरासुरेन्द्र-महितो, वीरं बुधाः संश्रिता
वीरेणाभिहतः स्वकर्म-निचयो, वीराय भक्त्या नमः।
वीरात्तीर्थमिदं प्रवृत्तमतुलं, वीरस्य वीरं[2] तपो
वीरे श्री-द्युति-कान्ति-कीर्ति-धृतयो, हे वीर! भद्रं त्वयि।।२।।

जो कर्मजीत अद्भुत कर्म तेज धारते। आनन्त्यज्ञान शाश्वत विश्वनेत्र धारते।।
सम्पूर्णदुःख नाशन शासन को धरे हैं। त्रिभुवन में परमपद में वो स्थिति करे हैं।।४।।
सब दोषरूप मेघ के कलंक से रहित। अविरोध दिव्यध्वनि किरण से सदा प्रगट।।
सब भव्य कुमुद को प्रफुल्ल करे चन्द्रमा। भगवान वे पावन पवित्र करें मुझ मना।।५।।

वीरभक्ति

(चौबोल छंद)

जो विधिवत् सब लोक चराचर, द्रव्यों को उनके गुण को।
भूत भविष्यत् वर्तमान, पर्यायों को भी नित सबको।।
युगपत् समय-समय प्रति जानें, अतः हुए सर्वज्ञ प्रथित।
उन सर्वज्ञ जिनेश्वर महति, वीर प्रभू को नमूँ सतत।।१।।

वीर सभी सुर असुर इन्द्र से, पूज्य वीर को बुध सेवें।
निज कर्मों को हता वीर ने, नमः वीर प्रभु को मुद से।।
अतुल प्रवर्ता तीर्थ वीर से, घोर वीर प्रभु का तप है।
वीर में श्री द्युति कांति कीर्ति, धृति हैं हे वीर! भद्र तुममें।।२।।

---

१. समन्त इति पाठान्तरं। २. घोरं इति पाठः ग्रंथत्रयीषु।

ये वीरपादौ प्रणमन्ति नित्यं, ध्यानस्थिताः संयम-योगयुक्ताः।
ते वीतशोका हि भवन्ति लोके, संसार-दुर्गं विषमं तरन्ति।।३।।

व्रतसमुदय-मूलः, संयम-स्कन्ध-बन्धो
यम-नियम-पयोभि-र्वर्धितः शीलशाखः।
समिति-कलिक-भारो, गुप्ति-गुप्त-प्रवालो
गुण-कुसुम-सुगन्धिः, सत्पश्चित्रपत्रः।।४।।
शिवसुख-फलदायी, यो दया-छाय-यौघः[1]
शुभजन-पथिकानां, खेदनोदे समर्थः।
दुरित - रविज - तापं, प्रापयन्नन्तभावं
स भव-विभव-हान्यै, नोऽस्तु चारित्रवृक्षः।।५।।
चारित्रं सर्वजिनैश्चरितं, प्रोक्तं च सर्वशिष्येभ्यः।
प्रणमामि पंचभेदं, पंचम-चारित्र-लाभाय।।६।।

जो नित वीर प्रभू के चरणों, में प्रणमन करते रुचि से।
संयम योग समाधीयुत हो, ध्यान लीन होते मुद से।।
इस जग में वे शोक रहित, हो जाते हैं निश्चित भगवन्।
यह संसार दुर्ग विषमाटवि, इसको पार करें तत्क्षण।।३।।
व्रत समुदाय मूल है जिसका, संयममय स्कन्ध महान् ।
यम अरु नियम नीर से सिंचित बढ़ी सुशाखाशील प्रधान।।
समिति कली से भरित गुप्तिमय, कोपल से सुन्दर तरु है।
गुण कुसुमों से सुरभित सत्तप, चित्रमयी पत्तों युत है।।४।।
शिवसुख फलदायी यह तरुवर, दयामयी छाया से युत।
शुभजन पथिक जनों के खेद, दूर करने में समरथ नित।।
दुरित सूर्य के हुए ताप का, अन्त करे यह श्रेष्ठ महान् ।
वर चारित्र वृक्ष कल्पद्रुम, करे हमारे भव ही हान।।५।।
सभी जिनेश्वर ने भवदुःखहर, चारित को पाला रुचि से।
सब शिष्यों को भी उपदेशा, विधिवत् सम्यक् चारित ये।।
पाँच भेद युत सम्यक् चारित, को प्रणमूँ मैं भक्ती से।
पंचम यथाख्यात चारित की, प्राप्ति हेतु वंदूँ मुद से।।६।।

---

१. 'योद्यः इति पाठः क्रियाकलापे, 'योद्धः' इति टीकायां।

धर्मः सर्व-सुखाकरो हितकरो, धर्मं बुधाश्चिन्वते
धर्मेणैव समाप्यते शिवसुखं, धर्माय तस्मै नमः।
धर्मान्-नास्त्यपरः सुहृद्-भवभृतां, धर्मस्य मूलं दया,
धर्मे चित्तमहं दधे प्रतिदिनं, हे धर्म! मां पालय।।७।।
धम्मो मंगल-मुद्दिट्ठं[1], अहिंसा संयमो तवो।
देवा वि तस्स पणमंति, जस्स धम्मे सया मणो।।८।।

अंचलिका —इच्छामि भंते। पडिक्कमणादिचार-मालोचेउं, सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचरित्त-तव-वीरियाचारेसु जमणियम-संजम-सील-मूलुत्तरगुणेसु सव्व-मईचारं सावज्जजोगं पडिविरदोमि असंखेज्ज-लोग-अज्झवसाण-ठाणाणि अप्पसत्थ-जोग-सण्णाणिंदिय-कसाय-गारवकिरियासु मणवयण-काय-करण-दुप्पणिहाणाणि परिचिंतियाणि किण्हणीलकाउलेस्साओ विकहा-पलिकुंचिएण उम्मग-हस्स-रदि-अरदि-सोय-भय-दुगंछ-वेयण-विज्जंभ-जंभाई-आणि अट्ट-रुद्द-संकिलेस-परिणामाणि परिणामिदाणि

धर्म सर्वसुख खानि हितंकर, बुधजन करें धर्म संचय।
शिवसुखप्राप्त धर्म से होता, उसी धर्म के लिए नमन।।
धर्म से अन्य मित्र नहिं जग में, दयाधर्म का मूल कहा।
मन को धरूँ धर्म में नित, हे धर्म! करो मेरी रक्षा।।७।।
धर्म महा मंगलमय है यह, कहा वीर प्रभु ने जग में।
प्रमुख अहिंसा संयम तपमय, धर्म सदा उत्तम सब में।
जिसके मन में सदा धर्म है, सुरगण भी उसको प्रणमें।
मैं भी नमूँ धर्म को संतत, धर्म बसो मेरे मन में।।८।।

अंचलिका- हे भगवन! श्री वीर भक्ति का, कायोत्सर्ग किया जो मैं।
प्रतिक्रमण के अतिचारों की, आलोचन करता हूँ मैं।।
सम्यग्दर्शन ज्ञान चरित तप, वीर्य पाँच आचारों में।
संयम नियम शील यम में औ, मूलगुणों उत्तर गुण में।।
जितने भी अतिचार हुए औ, पापयोग भी जो मुझसे।
उन सबसे मैं विरक्त होकर, आलोचन करता रुचि से।।
असंख्य लोकसम अध्यवसाय, स्थान योग अप्रशस्त कहे।
संज्ञा इन्द्रिय कषाय गारव, किरियाओं में जो कि हुए।।

१. 'मुक्किट्ठं' इति पाठः टीकायां।

अणिहुदकर चरण-मण-वयण-काय-करणेण अक्खित्त-बहुल-परायणेण अपडि-पुण्णेण वा सरक्खरावय-संघा[1]यपडिवत्तिएण अच्छाकारिदं मिच्छामेलिदं आमेलिदं वामेलिदं अण्णहादिण्णं अण्णहा-पडिच्छदं आवसएसु परिहीणदाए कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमणिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

वद-समिदिंदिय-रोधो लोचो आवासय-मचेल-मण्हाणं।
खिदिसयण-मदंतवणं ठिदिभोयण-मेयभत्तं च।।१।।
एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थ पमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होदु मज्झं।

शान्तिचतुर्विंशति स्तुतिः

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं पाक्षिकप्रतिक्रमणक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावन्दनास्तवसमेतं शान्तिचतुर्विंशतितीर्थंकर-भक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं-

मन वच तन के अशुभयोग से, चिते कृष्ण नील कापोत।
लेश्या विकथा उत्पथ ग्लानी, हास्य रती अरती भय शोक।।
वेद विजृंभित आर्तरौद्र, संक्लेश भाव से किये गये।
अनिभृत कर पग मन वच तन से, इन्द्रिय विषयों में अति से।।
स्वर व्यंजन पद परिसंघात के, उच्चारण में हानी से।
अन्य रूप प्रवृती से मिथ्या, मेलित आमेलित विधि से।।
किया अन्यथा दिया अन्यथा, लिया तथा आवश्यक में।
हानी कृत कारित अनुमति से, सब दुष्कृत मिथ्या होवें।
व्रत समिती इंद्रियनिरोध छह, आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंत-धावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।
जिनवर कथित मूलगुण मुनि के, प्रमाद से इनमें अतिचार।
इनसे दूर हुआ हूँ मेरा, छेदोपस्थापन हो नाथ।।१।।

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं पाक्षिकप्रतिक्रमणक्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजावंदनास्तवसमेतं शांतिचतुर्विंशतितीर्थंकरभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं-

१. ''पडिसंघाय'' इत्यपि पाठः।

(इत्युच्चार्य ''णमो अरहंताणं'' इत्यादि दंडकं पठित्वा कायमुत्सृज्य ''थोस्सामि'' इत्यादि दंडकमधीत्य शान्तिकीर्तनां ''विधाय रक्षां'' इत्यादिकां चतुर्विंशतिकीर्तनां च ''चउवीसं तित्थयरे'' इत्यादिकां सांचलिकां ''वदसमिदिंदियरोधो'' इत्यादिकं च ससूरयः संयताः पठेयुः। तद्यथा-)

विधाय रक्षां परतः प्रजानां, राजा चिरं योऽप्रतिमप्रतापः।
व्यधात्-पुरस्तात्-स्वत एव शान्ति- र्मुनिर्दयामूर्ति-रिवाघ-शान्तिम्।।१।।
चक्रेण यः शत्रु-भयंकरेण, जित्वा नृपः सर्व-नरेन्द्र-चक्रम्।
समाधि-चक्रेण पुनर्जिगाय, महोदयो दुर्जय-मोहचक्रम्।।२।।
राजश्रिया राजसु राजसिंहो, रराज यो राजसुभोगतंत्रः।
आर्हन्त्य-लक्ष्म्या पुनरात्म-तन्त्रो, देवासुरो-दार-सभे रराज।।३।।
यस्मिन्-नभूद्राजनि राजचक्रं, मुनौ दया-दीधिति-धर्मचक्रम्।
पूज्ये मुहुः प्राञ्जलि-देवचक्रं, ध्यानोन्मुखे ध्वंसि-कृतान्त-चक्रम्।।४।।
स्वदोष-शान्त्या-वहितात्म-शान्तिः, शान्ते-र्विधाता शरणं गतानाम्।
भूयाद्-भवक्लेश-भयोपशान्त्यै, शान्तिर्जिनो मे भगवान्शरण्यः।।५।।

(णमो अरिहंताणं इत्यादि दण्डक पढ़कर २७ उच्छ्वास में कायोत्सर्ग करके थोस्सामि स्तवन पढ़कर शांतिनाथ स्तुति पढ़ें। पुनःचौबीस तीर्थंकर भक्ति पढ़ें।)

श्रीशांतिनाथ स्तुति

शेरछंद

जो चक्रवर्ती राजा चिरकाल तक रहे। अरि से प्रजा की रक्षा करके सुखी किये।।
पश्चात् स्वयं ही वे दयामूर्ति मुनि हुए। वे शांतिनाथ स्वपर पाप शांत कर दिये।।१।।
जो शत्रु को भयंकर निज चक्ररत्न से। सम्राट बने सर्वनृपतिचक्र जीत के।।
जीता पुनः दुर्जेयमोहचक्र हो मुनी। ध्यानी समाधिचक्र से महोदयो तुम्हीं।।२।।
जो राजसिंहचक्रवर्ति भोग प्राप्तकर। राजागणों में राजश्री से शोभते सुखकर।
पुनि आत्म के आधीन समवसर्ण सभा में। आर्हन्त्यलक्ष्मी सहित राज रहें सभी में।।३।।
राजा बने जब आप राजवृंद नत हुए। मुनिपद में दयाकिरण धर्मचक्रधर हुए।।
अर्हंतपद में देववृंद हाथ जोड़ते। यमचक्र को नाशा पुनः ध्यानैक चक्र से।।४।।
निजदोष शांत करके पूर्ण शांति प्राप्ति की। शरणागतों के शांति विधाता हो आप ही।।
भगवान शरण में कुशल हे शांतिजिनेश्वर। भवक्लेश भय की शांतिहेतु हो मुझे जिनवर।।५।।

चउवीसे[१] तित्थयरे, उसहाइ-वीरपच्छिमे वंदे।
[२]सव्वेसिं गुण-गणहर-सिद्धे सिरसा णमंसामि।।१।।
ये लोकेऽष्ट-सहस्त्र-लक्षणधरा, ज्ञेयार्ण-वान्तर्गता
ये सम्यग्-भवजाल-हेतुमथना-श्चन्द्रार्क-तेजोऽधिकाः।
ये साध्विन्द्र-सुराप्सरो-गणशतै-र्गीत-प्रणुत्यार्चिता-
स्तान् देवान् वृषभादि-वीरचरमान् भक्त्या नमस्याम्यहम् ।।२।।
नाभेयं देवपूज्यं, जिनवर-मजितं सर्व-लोकप्रदीपं
सर्वज्ञं संभवाख्यं, मुनिगण-वृषभं नन्दनं देवदेवम् ।
कर्मारिघ्नं सुबुद्धिं, वरकमल-निभं पद्मपुष्पा-भिगन्धं
क्षान्तं दान्तं सुपार्श्वं, सकल-शशिनिभं चन्द्रनामानमीडे।।३।।
विख्यातं पुष्पदन्तं, भवभय-मथनं शीतलं लोकनाथं।
श्रेयांसं शीलकोशं, प्रवर-नर-गुरुं वासुपूज्यं सुपूज्यम्।
मुक्तं दान्तेन्द्रियाश्वं, विमल-मृषिपतिं सिंहसैन्यं मुनीन्द्रं
धर्मं सद्धर्मकेतुं, शम-दम-निलयं स्तौमि शान्तिं शरण्यम् ।।४।।

चौबीस तीर्थंकर भक्ति

चौबोलछन्द-

वृषभदेव से वीर प्रभू तक, चौबिस तीर्थंकर वंदूँ।
गणयुत सब गणधर देवों को, सिद्धों को शिर से प्रणमूँ।।१।।
जो इस जग में सहस आठ, लक्षण धर ज्ञेयसिंधु के पार।
जो सम्यक् भवजाल हेतु, नाशक रवि शशि प्रभ अधिक अपार।।
जो मुनि इन्द्र देवियों शत से, गीत नमित अर्चित कीर्तित।
उन वृषभादि वीर तक प्रभु को, भक्ती से मैं नमूँ सतत।।२।।
देव पूज्य वृषभेश अजित, जिनवर त्रैलोक्य प्रदीप महान्।
संभव जिन सर्वज्ञ मुनीगण, पुंगव अभिनन्दन भगवान।।
कर्म शत्रुहन सुमति नाथवर, कमल सदृश सुरभित पद्मेश।
श्री सुपार्श्व क्षमदमयुत शशिवत्, पूर्णचन्द्र जिन नमूँ हमेश।।३।।
भव भय नाशक पुष्पदंतजिन, प्रथित सु शीतल त्रिभुवन ईश।
शील कोश श्रेयांस सुपूजित, वासुपूज्य गणधर के ईश।।
इन्द्रिय अश्व दमनकृत ऋषिपति, विमल अनंत मुनीश नमूँ।
सद्धर्मध्वज धर्म शरणपटु, शमदमगृह शांतीश नमूँ।।४।।

---

१. ''चउवीसं........'' इति पाठः। २. 'सव्वे सगणगणहरे' इति पाठः।

कुन्थुं सिद्धालयस्थं, श्रमण-पति-मरं त्यक्त-भोगेषु चक्रं
मल्लिं विख्यात-गोत्रं, खचर-गणनुतं सुव्रतं सौख्य-राशिम्।
देवेन्द्रार्च्यं नमीशं, हरिकुल-तिलकं नेमिचन्द्रं भवान्तं
पार्श्वं नागेन्द्र-वन्द्यं, शरण-महमितो वर्धमानं च भक्त्या।।५।।

अंचलिका —इच्छामि भंते! चउवीस-तित्थयरभत्ति-काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, पंचमहा-कल्लाण-संप्पण्णाणं अट्ठमहापाडिहेर-सहिदाणं चउतीसातिसय-विसेस-संजुत्ताणं वत्तीसदेविंद-मणि-मउड-मत्थय-महिदाणं बलदेव-वासुदेव-चक्कहर-रिसि-मुणि-जइ-अणगारो-वगूढाणं थुइसयसहस्स-णिलयाणं उसहाइ- वीरपच्छिम-मंगल-महा-पुरिसाणं णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

वद-समिदिंदियरोधो, लोचो आवासय-मचेल-मण्हाणं।
खिदि-सयण-मदंतवणं, ठिदि-भोयण मेयभत्तं च।।१।।

सिद्धगृहस्थित कुंथु अरहप्रभु, श्रमणपती साम्राज्य त्यजित।
प्रथितगोत्र मल्लिप्रभ खेचर-नुत सुखराशि सु मुनिसुव्रत।।
सुरपति अर्चित नमिजिन हरिकुल, तिलक नेमि भव अंत किया।
फणिपति वंद्य पार्श्व भक्तीवश, वर्द्धमान तव शरण लिया।।५।।

अंचलिका

हे भगवन्! चौबिस तीर्थंकर, भक्ती का कायोत्सर्ग कर।
आलोचन करने की इच्छा, करना चाहूँ मैं रुचिधर।।
अष्टमहा प्रातिहार्य सहित जो, पंचमहाकल्याणक युत।
चौंतिस अतिशय विशेष युत, बत्तिस देवेन्द्र मुकुट चर्चित।।
हलधर वासुदेव प्रतिचक्री, ऋषि मुनि यति अनगार सहित।
लाखों स्तुति के निलय वृषभ से, वीर प्रभू तक महापुरुष।।
मंगल महापुरुष तीर्थंकर, उन सबको शुभ भक्ती से।
नित्यकाल मैं अर्चूं पूजूँ, वंदूँ नमूँ महामुद से।।
दु:खों का क्षय कर्मों का क्षय, हो मम बोधिलाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुण संपति होवे।।१।।

एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थ पमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होदु मज्झं।

चारित्रालोचनासहिता बृहदाचार्यभक्तिः

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं चारित्रालोचनाचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं-

(अत्रापि ''णमो अरहंताणं'' इत्यादि दंडकं पठित्वा कायोत्सर्गं विधाय ''थोस्सामि'' इत्यादि दण्डकं पठेत्।)

सिद्धगुण-स्तुति-निरता-नुद्धूत-रुषाग्नि-जाल-बहुलविशेषान्।
गुप्तिभि-रभि-संपूर्णान् मुक्तियुतः सत्यवचनलक्षित-भावान्।।१।।
मुनिमाहात्म्य-विशेषा-ज्जिनशासन-सत्प्रदीपभासुर-मूर्तीन्।
सिद्धिं प्रपित्-सुमनसो, बद्धरजो-विपुलमूलघातन-कुशलान् ।।२।।
गुणमणि-विरचित-वपुषः, षड्द्रव्य-विनिश्चितस्य धातृन्-सततम्।
रहितप्रमाद-चर्यान्-दर्शन-शुद्धान् गणस्य संतुष्टि-करान् ।।३।।

व्रत समिती इन्द्रियनिरोध, छह आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंत-धावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।
जिनवर कथित मूलगुण मुनि के, प्रमाद से इनमें अतिचार।
इनसे दूर हुआ हूँ मेरा, छेदोपस्थापन हो नाथ।।

चारित्रालोचना सहित वृहद् आचार्य भक्ति

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं चारित्रालोचनाचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं-

(यहाँ भी ''णमो अरिहंताणं'' इत्यादि दण्डक पढ़कर कायोत्सर्ग करके थोस्सामिस्तवन करके आचार्यभक्ति पढ़कर चारित्र आलोचना पढ़ें।)

आचार्य भक्ति

सिद्ध गुणों की स्तुति में तत्पर, क्रोध अग्नि का नाश किया।
गुप्ती से परिपूर्ण मुक्तियुत, सत्य वचन से भरित हिया।।१।।
मुनि महिमा से जिन शासन के, दीपक भासुरमूर्ति स्वभाव।
सिद्धि चाहते कर्मरजों के, कारण घातन में पटुभाव।।२।।
गुणमणि विरचित तनु षट् द्रव्यों, की श्रद्धा के नित आधार।
दर्शनशुद्ध प्रमादीचर्या, रहित संघ सन्तुष्टीकार।।३।।

मोहच्छि-दुग्रतपसः, प्रशस्त-परिशुद्ध-हृदय-शोभन-व्यवहारान्।
प्रासुकनिलया-ननघा-नाशा-विध्वंसि-चेतसो हतकुपथान्।।४।।

धारित-विलसन्-मुंडान्, वर्जित-बहुदंडपिंड-मंडलनिकरान्।
सकलपरीषह-जयिनः, क्रियाभि-रनिशं प्रमादतः परिरहितान्।।५।।

अचलान् व्यपेत-निद्रान्, स्थानयुतान् कष्ट-दुष्ट-लेश्या-हीनान्।
विधिनाना-श्रित-वासा-नलिप्तदेहान् विनिर्जितेंद्रियकरिणः।।६।।

अतुला-नुत्कुटिकासान्विविक्त-चित्ता-नखंडित-स्वाध्यायान्।
दक्षिण-भावसमग्रान् व्यपगत-मद-रागलोभ-शठ-मात्सर्यान्।।७।।

भिन्नार्तरौद्र-पक्षान्, संभावित-धर्मशुक्ल-निर्मलहृदयान्।
नित्यं पिनद्ध-कुगतीन् पुण्यान् गण्योदयान् विलीन-गारवचर्यान्।।८।।

तरुमूलयोग-युक्ता-नवकाशा-तापयोग-राग-सनाथान्।
बहुजन-हितकर-चर्या-नभया-ननघान् महानुभाव-विधानान्।।९।।

ईदृश-गुणसंपन्नान् युष्मान् भक्त्या विशालया स्थिरयोगान् ।
विधि-नानारत-मग्रयान् मुकुलीकृत-हस्त-कमल-शोभितशिरसा।।१०।।

उग्र तपस्वी मोहरहित शुभ, शुद्ध हृदय शोभन व्यवहार।
प्रासुक जगह निवास पापहत, आश कुपथ विध्वंसि विचार।।४।।
दशमुंडनयुत दोषसहित, आहारी मुनिगण से अति दूर।
सकल परीषहजयी क्रिया में, तत्पर नित प्रमाद से दूर।।५।।
व्रत में अचलित कायोत्सर्गयुत, कष्ट दुष्ट लेश्या से हीन।
विधिवत् गृहत्यागी निर्मल तनु, इन्द्रियविजयी निद्राहीन।।६।।
उत्कुटिकासन धरें विवेकी, अतुल अखण्डित स्वाध्यायी।
राग लोभ शठ मद मात्सर्यों, रहित पूर्ण शुभ परिणामी।।७।।
धर्मशुक्ल से भावित शुचिमन, आर्तरौद्र द्वय पक्ष रहित।
कुगतिविनाशी पुण्यऋद्धि के, उदय सहित गारवविरहित।।८।।
आतापन तरुमूल योग, अभ्रावकाश में राग सहित।
बहुजन हितकर चरित अभय, निष्पाप महान् प्रभाव सहित।।९।।
इन सब गुण से युक्त तुम्हें, स्थिर योगी आचार्य प्रधान।
बहुत भक्तियुत विधिवत् मुकुलित, करपुटकमल धरूँ शिरधाम।।१०।।

अभिनौमि सकल-कलुष-प्रभवोदय-जन्म-जरा-मरणबंधनमुक्तान्।
शिव-मचल-मनघ-मक्षय-मव्याहत-मुक्तिसौख्य-मस्त्विति सततम् ।।११।।

लघुचारित्रालोचना

इच्छामि भंते! चरित्तायारो तेरसविहो परिहाविदो, पंचमहव्वदाणि, पंच समिदीओ, तिगुत्तीओ चेदि। तत्थ पढमे महव्वदे पाणादिवादादो वेरमणं, से पुढविकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, आउकाइया जीवा असंखेज्जा-संखेज्जा, तेउकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, वाउकाइया जीवा असंखेज्जा-संखेज्जा, वणफ्फदिकाइया जीवा अणंताणंता, हरिया वीया अंकुरा छिण्णा, भिण्णा, तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

बेइंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, कुक्खि-किम्मि-संख-खुल्लय-वराडय-अक्ख-रिट्ठ (गंड) बाल-संबुक्क-सिप्पिपुल-विकाइया, (पुलवि-

---

नमूँ तुम्हें कर्मोदय संभव, जन्म जरा मृतिबन्ध रहित।
होवे इति शिव अचल अनघ, अक्षय निर्बाध मुक्तिसुख नित।।११।।

चारित्रालोचना

शंभु छंद-

हे भगवन् ! इच्छा करता हूँ, चारित्राचार त्रयोदशविध।
वह पाँच महाव्रत पाँच समिति, अरु तीन गुप्तिमय जिनभाषित।।
इनमें हिंसा का त्याग महाव्रत, प्रथम कहा है जिनवर ने।
भूकायिक जीव असंख्यातासंख्यात व जलकायिक इतने[1]।।
अग्नीकायिक भि असंख्यातासंख्यात पवनकायिक इतने[2]।
जो वनस्पतिकायिक प्राणी, वे सभी अनन्तानन्त भणें।।
ये हरित बीज अंकुर स्वरूप, नानाविध छिन्न-भिन्न भी हों।
इन सबको प्राणों से मारा, संताप दिया पीड़ा दी हो।।
उपघात किया मन वच तन से, या अन्यों से करवाया हो।
या करते को अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।१।।
दो इन्द्रिय जीव असंख्यातासंख्यात कुक्षि कृमि[3] शंख कहे।
क्षुल्लक[4] कौड़ी व अक्ष अरिष्टय[5], गंडबाल लघु शंख कहे।

---

१. जलकायिक जीव भी असंख्यातसंख्यात हैं। २. वायुकायिक जीव भी असंख्यातासंख्यात हैं। ३. लट, घाव आदि के जीव। ४. कोई छुद्र जन्तु। ५. बच्चों के शरीर में पैदा हो जाते हैं ऐसे क्षुद्र जीव।

आइया) तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

तेइंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, कुंथु-द्देहियविंछिय-गोभिंद-गोजुव-मक्कुणपिपीलियाइया, तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

चउरिंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, दंसमसयमक्खि-पयंग-कीड-भमर-महुयर-गोमच्छि-आइया, तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

पंचिंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, अंडाइया-पोदाइया-जराइया-रसाइया-संसेदिमा-सम्मुच्छिमा-उब्भेदिमा-उववादिमा अवि चउरासीदि-जोणि-पमुह-सदसहस्सेसु, एदेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

जो सीप जोंक आदिक इनको, मारा या त्रास दिया भी हो।
पीड़ा दी या उपघात किया, या पर से भी करवाया हो।।
या करते को अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।२।।
त्रय इन्द्रिय जीव असंख्यातासंख्यात कुंथु[१] देहिक बिच्छू।
जूं गोजों खटमल इन्द्रगोप, चिउंटी आदिक बहुविध जन्तू।।
इनको मारा संताप दिया, पीड़ा दी घात किया भी हो।
करवाया या अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।३।।
चउ इन्द्रिय जीव असंख्यातासंख्यात उन्हों में डांस मशक।
बहु कीट पतंगे भ्रमर मधूमक्खी गोमक्खी आदि विविध।।
इनको मारा परिताप विराधन, या उपघात किया भी हो।
करवाया या अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।४।।
पंचेन्द्रिय जीव असंख्यातासंख्यात इन्हों में अण्डज हैं।
पोतज व जरायुज रसज पसीनज, सम्मूर्छन उद्भेदिम हैं।।
उपपाद जन्मयुत भी चौरासी, लाख योनि वालों में जो।
इनको मारा संताप दिया, पीड़ा दी घात किया हो जो।।
करवाया या अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।५।।
वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।

१. सूक्ष्म जीव।

(आचार्यभक्ति की अंचलिका)

इच्छामि भंते! आइरियभत्ति काओसग्गो कओ तस्सालोचेउं, सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचारित्तजुत्ताणं पंच-विहाचाराणं आइरियाणं, आयारादि-सुदणाणोवदेसयाणं उवज्झायाणं, तिरयण-गुण-पालण-रयाणं सव्वसाहूणं, णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

वद-समिदिंदिय-रोधो लोचो आवासय-मचेल-मण्हाणं।
खिदि-सयण-मदंतवणं ठिदि-भोयण-मेयभत्तं च।।१।।
एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थ पमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होउ मज्झं।

बृहदालोचनासहिता मध्याचार्य (मध्यमाचार्य) भक्तिः[१]

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं बृहदालोचनाचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

अंचलिका **(चौबोल छंद)**

हे भगवन् ! आचार्य भक्ति का, कायोत्सर्ग किया रुचि से।
उसके आलोचन करने की, इच्छा करता हूँ मुद से।।१।।
सम्यग्ज्ञान दरश चारितयुत, पंचाचार सहित आचार्य।
आचारांग आदि श्रुतज्ञानी, उपाध्याय उपदेशकवर्य।।२।।
रत्नत्रय गुण पालन में रत, सर्व साधु का मैं हर्षित।
अर्चन पूजन वंदन करता, नमस्कार करता हूँ नित।।३।।
दु:खों का क्षय कर्मों का क्षय, होवे बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुणसंपद् होवे।।४।।
व्रत समिती इन्द्रियनिरोध छह, आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंतधावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।
जिनवर कथित मूलगुणमुनि के, प्रमाद से इनमें अतिचार।
इनसे दूर हुआ हूँ मेरा, छेदोपस्थापन हो नाथ।।१।।

बृहदालोचनासहित मध्यमाचार्य भक्ति

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं बृहदालोचनाचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं-

१. गुर्वालोचनया सार्धं मध्याचार्यनुतिस्तथा।

(इत्युच्चार्य ''णमो अरहंताणं'' इत्यादि दंडकं पठित्वा कायोत्सर्गं कृत्वा ''थोस्सामि'' इत्यादि दंडकमधीत्य ''देसकुलजाइसुद्धा'' इत्यादिकां मध्याचार्यनुतिं ''इच्छामि भंते! पक्खियम्मि'' आलोचेउं पण्णरसण्हं दिवसाणं'' इत्यादि बृहदालोचनां च ससूरय: साधव: पठेयु:)

आचार्यभक्ति

देस-कुल-जाइ-सुद्धा, विशुद्ध-मण-वयण-कायसंजुत्ता।
तुम्हं पाय-पयोरुह-मिह मंगल-मत्थु मे णिच्चं।।१।।
सग-परसमय-विदण्हू, आगम-हेदूहिं चावि जाणित्ता।
सुसमत्था जिण-वयणे, विणये सत्ता-णुरूवेण।।२।।
बाल-गुरु-बुड्ढ-सेहे, गिलाण-थेरे य खमण-संजुत्ता।
वट्टावयगा अण्णे, दुस्सीले चावि जाणित्ता।।३।।
वय-समिदि-गुत्तिजुत्ता, मुत्तिपहे ठाविया पुणो अण्णे।
अज्झावय-गुणणिलये, साहुगुणे-णावि संजुत्ता।।४।।
उत्तमखमाए पुढवी, पसण्णभावेण अच्छजल-सरिसा।
कम्मिंधण-दहणादो, अगणी वाऊ असंगादो।।५।।

(णमो अरिहंताणं इत्यादि दण्डक पढ़कर ९ जाप्य करके थोस्सामिस्तवन पढ़कर 'जो देश जाति' इत्यादि भक्ति पढ़कर ''हे भगवन्! पाक्षिकप्रतिक्रमण'' इत्यादि बृहदालोचना को आचार्य और साधुवर्ग मिलकर पढ़ें।)

आचार्यभक्ति

जो देश जाति कुल शुद्ध मनो-वच काय शुद्धि से संयुत हों।
उन पादसरोरुह सदा हमें, इस जग में सब मंगलप्रद हों।।१।।

जो स्वपर समय ज्ञाता आगम, हेतू से सब कुछ भी जानें।
जिनवचन कथन में पूर्ण कुशल, जन के अनुसार विनय ठानें।।२।।

बालक गुरु वृद्ध शैक्ष रोगी, स्थविर तथा उपवास सहित।
उनके पालक दु:शील अन्य मुनि, के भी सत्पथ दर्शक यति।।३।।

व्रत समिति गुप्तियुत स्वयं पुन:, पर को शिवपथ में प्रवृत्त करें।
अध्यापक गुण के निलय साधुगुण, से भी युत आचार्य खरे।।४।।

पृथ्वीसम उत्तम क्षमा स्वच्छ, जल सम प्रसन्न भावों युत हैं।
कर्मेंधन दहने में अग्नी, नि:संग वायु सम सूरी हैं।।५।।

गयणमिव णिरुवलेवा, अक्खोहा सायरुव्व मुणिवसहा।
एरिसगुण-णिलयाणं, पायं पणमामि सुद्धमणो।।६।।
संसार-काणणे पुण, बंभम-माणेहिं भव्वजीवेहिं।
णिव्वाणस्स हु मग्गो, लद्धो तुम्हं पसाएण।।७।।
अविसुद्ध-लेस्स-रहिया, विसुद्ध-लेस्साहि परिणदा सुद्धा।
रुद्दट्टे पुण चत्ता, धम्मे सुक्के य संजुत्ता।।८।।
उग्गह-ईहा-वाया-धारण-गुण-संपदेहिं संजुत्ता।
सुत्तत्थ - भावणाए, भाविय - माणेहिं वंदामि।।९।।
तुम्हं गुणगण-संथुदि, अजाण-माणेण जो मया वुत्तो।
देउ मम बोहिलाहं, गुरुभत्ति-जुदत्थओ णिच्चं।।१०।।

बृहदालोचना

[१]इच्छामि भंते! पक्खियम्मि आलोचेउं, पण्ण-रसण्हं दिवसाणं पण्ण-रसण्हं राईणं अब्भिंतरदो पंचविहो आयारो णाणायारो दंसणायारो तवायारो वीरियायारो चरित्तायारो चेदि।

आकाश सदृश मुनि लेपरहित, सागर सम क्षोभरहित मुनिवर।
इन गुण के आलय के पदयुग, मैं शुद्धमना प्रणमूँ रुचिधर।।६।।
भव वन में जो भी भव्यजीव, भ्रमते हैं वे निर्वाण मार्ग।
तुम पद प्रसाद से प्राप्त किया, हे गुरुवर मैं तुम नमूँ पाद।।७।।
जो कृष्ण नील कापोत रहित, शुभ लेश्या से परिणत विशुद्ध।
पुन आर्तरौद्र दुर्ध्यान मुक्त, औ धर्म शुक्ल दो ध्यान युक्त।।८।।
जो अवग्रह ईहा अवाय औ, धारण गुण संपति से संयुत।
सूत्रार्थ भावना भाते नित, ऐसे सूरी को वंदूँ नित।।९।।
हे गुरुवर! तुम गुणगण संस्तुति में, किया न गण का ज्ञान मुझे।
केवल मुझ भक्तीवश की नित, तुम देवो बोधी लाभ मुझे।।१०।।

बृहदालोचना

शंभु छंद- हे भगवन्! मैं पाक्षिक दोषों का, चाहूँ आलोचन करना।
पन्द्रह दिन पन्द्रह रात्री के, भीतर हुए दोषों को हरना।।
ज्ञानाचार दर्शनाचार व तप-आचार तथा वीर्याचारा।
चारित्राचार पाँच ये हैं, आचार मोक्ष के आधारा।।

१. इस दंडक को पाक्षिक-प्रतिक्रमण के समय पढ़ें।

[1]इच्छामि भंते! चाउम्मासियम्मि आलोचेउं, चउण्हं मासाणं अट्ठण्हं पक्खाणं वीसुत्तर-सय-दिवसाणं वीसुत्तरसय-राईणं अब्भिंतरदो पंचविहो आयारो णाणायारो दंसणायारो तवायारो वीरियायारो चरित्तायारो चेदि।

[2]इच्छामि भंते! संवच्छरियम्मि आलोचेउं, वारसण्हं मासाणं चउवीसण्हं पक्खाणं तिण्णिछावट्ठि-सय-दिवसाणं तिण्णिछावट्ठि-सय-राईणं अब्भिंतरदो पंचविहो आयारो णाणायारो दंसणायारो तवायारो वीरियायारो चरित्तायारो चेदि।

तत्थ णाणायारो काले विणए उवहाणे बहुमाणे तहेव अणिण्हवणे, वंजण अत्थ तदुभये चेदि, तत्थ णाणायारो अट्ठविहो परिहाविदो से अक्खरहीणं वा सरहीणं वा वंजणहीणं वा पदहीणं वा अत्थहीणं वा गंथहीणं वा थएसु वा थुईसु वा अट्ठक्खाणेसु वा अणिओगेसु वा अणियोगद्दारेसु वा अकाले सज्झाओ कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो काले वा परिहाविदो अच्छाकारिदं वा मिच्छामेलिदं वा आमेलिदं वा वामेलिदं अण्णहादिण्णं अण्णहापडिच्छदं

हे भगवन्! चातुर्मासिक का, आलोचन करूँ चउ महिने में।
इन आठ पक्ष में इक सौ बीस, दिवस इक सौ बीस निश में।।
ज्ञानाचार दर्शनाचार व तप आचार तथा वीर्याचारा।
चारित्राचार पाँच हैं ये, आचार मोक्ष के आधारा।।
हे भगवन्! वार्षिक का आलोचन करूँ सुबारह महिने में।
चउबीस पक्ष में त्रय सौ छ्यासठ, दिवस व इतनी रात्री में।।
ज्ञानाचार दर्शनाचार व तप-आचार तथा वीर्याचारा।
चारित्राचार पाँच ये हैं, आचार मोक्ष के आधारा।।
इनमें है ज्ञानाचार प्रथम, जो आठ भेद शुद्धीयुत है।
वह काल विनय उपधान तथा, बहुमान अनिह्नव व्यंजन है।।
पुनि अर्थ उभय इन शुद्धी से, स्तव स्तुति अर्थाख्याना।
अनुयोग और अनुयोगद्वार में, किया यदी अक्षर हीना।।
या पद से कम या व्यंजन कम, या अर्थहीन या ग्रन्थ कमी।
यदि अकाल में स्वाध्याय किया, या करवाया या अनुमति दी।।
या काल में नहिं स्वाध्याय किया, या झटिति पढ़ा मिथ्या मिश्रण।
विपरीत अर्थकर पढ़ा अन्यथा, कहा अन्यथा किया ग्रहण।।

१. इसको चातुर्मासिक प्रतिक्रमण के समय पढ़ें। २. इसे सांवत्सरिक-प्रतिक्रमण के समय पढ़ें।

आवासएसु परिहीणदाए तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

दंसणायारो अट्ठविहो-णिस्संकिय णिक्कंखिय णिव्विदिगिंछा अमूढदिट्ठी य। उवगूहण ठिदिकरणं वच्छल पहावणा चेदि। अट्ठविहो परिहाविदो संकाए कंखाए विदिगिंछाए अण्णदिट्ठि-पसंसणदाए परपाखंड-पसंसणदाए अणायदण-सेवणदाए अवच्छल्लदाए अप्पहावणदाए तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

तवायारो बारसविहो, अब्भंतरो छव्विहो बाहिरो छव्विहो चेदि, तत्थ बाहिरो अणसणं आमोदरियं वित्तिपरिसंखा रसपरिच्चाओ सरीरपरिच्चाओ विवित्त-सयणासणं चेदि, तत्थ अब्भंतरो पायच्छित्तं विणओ वेज्जावच्चं सज्झाओ झाणं विउस्सग्गो चेदि। अब्भंतरं बाहिरं बारसविहं तवोकम्मं ण कदं णिसण्णेण पडिक्कंतं तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

वीरियायारो पंचविहो परिहाविदो वरवीरियपरिक्कमेण जहुत्तमाणेण बलेण

छह आवश्यक में हानी की, इस ज्ञानाचार में दोष किये।
पणविध स्वाध्याय की सिद्धि हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।१।।

दर्शनाचार आठविध है, निःशंकित निःकांक्षित गुण से।
अरु निर्विचिकित्सा अमूढ़दृक्, उपगूहन स्थितिकरण गुण से।।
वात्सल्य प्रभावन इन अठ में, जो शंका कांक्ष जुगुप्सा की।
मिथ्यादृष्टी की प्रशंसा की, अरु परपाखंड प्रशंसा की।।
अनायतन की सेवा की, वात्सल प्रभावना नहीं किया।
इन दोषों में जो हानी की, वह दुष्कृत मेरा हो मिथ्या।।२।।

छह अभ्यंतर छह बाहिर से, बारहविध तप आचार कहा।
उनमें से अनशन अमोदर्य, वृतपरिसंख्या रसत्याग कहा।।
तनुपरित्याग-तनुक्लेश[1] विविक्त, शयनासन तप बाह्य कहे।
प्रायश्चित विनय सुवैयावृत, स्वाध्याय ध्यान[2] व्युत्सर्ग कहे।।
इन बारह तप को नहीं किया, परिषह से पीड़ित छोड़ दिया।
तप किरिया में जो हानी की, वह दुष्कृत मेरा हो मिथ्या।।३।।

है वीर्याचार पांचविध में, वर वीर्य पराक्रम से जानो।
आगमवर्णित[3] तप परीमाण, बल[4] वीर्य[5]-सहज शक्ती मानो।।

१. कायक्लेश को पाँचवां माना है। २. यहाँ ध्यान को पाँचवां माना है। ३. यथोक्तमान-आगम में कही गई विधि से कवलचांद्रायण आदि तप करना। ४. काल, क्षेत्र और आहार का बल। ५. वीर्य-सहज अपनी सामर्थ्य।

वीरिएण परिक्कमेण णिगूहियं तवोकम्मं ण कयं णिसण्णेण पडिक्कंतं तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

इच्छामि भंते! चरित्तायारो तेरसविहो परिहाविदो पंच महव्वदाणि पंचसमिदीओ तिगुत्तीओ चेदि। तत्थ पढमे महव्वदे पाणादि-वादादो वेरमणं। से पुढविकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, आउकाइया जीवा असंखेज्जा-संखेज्जा, तेउकाइया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा, वाउकाइया जीवा असंखेज्जा-संखेज्जा, वणप्फदिकाइया जीवा अणंताणंता हरिया, बीया, अंकुरा, छिण्णा, भिण्णा, एदेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

बेइंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा कुक्खि-किम्मि-संख-खुल्लय-वराडय-अक्ख-रिट्ठ-गंडवाल-संबुक्क-सिप्पि-पुल विकाइया, तेसिं उद्दावणं परिदावणं

परक्रम[1]-परिपाटी से मैंने, पण वीर्याचार में हानी की।
निज शक्ति छिपायी तपश्चरण, करने में तप में हानी की।।
तप क्रिया न की परिषह आदिक से, पीड़ित हो यदि छोड़ दिया।
इस वीर्याचार में दोष किया, वह दुष्कृत मेरा हो मिथ्या।।४।।
हे भगवन्! इच्छा करता हूँ, चारित्राचार त्रयोदशविध।
वह पाँच महाव्रत पाँच समिति, अरु तीन गुप्तिमय जिनभाषित।।
इनमें हिंसा का त्याग महाव्रत, प्रथम कहा है जिनवर ने।।
भूकायिक जीव असंख्यातासंख्यात व जलकायिक इतने[2]।
अग्नीकायिक भि असंख्यातासंख्यात पवनकायिक इतने[3]।
जो वनस्पतिकायिक प्राणी, वे सभी अनंतानंत भणें।।
ये हरित बीज अंकुर स्वरूप, नानाविध छिन्न-भिन्न भी हों।
इन सबको प्राणों से मारा, संताप दिया पीड़ा दी हो।।
उपघात किया मन वच तन से, या अन्यों से करवाया हो।
या करते को अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।
दो इन्द्रिय जीव असंख्यातासंख्यात कुक्षिकृमि[4] शंख कहे।
क्षुद्रक कौड़ी व अक्ष अरिष्टय[5], गंडबाल लघु शंख कहे।।

१. परक्रम-आगम में प्रतिपादित क्रम से तप करना, जैसे पहले मूलगुणों का पालन कर उत्तर गुणों का पालना। २. जलकायिक जीव भी असंख्यातासंख्यात हैं। ३. वायु कायिक जीव भी असंख्यातासंख्यात हैं। ४. लट, घाव आदि के जीव। ५. बच्चों के शरीर में पैदा हो जाते हैं ऐसे क्षुद्र जंतु।

विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

तेइंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा कुंथु-देहिय-विंछियगोभिंद-गोजूव-मक्कुण-पिपीलियाइया, तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

चउरिंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा दंसमसय-मक्खि-पयंग-कीड-भमर-महुयर-गोमच्छियाइया तेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

पंचिंदिया जीवा असंखेज्जासंखेज्जा अंडाइया पोदाइया-जराइया-रसाइया-संसेदिमा-सम्मुच्छिमा-उब्भेदिमा-उववादिमा अवि चउरासीदि-जोणी-पमुह-सद-सहस्सेसु, एदेसिं उद्दावणं परिदावणं विराहणं उवघादो कदो वा कारिदो वा कीरंतो वा समणुमण्णिदो तस्स मिच्छा मे दुक्कडं।

जो सीप जोंक आदिक इनको, मारा या त्रास दिया भी हो।
पीड़ा दी या उपघात किया, या पर से भी करवाया हो।।
या करते को अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।
त्रय इन्द्रिय जीव असंख्यातासंख्यात कुंथु[1] देहिक बिच्छू।
जूं गोजों खटमल इन्द्रगोप, चिउंटी आदिक बहुविध जंतू।।
इनको मारा संताप दिया, पीड़ा दी घात किया भी हो।
करवाया या अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।
चउ इन्द्रिय जीव असंख्यातासंख्यात उन्हों में डांस मशक।
बहु कीट पतंगे भ्रमर मधू-मक्खी गोमक्खी आदि विविध।।
इनको मारा परिताप विराधन, या उपघात किया भी हो।
करवाया या अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।
पंचेन्द्रिय जीव असंख्यातासंख्यात इन्हों में अण्डज हैं।
पोतज व जरायुज रसज पसीनज, सम्मूर्छन उद्भेदिम हैं।।
उपपाद जन्मयुत भी चौरासी, लाख योनि वालों में जो।
इनको मारा संताप दिया, पीड़ा दी घात किया हो जो।।
करवाया या अनुमति दी हो, वह दुष्कृत मेरा मिथ्या हो।।५।।

१. सूक्ष्म जीव।

वद-समिदिंदिय-रोधो लोचो आवासय-मचेल-मण्हाणं।
खिदि-सयण-मदंतवणं ठिदिभोयण-मेयभत्तं च।।१।।

एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थ पमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होदु मज्झं।

क्षुल्लकालोचनासहिता क्षुल्लकाचार्यभक्तिः[१]

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं क्षुल्लकालोचनाचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(इत्युच्चार्य पूर्ववद्दंडकादिकं विधाय 'प्राज्ञः प्राप्तसमस्तशास्त्रहृदयः'' इत्यादिकं ''श्रुतजलधीत्यादि मोक्षमार्गोपदेशका'' इत्येवमन्तकां ससूरयः संयताः पठेयुः)

प्राज्ञः प्राप्त-समस्त-शास्त्र हृदयः, प्रव्यक्त-लोक-स्थितिः,
प्रास्ताशः प्रतिभापरः प्रशमवान्, प्रागेव दृष्टोत्तरः।
प्रायः प्रश्नसहः प्रभुः परमनो-हारी परा-निन्दया
ब्रूयाद्धर्मकथां गणी गुणनिधिः, प्रस्पष्ट-मिष्टाक्षरः।।१।।

व्रत समिति इन्द्रियनिरोध, छह आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंत-धावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।
जिनवर कथित मूलगुण मुनि के, प्रमाद से इनमें अतिचार।
उनसे दूर हुआ हूँ मेरा, छेदोस्थापन हो नाथ!।।१।।

लघु आलोचनासहित लघु आचार्य भक्ति

सर्वातिचार विशुद्ध्यर्थं [२]क्षुल्लकालोचनाचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं-

(णमो अरिहंताणं इत्यादि दंडक पढ़कर ९ जाप्य करके थोस्सामि स्तवन करके ''प्राज्ञः'' इत्यादि लघु आचार्य भक्ति पढ़ें।)

लघु आचार्य भक्ति

प्राज्ञ सकलशास्त्रवित् सब जग, स्थिति को स्फुट देखें।
आश रहित प्रतिभायुत प्रशमवान उत्तर तत्क्षण देते।।
प्रश्नसहिष्णु समरथ पर के, मनहर परनिंदा से दूर।
मित स्पष्ट वचन से धर्म-कथा कहते सूरी गुणपूर।।१।।

---

१. लघ्वी सूरिनुतिश्चेति पाक्षिकादौ प्रतिक्रमे। २. क्षुल्लकालोचनाचार्य भक्ति का अर्थ है लघु आलोचना सहित लघु आचार्य भक्ति।

श्रुतम - विकलं शुद्धा, वृत्तिः पर - प्रतिबोधने,
परिणति - रुरूद्योगो, मार्गप्रवर्तन - सद्विधौ।
बुधनुति - रनुत्सेको, लोकज्ञता मृदुताऽस्पृहा,
यति-पतिगुणा यस्मिन्नन्ये च सोऽस्तु गुरुः सताम् ।।२।।
श्रुतजलधि-पारगेभ्यः, स्वपर-मतविभावना-पटुमतिभ्यः।
सुचरित-तपोनिधिभ्यो, नमो गुरुभ्यो गुणगुरुभ्यः।।३।।
छत्तीस-गुण-समग्गे, पंचविहा-चार-करण-संदरिसे।
सिस्सा-णुग्गह-कुसले, धम्माइरिए सदा वंदे।।४।।
गुरुभत्ति-संजमेण य, तरंति संसार-सायरं घोरं।
छिण्णंति अट्ठकम्मं, जम्मण-मरणं ण पावेंति।।५।।
ये नित्यं व्रत-मंत्र-होमनिरता, ध्यानाग्नि-होत्राकुलाः,
षट्कर्माभि-रतास्तपोधन-धनाः, साधुक्रिया-साधवः।
शील प्रावरणा गुण-प्रहरणा-श्चन्द्रार्क-तेजोधिका,
मोक्ष-द्वार-कपाट-पाटन-भटाः, प्रीणन्तु मां साधवः।।६।।

अविकल श्रुतधर चरितशुद्धधर, परप्रतिबोधन में तत्पर।
मोक्षमार्ग के वर्तन में नित, अतिशय यत्न करें मुनिवर।।
ज्ञानी में नुति गतउत्सुकता, लोकसमयवित् निःस्पृह मृदु।
जिनमें ये गुण सत्पुरुषों के, वे ही गुरु मानें शिवप्रद।।२।।

श्रुतसमुद्र पारंगत स्वमत व परमत ज्ञाता कुशलमती।
सच्चरित्र तपनिधियुत गुणगुरु, हे गुरु! तुमको करूँ नती।।३।।

छत्तिस गुण से पूर्ण पाँच, आचार क्रिया के धारी हो।
शिष्य अनुग्रह निपुण धर्म-आचार्य सदा वंदूँ तुमको।।४।।

गुरुभक्ती संयम से तिरते, भव्य भयंकर भववारिधि।
अष्टकर्म छेदें वे फिर नहिं, पाते जन्म मरण व्याधी।।५।।

व्रत अरु मंत्र होम में तत्पर, ध्यान अग्नि में हवन करें।
तपोधनी षट्आवश्यकरत, साधू उत्तम क्रिया धरें।।
शीलवस्त्रधर गुणआयुधयुत, सूर्य-चंद्र से तेज अधिक।
मोक्षद्वार उद्घाटन योद्धा, साधू हों प्रसन्न मुझ प्रति।।६।।

गुरवः पान्तु नो नित्यं, ज्ञान-दर्शन-नायकाः।
चारित्रार्णव-गंभीरा, मोक्षमार्गो-पदेशकाः।।७।।

आलोचना —**इच्छामि भंते! आइरिय-भत्ति-काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचारित्तजुत्ताणं पंचविहाचाराणं आयरियाणं, आयारादि-सुदणाणो- वदेसियाणं उवज्झायाणं, तिरयण-गुणपालण-रयाणं सव्वसाहूणं णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।**

वद-समिदिंदियरोधो लोचो आवासय-मचेल-मण्हाणं।
खिदिसयण-मदंतवणं, ठिदि-भोयण-मेयभत्तं च।।१।।
एदे खलु मूलगुणा समणाणं जिणवरेहिं पण्णत्ता।
एत्थपमादकदादो अइचारादो णियत्तो हं।।२।।
छेदोवट्ठावणं होदु मज्झं।

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं सिद्ध-चारित्र-प्रतिक्रमण-निष्ठितकरण-वीर-

---

ज्ञानदर्श के नायक गुरुवर, नित मेरी रक्षा करिये।
चरित्रजलधि गम्भीर मोक्षपथ, उपदेशक पथ में धरिये।।७।।

अंचलिका-

हे भगवन्! आचार्य भक्ति का, कायोत्सर्ग किया रुचि से।
उसके आलोचन करने की, इच्छा करता हूँ मुद से।।१।।
सम्यग्ज्ञान दरश चारित युत, पंचाचार सहित आचार्य।
आचारांग आदि श्रुत ज्ञानी, उपाध्याय उपदेशक वर्य।।२।।
रत्नत्रय गुण पालन में रत, सर्वसाधु का मैं हर्षित।
अर्चन पूजन वंदन करता, नमस्कार करता हूँ नित।।३।।
दुःखों का क्षय कर्मों का क्षय, होवे बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुणसंपत् होवे।।४।।
व्रत समिति इंद्रियनिरोध, छह आवश्यक आचेलक लोच।
भूमिशयन अस्नान अदंत-धावन स्थितिभुक्ती भक्तैक।।
जिनवर कथित मूलगुण मुनि के, प्रमाद से इनमें अतिचार।
इनसे दूर हुआ हूँ मेरा, छेदोपस्थापन हो नाथ!।।१।।

सर्वातिचारविशुद्ध्यर्थं सिद्ध-चारित्र-प्रतिक्रमणनिष्ठितकरणवीर-शांतिचतुर्विंशति-तीर्थंकर-

शान्तिचतुर्विंशतितीर्थंकर-चारित्रालोचनाचार्य-वृहदालोचनाचार्यक्षुल्लकालोचनाचार्यभक्तीः कृत्वा तद्धीनाधिकत्वादिदोषविशुद्ध्यर्थं समाधिभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहं-

(इत्युच्चार्य पूर्ववद्दंडकादिकं कृत्वा "शास्त्राभ्यासो जिनपति" इत्यादीष्टप्रार्थनां सूरयः साधवः पठेयुः)।

समाधिभक्तिः

अथेष्ट-प्रार्थना

प्रथमं करणं चरणं द्रव्यं नमः।
शास्त्राभ्यासो जिनपति-नुतिः, संगतिः सर्वदार्यैः,
सद्वृत्तानां गुणगणकथा, दोषवादे च मौनम् ।
सर्वस्यापि प्रियहितवचो, भावना चात्मतत्त्वे,
सम्पद्यन्तां मम भवभवे, याव-देतेऽपवर्गः।।१।।
तव पादौ मम हृदये, मम हृदयं तव पदद्वये लीनं।
तिष्ठतु जिनेन्द्र! तावद्यावन्निर्वाण-सम्प्राप्तिः।।२।।
अक्खर-पयत्थ-हीणं, मत्ता-हीणं च जं मए भणियं।
तं खमहु णाणदेव! य, मज्झवि दुक्खक्खयं कुणउ (दिंतु)।।३।।

चारित्रालोचनाचार्य-बृहदालोचनाचार्य-क्षुल्लकालोचनाचार्य भक्तीः कृत्वा तद्धीनाधिकत्वादिदोष-विशुद्ध्यर्थं समाधिभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं-

(ऐसा उच्चारण करके "णमो अरिहंताणं" इत्यादि सामायिक दण्डक पढ़कर ९ जाप्य करके थोस्सामिस्तवन करके "शास्त्रों का" इत्यादि लघु समाधिभक्ति इत्यादि इष्टप्रार्थना को आचार्य और साधु मिलकर करें।)

समाधिभक्ति

प्रथमं करणं चरणं द्रव्यं नमः।
शास्त्रों का अभ्यास जिनेश्वर, नमन सदा सज्जन संगति।
सच्चरित्र के गुण गाऊँ, अरु दोष कथन में मौन सतत।।
सबसे प्रियहित वचन कहूँ, निज आत्मतत्त्व को नित भाऊँ।
यावत् मुक्ति मिले तावत्, भव-भव में इन सबको पाऊँ।।१।।
तव चरणांबुज मुझ मन में, मुझ मन तव लीन चरण युग में।
तावत् रहे जिनेश्वर यावत्, मोक्ष प्राप्ति नहिं हो जग में।।२।।
अक्षर पद से हीन अर्थ, मात्रा से हीन कहा जो मैं।
हे श्रुत मातः! क्षमा करो सब, मम दुःखों का क्षय होवे।।३।।

(बैठकर अंचलिका पढ़ें)

आलोचना —इच्छामि भंते! समाहिभत्ति-काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, रयणत्तय-सरूव-परमप्प-ज्झाण-लक्खण-समाहिभत्तीए णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

ततः(समाधिभक्तेरनन्तरं) सिद्धश्रुताचार्यभक्तिभिः (पूर्वोक्ताभिः) आचार्यं साधवो वन्देरन्।

श्रुतपंचमी क्रिया कब और कैसे करें?

ज्येष्ठ शुक्ला ५ को श्रुतपंचमी कहते हैं। इस दिन सभी साधु वृहत् सिद्धभक्ति औ वृहत् श्रुतभक्ति पढ़कर श्रुतस्कंध (श्रुतस्कंधयंत्र) की स्थापना करें। पुनः श्रीइंद्रनंदि आचार्य विरचित श्रुतावतार का उपदेश देवें। अनंतर वृहत् श्रुतभक्ति व वृहत् आचार्यभक्ति पढ़कर स्वाध्याय प्रारंभ करें। स्वाध्याय करके पुनः वृहत् श्रुतभक्ति पढ़कर स्वाध्याय समापन करके शांतिभक्ति पढ़ें। इसकी विधि निम्न प्रकार है-

श्रुतपंचमी क्रिया विधि

नमोऽस्तु श्रुतपंचमीपर्वणि श्रुतस्कंधप्रतिष्ठापनक्रियायां.....सिद्धभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहं।

(कृतिकर्म विधिपूर्वक कायोत्सर्ग करके पृ. ११३ से 'सिद्धानुद्धूत' इत्यादि सिद्धभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु श्रुतपंचमीपर्वणि श्रुतस्कंधप्रतिष्ठापनक्रियायां......श्रुतभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. ११६ से 'स्तोष्ये संज्ञानानि' इत्यादि श्रुतभक्ति पढ़ें।)

पुनः श्रुतस्कंध (यंत्र) की स्थापना करके श्रीइंद्रनंदि आचार्य विरचित श्रुतावतार पढ़कर षट्खंडागम सूत्रों की रचना का और श्रुतपंचमी पर्व का इतिहास सुनाकर स्वाध्याय करें-

---

अंचलिका (दोहा)

भगवन्! समाधिभक्ति अरु, कर के कायोत्सर्ग।
चाहूँ आलोचन करन, दोष विशोधन हेत।।१।।
रत्नत्रय स्वरूप परमात्मा, उसका ध्यान समाधी है।
नितप्रति उस समाधि को अर्चूं, पूजूँ वंदूँ नमूँ उसे।।२।।
दु:खों का क्षय कर्मों का क्षय, होवे बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुण संपत होवे।।३।।

(अनंतर सभी साधुवर्ग लघु सिद्ध, श्रुत, आचार्य भक्ति पढ़कर आचार्य की वंदना करें।)

(पाक्षिक प्रतिक्रमण पूर्ण हुआ)

---

१. अनगार धर्मामृत अ. ९, श्लोक ५७-५८।

नमोऽस्तु श्रुतपंचमीपर्वणि स्वाध्यायप्रतिष्ठापनक्रियायां...... श्रुतभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहं।

(णमो अरिहंताणं इत्यादि सामायिक दंडक, ९ जाप्य व थोस्सामि पढ़कर स्तोष्ये इत्यादि अथवा 'सिद्धवरसासणाणं' इत्यादि प्राकृत श्रुतभक्ति पढ़ें।

नमोऽस्तु श्रुतपंचमीपर्वणि स्वाध्यायप्रतिष्ठापनक्रियायां.....आचार्यभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहं।

(सामायिक दंडक, ९ जाप्य व थोस्सामि पढ़कर 'सिद्धगुणस्तुतिनिरतान्' इत्यादि आचार्यभक्ति अथवा 'देसकुलजाइसुद्धा' इत्यादि प्राकृत आचार्यभक्ति पढ़ें।)

आचार्य भक्ति

सिद्धगुण-स्तुति-निरता-नुद्धूतरुषाग्निजाल-बहुल-विशेषान्।
गुप्तिभि-रभिसंपूर्णान्, मुक्तियुतःसत्यवचन-लक्षितभावान् ।।१।।
मुनिमाहात्म्य-विशेषान् जिनशासन-सत्प्रदीप-भासुर-मूर्तीन्।
सिद्धिं प्रपित्सुमनसो, बद्धरजो-विपुल-मूल-घातन-कुशलान् ।।२।।
गुणमणि-विरचित-वपुषः, षड्द्रव्य-विनिश्चितस्य धातृन्सततम्।
रहित-प्रमाद-चर्यान्-दर्शनशुद्धान् गणस्य संतुष्टि-करान् ।।३।।
मोहच्छि-दुग्रतपसः, प्रशस्त-परिशुद्ध-हृदयशोभन-व्यवहारान् ।
प्रासुकनिलया-ननघा-नाशाविध्वंसि-चेतसो हतकुपथान् ।।४।।
धारितविलसन्-मुंडान् वर्जित-बहुदंड-पिंड-मंडल-निकरान् ।
सकल-परीषह-जयिनः क्रियाभि-रनिशं प्रमादतः परि-रहितान् ।।५।।

आचार्य भक्ति

सिद्ध गुणों की स्तुति में तत्पर, क्रोध अग्नि का नाश किया।
गुप्ती से परिपूर्ण मुक्तियुत, सत्य वचन से भरित हिया।।१।।
मुनि महिमा से जिनशासन के, दीपक भासुरमूर्ति स्वभाव।
सिद्धि चाहते कर्मरजों के, कारण घातन में पटुभाव।।२।।
गुणमणि विरचित तनु षट् द्रव्यों, की श्रद्धा के नित आधार।
दर्शनशुद्ध प्रमादीचर्या, रहित संघ सन्तुष्टीकार।।३।।
उग्र तपस्वी मोहरहित शुभ, शुद्ध हृदय शोभन व्यवहार।
प्रासुक जगह निवास पापहत, आश कुपथ विध्वंसि विचार।।४।।
दशमुंडनयुत दोषरहित, आहारी मुनिगण से अति दूर।
सकल परीषहजयी क्रिया में, तत्पर नित प्रमाद से दूर।।५।।

अचलान्-व्यपेतनिद्रान् स्थान-युतान्-कष्टदुष्ट-लेश्याहीनान् ।
विधिनानाश्रित-वासा-नलिप्तदेहान्विनिर्जितेंद्रियकरिणः।।६।।
अतुला-नुत्कुटिकासान् विविक्तचित्ता-नखंडित-स्वाध्यायान् ।
दक्षिणभावसमग्रान् व्यपगतमद-रागलोभ-शठ-मात्सर्यान् ।।७।।
भिन्नार्तरौद्रपक्षान् - संभावित - धर्मशुक्ल - निर्मलहृदयान्।
नित्यं पिनद्धकुगतीन् पुण्यान् गण्योदयान्विलीनगारव-चर्यान् ।।८।।
तरुमूलयोगयुक्ता - नवकाशा - तापयोग - राग - सनाथान्।
बहुजनहितकरचर्या-नभया-ननघान्महानुभाव विधानान् ।।९।।
ईदृशगुणसंपन्नान् युष्मान्भक्त्या विशालया स्थिरयोगान्।
विधिनानारत-मग्र्यान् मुकुलीकृत-हस्तकमल-शोभितशिरसा।।१०।।
अभिनौमि सकलकलुष-प्रभवोदय-जन्मजरा-मरणबंधन-मुक्तान्।
शिव-मचल-मनघ-मक्षय-मव्याहत-मुक्तिसौख्य-मस्त्विति सततम्।।११।।*

व्रत में अचलित कायोत्सर्गयुत, कष्ट दुष्ट लेश्या से हीन।
विधिवत् गृहत्यागी निर्मलतनु, इन्द्रियविजयी निद्राहीन।।६।।
उत्कुटिकासन धरें विवेकी, अतुल अखण्डित स्वाध्यायी।
राग लोभ शठ मद मात्सर्यों, रहित पूर्ण शुभ परिणामी।।७।।
धर्मशुक्ल से भावित शुचिमन, आर्तरौद्र द्वय पक्ष रहित।
कुगतिविनाशी पुण्यऋद्धि के, उदय सहित गारवविरहित।।८।।
आतापन तरुमूल योग, अभ्रावकाश में राग सहित।
बहुजन हितकर चरित अभय, निष्पाप महान् प्रभाव सहित।।९।।
इन सब गुण से युक्त तुम्हें, स्थिर योगी आचार्य प्रधान।
बहुत भक्तियुत विधिवत् मुकुलित, करपुट कमल धरूँ शिरधाम।।१०।।
नमूँ तुम्हें कर्मोदय संभव, जन्म जरा मृति बंध रहित।
होवे इति शिव अचल अनघ, अक्षय निर्बाध मुक्ति सुख नित।।११।।

***क्षेपक श्लोक**

नमो वृषभसेनादि-गौतमान्त्यगणेशिने।
मूलोत्तर गुणाढ्याय, सर्वस्मै मुनये नमः।।१।।
गुरुभक्त्या वयं सार्ध-द्वीपद्वितयवर्तिनः।
वंदामहे त्रिसंख्योन-नवकोटिमुनीश्वरान् ।।२।।

अंचलिका

इच्छामि भंते! आइरिय-भत्ति-काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं। सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचारित्त-जुत्ताणं पंचविहा-चाराणं आयरियाणं, आयारादि-सुदणाणो-वदेसयाणं उवज्झायाणं, तिरयण-गुण-पालण-रयाणं सव्वसाहूणं णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

श्रुतपंचमी के दिन धवला, जयधवला आदि किन्हीं नये ग्रंथ का स्वाध्याय प्रारंभ करें। पुनः स्वाध्याय समापन की क्रिया करें।

नमोऽस्तु श्रुतपंचमीपर्वणि स्वाध्यायनिष्ठापन क्रियायां...... श्रुतभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहं।

(सामायिक दंडक, ९जाप्य, थोस्सामि करके पृ. ११६ से 'स्तोष्ये संज्ञानानि' अथवा 'जिनका वर शासन' इत्यादि हिन्दी पद्य की श्रुतभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु श्रुतपंचमीपर्वक्रियायां.....शांतिभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् दंडक, जाप्य, थोस्सामि करके पृ. १३६ से 'न स्नेहाच्छरणं' इत्यादि शांतिभक्ति पढ़ें।'

अंचलिका

हे भगवन् ! आचार्य भक्ति का, कायोत्सर्ग किया रुचि से।
उसके आलोचन करने की, इच्छा करता हूँ मुद से।।१।।
सम्यग्ज्ञान दरश चारितयुत, पंचाचार सहित आचार्य।
आचारांग आदि श्रुतज्ञानी, उपाध्याय उपदेशकवर्य।।२।।
रत्नत्रय गुण पालन में रत, सर्व साधु का मैं हर्षित।
अर्चन पूजन वंदन करता, नमस्कार करता हूँ नित।।३।।
दुःखों का क्षय कर्मों का क्षय, होवे बोधि लाभ होवे।
सुगतिगमन हो समाधिमरणं, मम जिनगुणसंपद् होवे।।४।।

अज्ञानतिमिरान्धानां, ज्ञानाञ्जनशलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन, तस्मै श्रीगुरुवे नमः।।३।।

विशुद्धवंश, परमाभिरूपो। जितेन्द्रियो धर्मकथा-प्रसक्तः।
सुखर्द्धिलाभे-ष्वविसक्तचित्तो। बुधैः सदाचार्य इति प्रशस्तः।।४।।

विजित-मदनकेतुं निर्मलं निर्विकारं, रहित-सकलसंगं संयमा-सक्तचित्तम्।
सुनयनिपुण-भावं ज्ञात-तत्त्वप्रपंचम् , जननमरणभीतं सद्गुरुं नौमि नित्यम् ।।५।

नमोऽस्तु श्रुतपंचमीपर्वक्रियायां.....सिद्धश्रुताचार्यशांतिभक्ती: कृत्वा तद्धीनाधिकदोषविशुद्ध्यर्थं समाधिभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् जाप्य आदि करके पृ. १४१ से 'स्वात्माभिमुखसंवित्ति' वृहत् या 'प्रथमं करणं' इत्यादि लघु समाधिभक्ति पढ़ें।)

*****

श्रावकों की श्रुतपंचमी क्रिया

श्रावक स्वाध्याय ग्रहण नहीं करें तो सिद्ध, श्रुत और शांति भक्ति पढ़ें। उसकी विधि निम्न प्रकार है-

नमोऽस्तु श्रुतपंचमीपर्वक्रियायां.......सिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(सामायिक दंडक, जाप्य, थोस्सामि करके पृ. ११३ से सिद्धभक्ति पढ़ें, ऐसे ही श्रुतभक्ति व शांतिभक्ति करके समाधिभक्ति पढ़ें।)

सिद्धान्तवाचना क्रिया

सिद्धांतग्रंथ धवला, जयधवला आदि ग्रंथों की वाचना के प्रारंभ में श्रुतपंचमी के समान ही विधि की जाती है[१]। जैसे कि-

नमोऽस्तु सिद्धांतवाचनाप्रतिष्ठापनक्रियायां.....सिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

अथवा

नमोऽस्तु सिद्धांतवाचनायां श्रुतस्कंधप्रतिष्ठापनक्रियायां......सिद्धभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् दंडकादिपूर्वक ९ जाप्य करके पृ. ११३ से 'सिद्धानुद्धूत' आदि सिद्धभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु सिद्धांतवाचनायां श्रुतस्कंधप्रतिष्ठापनाक्रियायां....श्रुतभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् कायोत्सर्ग करके पृ. ११६ से 'स्तोष्ये संज्ञा' इत्यादि श्रुतभक्ति पढ़ें। अनंतर श्रुतस्कंध यंत्र की या सिद्धांत ग्रंथ की स्थापना करें।) पुन:-

नमोऽस्तु सिद्धांतवाचनाप्रारंभक्रियायां......श्रुतभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् कायोत्सर्ग करके संस्कृत या प्राकृत वृहत् श्रुतभक्ति पढ़ें।)

सम्यग्दर्शनमूलं, ज्ञानस्कंधं चरित्र-शाखाढ्यम् ।
मुनिगण-विहगाकीर्णं, आचार्य-महाद्रुमं वंदे।।६।।

---

१. अनगार धर्मामृत अ. ९, श्लोक ५९।

नमोऽस्तु सिद्धांतवाचनाप्रारंभक्रियायां....आचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् कायोत्सर्ग विधि करके पृ. २६० से संस्कृत या प्राकृत आचार्य भक्ति पढ़ें अनंतर सिद्धान्त ग्रंथ की वाचना करके समापन विधि करें।)

नमोऽस्तु सिद्धांतवाचनानिष्ठापनक्रियायां.....श्रुतभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् कायोत्सर्ग करके पृ. ११६ से वृहत् श्रुतभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु सिद्धांतवाचनानिष्ठापनक्रियायां....शांतिभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् कायोत्सर्ग करके पृ. १३६ से शांतिभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु सिद्धांतवाचनानिष्ठापनक्रियायां........सिद्धश्रुताचार्यशांतिभक्ती: कृत्वा हीनाधिकदोषविशुद्ध्यर्थं समाधिभक्ति कायोत्सर्गं करोम्यहं।

(पूर्ववत् कायोत्सर्ग करके पृ. १४१ से समाधिभक्ति पढ़ें।)

आचारवाचना क्रिया

मूलाचार, आचारसार आदि आचार ग्रंथ कहलाते हैं। इनकी वाचना में भी उपर्युक्त सारी क्रियायें करनी चाहिए।

प्रयोग विधि निम्न प्रकार है।

नमोऽस्तु आचारवाचनाप्रतिष्ठापनक्रियायां......सिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

शेष सारी विधि पूर्ववत् ही है मात्र प्रतिज्ञा वाक्य में 'सिद्धान्त वाचना' के स्थान में 'आचारवाचना' शब्द का प्रयोग करना चाहिए।

विशेष-इस सिद्धान्तवाचना में एक-एक अर्थाधिकार के प्रारंभ व समापन में सिद्ध, श्रुत और आचार्य भक्ति करनी चाहिए[१] इत्यादि। इसका विशेष विवरण अनगार धर्मामृत में देखना चाहिए।

संन्यास प्रारंभ की क्रिया कब और कैसे करें?

जब कोई साधु संघ में सल्लेखना ग्रहण करते हैं तब आचार्य उन्हें यह संन्यास ग्रहण विधि कराते हैं अर्थात् भक्ति पाठ पूर्वक सल्लेखना का नियम देते हैं इसे ही संस्तर ग्रहण कहते हैं जो साधु सल्लेखना ग्रहण कर रहे हैं उन्हें आगे बताई विधि अनुसार भक्ति पढ़ना चाहिए। संघ के सभी साधु भी यह क्रिया करते हैं ऐसा समझ में आता है। विशेष जिज्ञासु को अनगार धर्मामृत और मूलाचार प्रदीप देखना चाहिए।

---

१. मेरी समझ में यह सिद्धान्तवाचना या आचारवाचना के प्रारंभ के दिवस की क्रिया है। महीनों वाचना चलने पर प्रतिदिन तो प्रतिदिन की स्वाध्याय विधि पर्याप्त है। वाचना समापन के दिन भी यह पूरी विधि कर सकते हैं।

संन्यास ग्रहण क्रिया

नमोऽस्तु संन्यासप्रतिष्ठापनक्रियायां.......सिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. ११३ से सिद्धभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु संन्यासप्रतिष्ठापनक्रियायां.....श्रुतभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. ११६ से श्रुतभक्ति पढ़ें।)

इसके बाद आचार्य देव उन मुनि को सल्लेखना दे देते हैं। पुन: संन्यास ग्रहण के दूसरे दिन से सभी साधु उन क्षपक के पास में स्वाध्याय सुनाते हैं। उसमें वृहद् श्रुतभक्ति और वृहत् आचार्य भक्ति पढ़कर स्वाध्याय प्रारंभ करते हैं पुन: वृहत् श्रुतभक्ति से ही समापन करते हैं।

क्षपक के पास स्वाध्याय ग्रहण क्रिया

नमोऽस्तु स्वाध्याय प्रतिष्ठापनक्रियायां..श्रुतभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. ११६ से श्रुतभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु स्वाध्याय प्रतिष्ठापनक्रियायां...आचार्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. २६० से आचार्य भक्ति पढ़ें।) भगवती आराधना, परमात्मप्रकाश आदि ग्रंथों का स्वाध्याय सुनावें।)

नमोऽस्तु स्वाध्यायनिष्ठापनक्रियायां..... श्रुतभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. ११६ से श्रुतभक्ति पढ़ें।)

जब उन सल्लेखनारत साधु की समाधि हो जाती है तब सभी साधु मिलकर संन्यास समापन की क्रिया करते हैं। उसे दिखाते हैं-

नमोऽस्तु संन्यासनिष्ठापनक्रियायां......सिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. ११३ से सिद्धभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु संन्यासनिष्ठापनक्रियायां.....श्रुतभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. ११६ से श्रुतभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु संन्यासनिष्ठापनक्रियायां.....शांतिभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. १३६ से शांतिभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु संन्यासनिष्ठापनक्रियायां......सिद्धश्रुतशांतिभक्ती: कृत्वातद्धीनाधिकदोषविशुद्ध्यर्थं समाधिभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(विधिवत् कायोत्सर्ग करके पृ. १४१ से समाधि भक्ति पढ़ें।)

इससे अतिरिक्त स्वाध्याय ग्रहण नहीं करने वाले श्रावकों को संन्यास के प्रथम दिन और अंतिम दिन सिद्ध, श्रुत और शान्ति भक्ति पढ़ना चाहिए।

आष्टान्हिक क्रिया कब और कैसे करें?

साधुगण आषाढ़, कार्तिक और फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से पूर्णिमा तक ऐसे आष्टाह्निक पर्व में नंदीश्वर पर्व की क्रिया करते हैं। यह क्रिया पौर्वाण्हिक स्वाध्याय के बाद की जाती है क्योंकि ''पौर्वाण्हिकस्वाध्यायग्रहणानंतरम्''[1] ऐसा पाठ है। इस पर्व में साधु सिद्ध, नंदीश्वर, पंचगुरु और शांति इन चार भक्तियों को पढ़कर क्रिया करते हैं। विधि निम्न प्रकार है-

आष्टाह्निक या नंदीश्वर क्रिया

नमोऽस्तु नंदीश्वरपर्वक्रियायां.....सिद्धभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहं।

(सामायिक दंडक, ९ जाप्य व थोस्सामि पढ़कर पृ. ११३ से सिद्धभक्ति पढ़ें।)

नमोऽस्तु नंदीश्वरपर्वक्रियायां........नंदीश्वरभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहं।

(णमो अरहंताणं आदि सामायिक दंडक पढ़कर ९जाप्य करके थोस्सामि पढ़कर 'त्रिदशपति' इत्यादि संस्कृतभक्ति या 'त्रिदशपती के मुकुटतटों की' इत्यादि हिन्दी पद्यानुवाद की नंदीश्वर भक्ति पढ़ें।)

जिनमंदिर में बैठकर इस भक्ति को पढ़ते-पढ़ते जिनप्रतिमाओं की तीन प्रदक्षिणा करने का विधान है। यथा-

दीयते चैत्यनिर्वाण-योगिनंदीश्वरेषु हि।
वंद्यमानेष्वधीयानस्तत्तद्भक्तिं प्रदक्षिणा।।[2]

चैत्यभक्ति, निर्वाणभक्ति, नंदीश्वरभक्ति और योगिभक्ति करते समय उन-उन की प्रदक्षिणा देनी चाहिए।

नंदीश्वर भक्ति:

त्रिदशपति-मुकुट-तटगत-
मणिगण-करनिकर-सलिल-धारा-धौत-
क्रमकमल-युगलजिनपति-रुचिर-
प्रतिबिंब-विलय-विरहित-निलयान् ।।१।।
निलया-नह-मिह महसां सहसा, प्रणिपतन-पूर्व-मवनौम्य-वनौ।
त्रय्यां त्रय्या शुद्ध्या निसर्ग-शुद्धान्-विशुद्धये घनरजसां।।२।।

नंदीश्वर भक्ति

त्रिदशपती के मुकुटतटों की, मणिगणप्रभ जलधारा से।
धौत पादपंकज जिनप्रतिमा, के अकृत्रिम जिनगृह हैं।।१।।
उन नैसर्गिक शुद्ध जिनालय, को सहसा साष्टांग यहीं।
त्रयशुद्धी से नमूँ निविडरज-कर्मविशुद्धी हेतु सही।।२।।

---

१. अनगार धर्मा. अ. ९ श्लोक ६३ की टीका। २. अनगार धर्मा. अ. ८।

भावन-सुर-भवनेषु, द्वासप्तति-शत-सहस्र-संख्या- भ्यधिकाः।
कोट्यः सप्त प्रोक्ता, भवनानां भूरितेजसां भुवनानाम्।।३।।
त्रिभुवन-भूतविभूनां, संख्यातीता-न्यसंख्य-गुणयुक्तानि।
त्रिभुवन-जननयन-मनः-प्रियाणि भवनानि भौमविबुध-नुतानि।।४।।
यावन्ति सन्ति कान्त-ज्योतिर्लोकाधि-देवताभि-नुतानि।
कल्पेऽनेक-विकल्पे, कल्पातीतेऽहमिन्द्रकल्पानल्पे।।५।।
विंशति-रथ त्रिसहिता, सहस्र-गुणिता च सप्तनवतिः प्रोक्ता।
चतु-रधिका-शीति-रतः, पंचक-शून्येन विनिहता-न्यनघानि।।६।।
अष्टापंचाश-दतश्चतुः शतानीह मानुषे क्षेत्रे।
लोकालोकविभाग-प्रलोकनालोक-संयुजां जयभाजाम्।।७।।
